कारगिल विजय दिवस

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

अमर जवान

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | श्रावण कृष्ण पक्ष 05, संवत 2081 | रांची, शुक्रवार, 26 जुलाई 2024, वर्ष-25, अंक- 174, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



झारखण्ड सरकार GOVERNMENT OF JHARKHAND

जे.बी.वी.एन.एल से व्हाट्सएप नंबर पर जुड़ें 9431135503

वादा से ज्यादा आपके लिए करेंगे, 125 नहीं अब

200

यूनिट बिजली मुफ्त देंगे

## बिजली की बचत करें, झारखण्ड को उन्नत करें

### मुख्य बिन्दु


- आर्थिक रूप से कमजोर घरेलू उपभोक्ताओं को इस योजना का लाभ मिलेगा।
- 200 यूनिट प्रति माह मुफ्त बिजली योजना के तहत सभी तरह के शुल्क यथा Enargy Charge, Fixed Charge, Electric Duty, FPPPA Charge आदि की छूट 200 यूनिट तक मासिक खपत करने वाले घरेलू उपभोक्ताओं को प्रदान की जाएगी।
- यह योजना जुलाई 2024 के बिलिंग माह से लागू किया जाएगा।
- इस योजना के तहत कुल 45.77 लाख उपभोक्ताओं में से लगभग 41.44 लाख घरेलू उपभोक्ता आच्छादित होंगे।
- 200 यूनिट प्रति माह मुफ्त बिजली योजना हेतु झारखण्ड सरकार प्रतिमाह लगभग ₹350 करोड़ सब्सिडी के रूप में झारखण्ड बिजली वितरण निगम लिमिटेड को उपलब्ध करायेगी।



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

PR No. 330764 (IPRD) 2024-25




## एक नजर

### सर्प दंश से बाड़ी निचकेल पंचायत की मुखिया की मौत

**खूंटी।** अड़की प्रखंड की बाड़ी निचकेल पंचायत की मुखिया मरियम पूर्ति की मौत सर्प दंश सें हो गई। जानकारी के अनुसार मरियम पूर्ति और उसके पति बुधवार को सुबह पांच बजे मच्छरदानी लगाकर सो रहे थे। अचानक मुखिया के पति के पैर में किसी चीज के रेंगने का अहसास हुआ, तब उसने अपने पैरों को झिटक दिया, तो एक जहरीला सांप मच्छरदानी के पास नजर आया।

### रांची जिला योग चैंपियनशिप कल से

**रांची।** दो दिवसीय रांची जिला योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप रांची जिला योग संघ के तत्वावधान में आगामी 27 एवं 28 जुलाई को गुरु गोविंद सिंह स्कूल कमड़े रांची में आयोजित की जा रही है। रांची जिला योग संघ की सचिव रजनी बक्शी ने बताया कि प्रतियोगिता को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। प्रतियोगिता में रांची जिला के लगभग 300 से ऊपर प्रतिभागी 11 आयु वर्गों में बालक बालिका भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता का शुभारंभ 27 को पूर्वाहन 11:00 बजे से तथा 28 को पूर्वाहन 9:00 बजे से शुरू होगी।

### डीएसपीएमयू में डिजिटल इनिशिएटिव पर वर्कशॉप का आयोजन

# ग्रामीण छात्रों को डिजिटल तकनीक से अवगत कराया जाए : चंपाई सोरेन

- *बाबा भोलेनाथ के जलाभिषेक के लिए सोमवार से उमड़ेगा भक्तों का सैलाब*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू), रांची के सभागार में गुरुवार को उच्च और तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखंड ने डिजिटल इनिशिएटिव पर एक कार्यशाला का आयोजन किया। यह कार्यक्रम दो सत्रों में विभाजित था - प्रथम उद्घाटन सत्र और दूसरा तकनीकी सत्र।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि चंपाई सोरेन, मंत्री, उच्च और तकनीकी शिक्षा विभाग, राहुल कुमार पुरवार, प्रधान सचिव डी, उच्च और तकनीकी शिक्षा, डीएसपीएमयू के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य और अन्य अतिथियों ने द्वीप प्रज्वलित कर की। इसके उपरांत मुख्य अतिथि चंपाई सोरेन ने अपने संबोधन में राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं उच्च तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा चलाए जा रहे कार्यों की विस्तार से चर्चा की।

चंपाई सोरेन ने कहा कि सरकार की ऐसी सोच और परिकल्पना होनी चाहिए कि ग्रामीण परिवेश के विद्यार्थियों को डिजिटल तकनीक से अवगत कराया जाए, ताकि वे उच्च शिक्षा प्राप्त कर रोजगार की दिशा में प्रयत्नशील रहें। उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के विषय में बताया।

डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विवि के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह हमारे विवि के लिए गौरवान्वित करने वाला पल है। उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखंड सरकार द्वारा आयोजित इस कार्यशाला में शिक्षा को डिजिटल करने के महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा करने के लिए हम सभी डीएसपीएमयू के परिसर में विमर्श के लिए एकत्रित हुए हैं। उन्होंने कि उच्च और तकनीकी शिक्षा विभाग के मंत्री और विभागीय सचिव के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में महत्वर्ण कदम उठाए जा रहे हैं।

इसके उपरांत संजय कुमार राकेश, एमडी, सीएससी, एसपीवी द्वारा डिजिटल रेगुलेशन इन एजुकेशन की विस्तृत व्याख्या की गई। बताया गया कि सीबीसी द्वारा आम नागरिकों की सुविधा के लिए 5.8 लाख सेंटर चलाए जा रहे हैं।



### जल्द ही जेट परीक्षा का आयोजन किया जाएगा : राहुल पुरवार

स्वागत संबोधन में डिजिटल इनिशिएटिव की समग्रता के विषय में राहुल कुमार पुरवार ने बताया कि झारखंड सरकार द्वारा शिक्षा को प्रोत्साहन देने के लिए कई योजनाएं क्रियान्वित की गई हैं। उन्होंने उच्च शिक्षा के लिए स्कॉलरशिप, बालिकाओं के लिए मानकी मुंडा स्कॉलरशिप, रिसर्च को प्रोत्साहन देने के लिए पीएचडी कार्यक्रम में प्रवेश करने वालों को स्कॉलरशिप इत्यादि देने के प्रावधान पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालयों में शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिए जल्द ही जेट परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों के साथ जुड़ कर अप्रेंटिसशिप और इंटर्नशिप जैसे महत्वपूर्ण गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाएगा, ताकि विद्यार्थियों का उच्च शिक्षा की ओर रुझान बढ़े।

## अवैध बालू लदे तीन ट्रैक्टर जब्त

**सिल्ली।** सिल्ली थाना एवं डीएमओ के द्वारा संयुक्त रूप से अवैध बालू खनन को लेकर सिल्ली क्षेत्र के झाबरी घाट में छापामारी अभियान चलाया गया। सिल्ली थाना प्रभारी मोहित कुमार ने कहा की गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी कर अवैध बालू लदा तीन ट्रेक्टर को पकड़ कर थाना लाया गया है जहां करवाई करने के लिए खनन विभाग को आवेदन दिया गया है। अभी लगातार अवैध बालू को लेकर अभियान विशेष रूप से चलता रहेगा।

## सिल्ली में युवक ने की आत्महत्या

**सिल्ली।** सिल्ली थाना अंतर्गत हाकेदाग पंचायत के हरीडीह निवासी रवि महतो, उम्र 25 वर्ष ने अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। ग्रामीणों के द्वारा इसकी सूचना सिल्ली थाना को दिया गया। इसकी सूचना मिलते ही सिल्ली थाना घटनास्थल पर पहुंचकर शव को पंचनामा कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रांची रिम्स भेज दिया। सिल्ली थाना प्रभारी मोहित कुमार ने बताया कि रवि महतो का दिमागी संतुलन ठीक नहीं था। वह अपने घर में कुछ ना कुछ अजीबो हरकत करते रहता था।

## न्यूज | बॉक्स

### इटकी के दिगवंत पत्रकार की याद में किया गया पौधरोपण



**इटकी।** थाना परिसर में गुरुवार को शांति समिति द्वारा दिगवंत पत्रकार सुबोध कुमार सिन्हा की याद में एक पौधा लगाकर श्रद्धांजलि दी गई। ज्ञात हो कि पिछले साल सुबोध कुमार सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे और इलाज के दौरान अस्पताल में उनकी मौत हो गई थी। कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य रीणा देवी, प्रमुख किरण उरांव, उप प्रमुख परवेज आलम, थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, जोहार पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष विजय कुशवाहा, मुखिया रमेश महली, लाल रामेश्वर नाथ शाहदेव, हाजी मुश्ताक अहमद के अलावा सर्वधर्म सद्भावना समिति सदस्य और उनके परिजन सहित क्षेत्र के दर्जनों लोग मौजूद थे।

### शमशान शेड और पीसीसी पथ का हुआ शिलान्यास



**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत हाकेदाग पंचायत के हाकेदाग के केंदुआटोली में शमशान शेड और ग्राम हरीडीह से बोकलादो तक पी.सी.सी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास रांची जिला परिषद उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, सिल्ली प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक ने संयुक्त रूप से किया। शिलान्यास के दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि ग्रामीणों की शमशान शेड और पीसीसी की मांग काफी दिनों से थी जिसको विकास के कड़ी के रूप में आज पूरा किया गया। सिल्ली विधानसभा को विकास के पथ पर लाने के लिए हम लोग सजग हैं। मौके पर केंद्रीय सचिव सुशील महतो, हाकेदाग मुखिया हरिपद मांझी, महिला प्रखंड अध्यक्ष सोमरी देवी पिस्का पंचायत समिति सदस्य अनिल मांझी, पार्टी के वरिष्ठ नेता देवनारायण महतो, विष्णुचरण महतो, वार्ड सदस्य आशा देवी, देवंती कुमारी, देवचरण गोराई आदि उपस्थित थे।

## 111 वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का आयोजन



**श्री श्याम भंडारा कल**
शनिवार को हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में 122 वा श्री श्याम भंडारा सायं 5:00 बजे से होगा।

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** 111 वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ... कंचन बरन विराज सुबेसा कानन कुंडल कुंचित केसा हाथ बज और ध्वजा विराजे कांधे मूंज जनेऊ साजे के सुरताल से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। अवसर था 111 वा श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा के संगीतमय पाठ का। श्री श्याम मित्र मंडल के द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में प्रत्येक मंगलवार को होने वाला 111 वा कार्यक्रम आज भक्तिमय माहौल में संपन्न हुआ। मुकेश बरनवाल राधा देवी बरनवाल ने परिवार के संग हनुमान जी महाराज की दिव्य अखंड पावन ज्योति प्रज्वलित करके केसरिया पेड़ा गुड़ चना फल का प्रसाद अर्पित कर परिवार की खुशहाली की प्रार्थना की । मंडल के उपमंत्री अनिल नारनौली ने पूजन अनुष्ठान विधिवत संपन्न करवाया। श्रवण ढानढनिया ने चना प्रसाद की सेवा केसरिया पेड़ा सेवा श्रीमती पुष्पा देवी पोद्दार फल प्रसाद सेवा राजेश जयसवाल एवम गिरिगोला सेवा मुकेश मित्तल ने निवेदित की। मुकेश कुमार बरनवाल ने रामचरितमानस ग्रंथ व पाठ वाचको का चंदन वंदन किया। श्री गणेश वंदना करके हनुमान चालीसा का पाठ किया गया । पाठ वाचक मनीष सारस्वत ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक डफली झांझ करताल के सुरताल के साथ श्री सुंदरकांड का पाठ प्रारंभ किया। मंदिर परिसर में उपस्थित सैकड़ो भक्तों ने भक्ति भाव से सामूहिक रूप से पाठ किया।

## मालवाहक वाहनों के परिचालन के निगम से समस्या बढ़ी : चैंबर

- *निगम के नये निर्देश से शहर में आवश्यक वस्तुओं की सप्लाई चेन बाधित होगी*



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची नगर निगम के हालिया निर्देश से शहर में आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति कार्य में संलग्न लघु मालवाहक वाहनों के परिचालन पर रोक लगाई है। इससे होनेवाली कठिनाई को देखते हुए जेसीपीडीए, आरजीटीए, कैटल फीड एसोसियेशन, झारखंड मिनी ट्रक एसोसिएशन, ऑटो संघ, पंडरा और अपर बाजार के सैकडों व्यापारियों ने चैंबर पदाधिकारियों के साथ बैठक कर, निगम के इस निर्णय पर रोष जताते हुए इस निर्णय को तत्काल रोक लगाने के लिए हस्तक्षेप की मांग की। कहा गया कि निगम के निर्णयानुसार रात्रि 8.30 बजे के बाद लघु मालवाहक वाहनों को परिचालन की अनुमति दी गई है जबकि वास्तविकता है कि शहर की प्रायः दुकानें उस अवधि में बंद होने लगती हैं। जब दुकान ही नहीं खुली रहेंगी, तब माल की डिलीवरी कहां होगी? शहर की दुकानों में जब माल की आपूर्ति नहीं होगी, तब आवश्यक वस्तुओं की सप्लाई चेन पूर्णरूपेण बाधित होगी, जिससे पूरा शहर प्रभावित हो जायेगा।

जेसीपीडीए के अध्यक्ष और चैंबर के कार्यकारिणी सदस्य संजय अखौरी ने कहा कि पूर्व की व्यवस्था सुबह 9 से 11 और शाम में 5 से 7 बजे तक में ही डिलीवरी वैन को माल की आपूर्ति करने में परेशानी हो रही थी, किंतु निगम ने इस अवधि को और बढाने का तुगलकी फरमान जारी किया है, जो स्वीकार योग्य नहीं है। मात्र 4 घंटे में कैसे पूरे शहर में माल की आपूर्ति हो सकती है? यदि जल्द ही इस फैसले को स्थगित नहीं किया गया तब शहर में आवश्यक वस्तुओं की सप्लाई चेन की व्यवस्था चरमरा जायेगी जिसकी पूरी जिम्मेवारी नगर आयुक्त और जिला प्रशासन की होगी।

### शिक्षकों और प्रधानाध्यापकों के लिए उन्मुखीकरण कार्यशाला शुरू

# बच्चों का हो समग्र विकास : उमाशंकर

- *स्कूलों के शैक्षणिक स्तर को सुधारने पर बल*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्य में संचालित 80 मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों एवं 325 प्रखंडस्तरीय आदर्श विद्यालयों के शिक्षकों और प्रधानाध्यापकों (एचएम) के लिए गुरुवार से जैक, नामकुम में पांच दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला की शुरूआत हुई। इस कार्यशाला का उद्घाटन करने के बाद राज्य सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव उमाशंकर सिंह ने कहा कि बच्चों के लर्निंग आउटकम को बढ़ाना शिक्षा विभाग का उद्देश्य है। एनईपी होलिस्टिक डेवलपमेंट की बात करता है। प्रोफेशनल एजुकेशन और स्किल एजुकेशन के हर पहलू पर काम करना जरूरी है। स्कूलों के शैक्षणिक वातावरण को सुधारने के लिए शिक्षकों के साथ पदाधिकारी भी जिम्मेदार है। अगर रिजल्ट संतोषजनक नहीं होता है, तो शिक्षकों एवं पदाधिकारियों दोनों के ऊपर कठोर से कठोर कार्रवाई होगी।

उमाशंकर सिंह ने कहा कि आदर्श विद्यालयों में शत-प्रतिशत रिजल्ट होना चाहिए। इसकी परिकल्पना शत-प्रतिशत रिजल्ट को ध्यान में रखकर ही की गई है। कई विद्यालयों ने इस वर्ष शत-प्रतिशत रिजल्ट का लक्ष्य हासिल भी किया है। ऐसे विद्यालयों के शिक्षकों को पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों और शिक्षकों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि शिक्षा के नाम पर खानापूर्ति किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

शिक्षा सचिव ने कहा कि शिक्षकों पर कार्रवाई करने से पहले उन्हें प्रशिक्षण दें, अवसर दें। उसके बाद भी स्थिति नहीं सुधरी, तो विभाग कार्रवाई करेगा ही। उन्होंने सभी एचएम को संबोधित करते हुए कहा कि स्कूलों में शिक्षकों की कमी का बहाना नहीं चलेगा।



### हर माह रेल का डाटा अपलोड होगा

उमाशंकर सिंह ने निर्देश दिया है कि हर माह ई-विद्यावाहिनी में रेल का डाटा अपलोड किया जाए। इससे बच्चों के शैक्षणिक अधिगम में उत्तरोत्तर वृद्धि का आकलन किया जाएगा। बच्चों के प्रदर्शन पर लगातार नजर रखी जा रही है। स्कूलों में रेल रजिस्टर जरूर बनाएं। रेल से बच्चों में परीक्षा का डर तो समाप्त होता ही है, साथ ही उनके लेखन शैली का भी विकास होता है। बच्चों के प्रदर्शन के बारे में अभिभावकों को भी बताये। रेल परीक्षा के बाद शिक्षकों की भूमिका भी महत्वपूर्ण है।

### शिक्षकों व एचएम का हुआ ऑनलाइन असेसमेंट टेस्ट

कार्यशाला के पहले दिन राज्य भर से आए शिक्षकों और प्रधानाचार्यों के लिए ऑनलाइन असेसमेंट टेस्ट का आयोजन किया गया। कुल 25 अंकों के ऑनलाइन असेसमेंट टेस्ट में विभिन्न विषयों से संबंधित शिक्षक शामिल हुए। एक घंटे तक चले इस ऑनलाइन असेसमेंट टेस्ट में सभी प्रश्न वस्तुनिष्ठ थे और प्रत्येक सही उत्तर पर एक नंबर दिया गया था। टेस्ट में प्रत्येक गलत उत्तर पर नेगेटिव मार्किंग भी की गई।

झारखण्ड सरकार GOVERNMENT OF JHARKHAND
झारखण्ड वन



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

संदेश

समस्त झारखण्डवासियों को
75वां वन महोत्सव, 2024
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ

वृक्ष प्रकृति के उपहार की तरह हैं, जो पृथ्वी पर जीवन को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे पर्यावरण को संतुलित और स्वस्थ रखने में मदद करते हैं। पूरे विश्व में तापमान को नियंत्रित करने और बारिश के लिए मौसम की स्थिति बनाने में वृक्षों की बड़ी भूमिका है। वृक्ष कार्बन डाइऑक्साइड लेकर और ऑक्सीजन छोड़ कर हवा को भी साफ करते हैं, जो सभी जीव जंतुओं के लिए महत्वपूर्ण है। इसके अतिरिक्त, वृक्ष हमें लकड़ी, भोजन, ईंधन, कागज और बहुत कुछ प्रदान करते हैं, जिससे वे हमारे दैनिक जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन जाते हैं।

हमारी सरकार राज्य के जल, जंगल और जमीन को समृद्ध करने के लिए कृत संकल्पित है और अपने पूर्वजों के धरोहर को संरक्षित कर उसमें और बढ़ोतरी करने के लिए हमेशा से प्रयासरत रही है।

आप सभी इस बात से अवगत हैं कि पूरे विश्व में ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन का संकट मंडरा रहा है। इस वर्ष मानसून में बारिश को देख लें कि कितना परिवर्तन हो चुका है। यह मानव समाज के लिए ठीक नहीं है और हम सबको मिलकर इसे सही करने का प्रयास करना होगा। इस कड़ी में हम सब वन महोत्सव में पौधा लगाने का संकल्प लें, ताकि जलवायु का तापमान नियंत्रित रह सके, जल संकट से उबर सकें, हवा में प्रदूषण को कम किया जा सके, मिट्टी का संरक्षण हो सके, हमारे राज्य के नदी-नाले सालों भर बहते रहें और पूरा वातावरण सुन्दर और रमणीक लगता रहे।

अब, हमारे लिए अपने कार्यों की जिम्मेदारी लेना महत्वपूर्ण है। हमें पृथ्वी की उसी तरह देखभाल करनी चाहिए जैसे वह हमारी देखभाल करती रही है। वन महोत्सव के जरिये सभी झारखण्डवासियों से अपील है कि आप पौधे लगाएं, उनको बचाएं और उसे वृक्ष बनाएं।

जोहार!

PR No. 330711 (Forest, Environment and Climate Changes) 2024-25

वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखण्ड सरकार

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

कारगिल विजय दिवस

अमर जवान

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | श्रावण कृष्ण पक्ष 05, संवत 2081 | रांची शुक्रवार, 26 जुलाई 2024, वर्ष-25, अंक- 174, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

## राष्ट्रपति मुर्मू के कार्यकाल के दो वर्ष पूरे, विभिन्न पहल की शुरुआत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को अपने कार्यकाल के दो वर्ष पूरे कर लिए। इस मौके पर उन्होंने राष्ट्रपति भवन में पुनर्विकसित शिव मंदिर, स्किल इंडिया सेंटर, क्रिकेट पवेलियन और आरबी एप सहित विभिन्न पहलों की शुरूआत की। अपने कार्यकाल का दूसरा वर्ष पूरा करने पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एक शिक्षिका की भूमिका निभाई। राष्ट्रपति भवन में डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय विद्यालय की कक्षा 9 के विद्यार्थियों के साथ अपनी संक्षिप्त लेकिन जीवंत बातचीत में उन्होंने प्रकृति संरक्षण और जलवायु परिवर्तन का पाठ पढ़ाया। इसके साथ ही राष्ट्रपति ने राष्ट्रपति भवन में की गई अन्य महत्वपूर्ण पहलों में भी भाग लिया, जिनमें पुनर्विकसित शिव मंदिर का उद्घाटन, प्रणब मुखर्जी पब्लिक लाइब्रेरी का दौरा, जहां उन्होंने छात्रों से बातचीत की और



राष्ट्रपति भवन लाइब्रेरी की पुरानी और दुर्लभ पुस्तकों के डिजिटल संस्करण देखे। कौशल विकास और उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), जयंत चौधरी की उपस्थिति में स्किल इंडिया सेंटर का उद्घाटन, डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय विद्यालय के खेल मैदान में क्रिकेट पवेलियन का उद्घाटन, सिंथेटिक और ग्रास टेनिस कोर्ट का उद्घाटन और राष्ट्रपति भवन


> *हमें हमेशा समाज के सभी वर्गों, विशेषकर वंचित और पिछड़े वर्गों के विकास में योगदान देने का प्रयास करना चाहिए।*

में ई-उपहार, आरबी एप, ई-बुक- राष्ट्रपति पद के पिछले एक साल की झलकियों का संकलन और अन्य डिजिटल पहलों का शुभारंभ शामिल है। विभिन्न डिजिटल पहलों के शुभारंभ के अवसर पर अपनी संक्षिप्त टिप्पणी में, राष्ट्रपति ने राष्ट्रपति भवन में किए गए डिजिटलीकरण कार्य की सराहना की। राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में राष्ट्रपति ने कहा कि इससे सुविधा, गति, पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि हमें हमेशा समाज के सभी वर्गों, विशेषकर वंचित और पिछड़े वर्गों के विकास में योगदान देने का प्रयास करना चाहिए।

### राष्ट्रपति भवन के दरबार और अशोक हॉल का नाम बदला

**अब गणतंत्र मंडप** और **अशोक मंडप** कहा जाएगा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति भवन में स्थित दरबार हॉल और अशोक हॉल का नाम बदलकर क्रमशः गणतंत्र मंडप और अशोक मंडप कर दिया गया है। राष्ट्रपति भवन की ओर से गुरुवार को जारी एक आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार राष्ट्रपति भवन, राष्ट्रपति का कार्यालय और आवास, राष्ट्र का प्रतीक है और लोगों की अमूल्य विरासत है। इसे लोगों के लिए और अधिक सुलभ बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। राष्ट्रपति भवन के माहौल को भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों और लोकाचारों का प्रतिबिम्ब बनाने का निरंतर प्रयास किया गया है। तदनुसार, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रपति भवन के दो महत्वपूर्ण हॉलों दरबार हॉल और अशोक हॉल का नाम बदलकर क्रमशः गणतंत्र मंडप और अशोक मंडप रखने पर प्रसन्न हैं। विज्ञप्ति में कहा गया है कि 'दरबार हॉल' राष्ट्रीय पुरस्कारों की प्रस्तुति जैसे महत्वपूर्ण समारोहों और उत्सवों का स्थल है। 'दरबार' शब्द का तात्पर्य भारतीय शासकों और अंग्रेजों के दरबार और सभाओं से है। भारत के गणतंत्र बनने के बाद, यानी 'गणतंत्र' के बाद इसकी



प्रासंगिकता खत्म हो गई। 'गणतंत्र' की अवधारणा प्राचीन काल से ही भारतीय समाज में गहराई से निहित है, इसलिए 'गणतंत्र मंडप' इस स्थल के लिए एक उपयुक्त नाम है। वहीं अशोक हॉल मूल रूप से एक बॉलरूम था।

## न्यूज ब्रीफ

### नक्सलियों का झारखंड-बिहार बंद शुरू, पुलिस अलर्ट

**रांची।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के एक करोड़ के इनामी नक्सली नेता विवेक की पत्नी जया की गिरफ्तारी के विरोध में नक्सलियों ने झारखंड-बिहार बंद का ऐलान किया है। इस संबंध में बिहार-झारखंड स्पेशल एरिया कमेटी के प्रवक्ता आजाद ने 25 जुलाई को बिहार-झारखंड बंद की घोषणा की है। बंद को लेकर झारखंड पुलिस मुख्यालय ने राज्य के सभी एसएसपी- एसपी को विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया है। साथ ही सार्वजनिक स्थल और सड़कों पर पहली नजर रखने को कहा है।

### सुकमा में तीन महिला सहित पांच नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा/रायपुर।** सुकमा जिले में सक्रिय तीन महिला हार्डकोर माओवादी सहित पांच हार्डकोर माओवादियों ने गुरुवार को पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। इनमें तीन माओवादियों पर पांच-पांच लाख और दो पर दो-दो लाख सहित कुल 19 लाख रुपये का इनाम घोषित है। पुलिस के अनुसार आत्मसमर्पण करने वालों में कवासी दुला, सोड़ी बुधरा, मड़कम गंगी शामिल हैं। इन तीनों पर पांच-पांच लाख रुपये का इनाम घोषित था। इनके अलावा पोड़ियाम सोमड़ी तथा मड़कम आयते ने भी पुलिस अधीक्षक के सामने आत्मसमर्पण किया।

### व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर **8292553444** पर भेज सकते हैं।

आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **8292373444** संपर्क करें।

## झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र आज से शुरू

**छह कार्यदिवस होंगे, 29 को अनुपूरक बजट**

**27 जुलाई व 28 को विधानसभा सत्र नहीं चलेगा**

### आकस्मिक स्थिति नहीं बनी तो यह पांचवीं विधानसभा का अंतिम सत्र होगा

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा का छह कार्यदिवस वाला मानसून सत्र शुक्रवार (26 जुलाई) से शुरू हो रहा है। अगर कोई आकस्मिक स्थिति नहीं बनी तो यह सत्र पांचवीं विधानसभा का अंतिम सत्र होगा। इस दौरान 29 जुलाई को विधानसभा में अनुपूरक बजट पेश किया जाएगा। अनुपूरक बजट पर 30 जुलाई को चर्चा की जाएगी। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने मानसून सत्र को लेकर मंजूरी दे दी है। 27 जुलाई और 28 जुलाई को मानसून सत्र नहीं चलेगा, शनिवार और रविवार के कारण दोनों दिन अवकाश है।

31 जुलाई को प्रश्न काल और राजकीय विधेयक एवं अन्य राजकीय कार्य किए जाएंगे। इस तरह 2 अगस्त तक मानसून सत्र चलेगा। सत्र को शांतिपूर्ण चलाने के लिए गुरुवार को विधान सभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो की अध्यक्षता में स्पीकर कक्ष में विधायक दल के नेताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, रामेश्वर उरांव, विनोद सिंह, लम्बोदर महतो सहित अन्य उपस्थित रहे। मानसून सत्र को लेकर विधान सभा परिसर के 100 मीटर के दायरे में किसी तरह के जुलूस, रैली, प्रदर्शन, घेराव आदि आयोजित नहीं किये जा सकेंगे। झारखंड विधान सभा परिसर के 100 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है।



### हेमंत का तंज : रस्सी-उस्सी लेकर आएं और मुझे बांध लें

विधानसभा के मानसून सत्र की रणनीति बनाने के लिए शुक्रवार देर शाम मुख्यमंत्री आवास में सत्ता पक्ष के मंत्रियों व विधायकों की बैठक हुई। इसमें विपक्ष के हमले का जोरदार जवाब देने की सहमति बनी। इसके साथ ही सत्र के दौश्रान उठने वाने विभिन्न विषयों पर भी चर्चा की गई। विपक्ष के सरकार को घेरने की घोषणा पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने तंज कसते हुए कहा, वे हमें घेरना चाहते हैं तो आएं और रस्सी-उस्सी से बांध लें। मुख्यमंत्री ने कहा कि विधानसभा के सत्र में सवाल-जवाब दोनों आते हैं। शेष पेज 09 पर

### विकास के मुद्दों पर सरकार को घेरने की तैयारी में विपक्ष

**रांची।** झारखंड में चुनाव से पहले विधानसभा का आखिरी सत्र शुक्रवार से शुरू हो रहा है। इस साल लोकसभा चुनाव में मिली जबरदस्त सफलता के बाद मानसून सत्र में सरकार को घेरने के लिए मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी ने पूरी तैयारी कर ली है। वह भ्रष्टाचार के अलावा विकास कार्यों को भी मुद्दा बनाएगी। सत्र शुरू होने से एक दिन पहले गुरुवार को विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा, इस सत्र में हम सरकार के तमाम भूले वादों को याद करायेंगे। शेष पेज 09 पर

## दलबदल मामले में लोबिन हेंब्रम और जेपी पटेल की सदस्यता रद्द

नवीन मेल संवाददाता



- जेपी पटेल के खिलाफ भाजपा और लोबिन हेंब्रम के खिलाफ झामुमो ने दर्ज कराई थी शिकायत
- आज से ही प्रभावी होगा निर्णय, दो दिन की सुनवाई के बाद सुरक्षित रखा गया था फैसला

**रांची।** दलबदल के मामले में झारखंड के दो विधायकों जयप्रकाश भाई पटेल और लोबिन हेंब्रम की विधानसभा सदस्यता खत्म कर दी गई है। स्पीकर रबींद्र नाथ महतो के न्यायाधिकरण ने दोनों के खिलाफ इस संबंध में दायर शिकायत पर संविधान की 10वीं अनुसूची के तहत सुनवाई के बाद गुरुवार को यह फैसला सुनाया। यह फैसला 26 जुलाई से प्रभावी माना जाएगा। मांडू विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले भारतीय जनता पार्टी के जयप्रकाश भाई पटेल लोकसभा चुनाव के ठीक पहले कांग्रेस में शामिल हुए थे और उसके टिकट पर हजारीबाग सीट से चुनाव मैदान में उतरे थे। इसी तरह झारखंड मुक्ति मोर्चा के बोरियो क्षेत्र के विधायक लोबिन हेंब्रम राजमहल लोकसभा सीट पर अपनी ही पार्टी के प्रत्याशी के खिलाफ मैदान में उतरे थे। हालांकि, ये दोनों विधायक चुनाव हार गए थे। जयप्रकाश भाई पटेल के खिलाफ भाजपा और लोबिन हेंब्रम के खिलाफ झामुमो ने स्पीकर न्यायाधिकरण में दलबदल की शिकायत दर्ज कराई थी, जिस पर लगातार दो दिनों तक सुनवाई के बाद बुधवार को न्यायाधिकरण ने बहस की कॉपी 25 जुलाई को दोपहर 12 बजे तक पेश किए जाने का आदेश देते हुए फैसला सुरक्षित रख लिया था। जयप्रकाश भाई पटेल के खिलाफ शिकायत पर सुनवाई के दौरान बीजेपी की ओर से अधिवक्ता विनोद कुमार साहू ने कहा था कि जिस तरह से कांग्रेस में शामिल होकर हजारीबाग क्षेत्र से जेपी पटेल ने लोकसभा चुनाव लड़ा, वह सार्वजनिक है और चुनाव आयोग के रिकॉर्ड में है। शेष पेज 09 पर

## आज कल




### संघ को प्रतिबंधात्मक सूची से हटाने में 5 दशक लगना दुर्भाग्यपूर्ण

**इंदौर।** सरकारी कर्मचारियों के आरएसएस की गतिविधियों में शामिल होने पर रोक लगाने वाले आदेश को केंद्र सरकार ने रद्द कर दिया है। इस मामले में गुरुवार को मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ ने अहम टिप्पणियां की है। हाईकोर्ट ने इस मामले में तत्कालीन केंद्र सरकार को कठघरे में खड़ा किया ही, साथ ही कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि संघ जैसे राष्ट्रवादी संगठन को प्रतिबंधात्मक संगठन की सूची से हटाने में केंद्र सरकार को पांच दशक लग गए।

**सोमा उरांव के जनहित याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट ने राज्य और केंद्र सरकार से पूछा**

## आदिवासियों का धर्मांतरण रोकने के लिए क्या हो रही कार्रवाई

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में आदिवासियों के धर्मांतरण को रोकने को लेकर दाखिल सोमा उरांव की जनहित याचिका पर गुरुवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान मामले में कोर्ट ने राज्य और केंद्र सरकार से पूछा है कि झारखंड के किन-किन जिलों में ट्राइबल्स का धर्मांतरण किया जा रहा है और कितनों को धर्मांतरित किया गया है। कोर्ट ने पूछा कि इसे रोकने के लिए क्या-क्या कार्रवाई की जा रही है। कोर्ट ने इस संबंध में केंद्र और राज्य सरकार को स्टेटस रिपार्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 27 अगस्त निर्धारित की गई है। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के अधिवक्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया कि झारखंड में धड़ल्ले से ट्राइबल्स लोगों का दूसरे धर्म में धर्मांतरण हो रहा है। ट्राइबल्स का धर्मांतरण क्यों हो रहा है, उसके लिए एक जांच कमेटी का गठन सरकार द्वारा किया जाना चाहिए। उनकी ओर से कोर्ट को यह भी बताया गया कि राज्य में चंगाई सभा के माध्यम से ट्राइबल लोगों को लालच देकर अन्य दूसरे धर्म में लाया जा रहा है। इस पर रोक लगाने की जरूरत है। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया कि सुप्रीम कोर्ट में भी धर्मांतरण से संबंधित मामले में जनहित याचिका पर सुनवाई चल रही है। सुप्रीम कोर्ट ने भी इस विषय को गंभीरता से लेते हुए देश की राज्य सरकारों एवं केंद्र सरकार से जवाब मांगा है।

### संताल में कहां खो गए दस फीसदी आदिवासी : निशिकांत

**नई दिल्ली।** झारखंड की गोड्डा सीट से भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने प्रदेश में घट रही हिंदू आबादी, बढ़ रहे बांग्लादेशी घुसपैठ, धर्मांतरण और एनआरसी का मुद्दा लोकसभा में उठाया। घट रही हिंदुओं की आबादी पर चिंता जाहिर करते हुए उन्होंने एनआरसी लागू करने की मांग की। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मैं जो कुछ भी कह रहा हूं अगर वह झूठ निकला, तो मैं इस्तीफा



**मैंने जो कहा उसमें एक भी बात गलत निकली तो दे दूंगा इस्तीफा**

देने को तैयार हूं। उन्होंने कहा कि विपक्ष के तमाम नेता आज एक ही बात कह रहे हैं कि संविधान खतरे में है। हालांकि, सच्चाई कुछ और है। संविधान नहीं, कुछ लोगों की राजनीति खतरे में है। बिहार से अलग होकर जब झारखंड एक अलग राज्य बना था तब संताल परगना क्षेत्र में 2000 में आदिवासियों की संख्या 36 फीसदी थी जो आज 26 फीसदी है। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि दस फीसदी आदिवासी कहां खो गए? इस विषय पर इस सदन में कभी बात नहीं होती, सिर्फ वोट बैंक की राजनीति होती है।

शेष पेज 09 पर

## इंडिया

## कुड़मी नेताओं के त्रिकोण में भाजपा और निर्णायक सरयू राय

**झा**रखंड में विधानसभा चुनाव की अघोषित तैयारी में सभी दल लगे हैं और सबसे अधिक गंभीरता से इसे भाजपा ने लिया है क्योंकि लोकसभा में उन्हें अपेक्षा के अनुरूप सफलता नहीं मिली जबकि इंडिया गठबंधन के उत्साह में वृद्धि हुई है क्योंकि लोहरदगा, सिंहभूम और खूंटी से मिली विजय से उनका उत्साह चरम पर है । भाजपा के बड़े नेताओं की झारखंड में गतिविधियां तेज हुई हैं । चुनावी समीकरण पर रांची से लेकर दिल्ली तक में मंथन हो रहा है। एनडीए और इंडिया दोनों गठबंधन में शामिल दलों ने भी चुनाव अभियान की रणनीति पर काम शुरू ही कर दिया है। झामुमो भी अपने कार्यकर्ताओं और घटक दलों का दिल जीतने के प्रयास में लगा है, जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं और भाजपा भी अपने कैडर से लेकर अंतिम वोटर तक के सीधे संपर्क में बनाने में लगी है ताकि पार्टी या घटक दलों के बीच कोई शिकवा शिकायत तक न रहे पर मामला इतना आसान भी नहीं है । 2019 के चुनाव में आजसू से गठबंधन न होने का नुकसान दोनों को हुआ और इस बार स्थितियां और भी जटिल हैं । झारखंड में तीन दलों का भविष्य कुर्मी (कुड़मी) वोटरों पर टिका हुआ है। कुड़मी वोटरों पर निर्मल महतो, रामटहल चौधरी, शैलेंद्र महतो जैसे नेताओं का गहरा प्रभाव था पर बाद में आजसू ने उन्हें संगठित किया और अपना ही एकाधिकार समझती थी, लेकिन जदयू के ताल ठोंकने और जेबीकेएसएस के लोकसभा चुनाव में उल्लेखनीय प्रदर्शन के बाद परिस्थितियां बदली हुईं हैं । राजनीतिक विश्लेषकों का आकलन है कि कि अगले विधानसभा चुनाव में कुड़मी वोट तीन धड़ों में बंट सकता है। विधानसभा की 81 सीटों में से लगभग 30 विधानसभा सीटों पर कुड़मी वोटर निर्णायक साबित हो सकते हैं। इसी कारण भाजपा का आजसू के साथ स्वाभाविक गठबंधन बना



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक



हुआ है। हालांकि महत्वाकांक्षी आजसू को इससे ज्यादा फायदा नहीं मिल पाया और 2005 के विधानसभा चुनाव में आजसू को सिर्फ दो सीटें मिली थीं। 2009 में आजसू 78 सीटों पर चुनाव लड़ी और उसे सिर्फ एक सीट पर विजय मिली जबकि 2014 में आजसू ने आठ सीटों पर चुनाव लड़ कर पांच सीटें जीतीं।

2019 में 53 सीटों पर लड़ने के बावजूद आजसू को दो ही सीटों पर ही जीत हासिल हुई थी। वहीं जब भाजपा ने जदयू के साथ 63 सीटों पर चुनाव लड़ा, तो जदयू ने 18 में से छह सीटों पर जीत हासिल की थी। तेजी से खतियान आधारित पहचान के लिए संघर्ष करने वाले टाइगर जयराम महतो के नेतृत्व वाला जेबीकेएसएस जदयू और आजसू का खेल बिगाड़ सकता है । लोकसभा चुनाव में जेबीकेएसएस की जोरदार उपस्थिति ने झारखंड के राजनीतिक दलों के बीच खलबली मचा दी है, आसन्न विधानसभा चुनाव में आजसू और जदयू का गणित गड़बड़ा इससे सकता है।

जयराम महतो की पार्टी जेबीकेएसएस ने लोकसभा चुनाव में आठ सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे. इन लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों को न्यूनतम 12,556 से लेकर अधिकतम 3,47,322 वोट मिले। वहीं खीरु महतो की अगुवाई में जदयू भी झारखंड में अपनी जमीन तलाश रहा है। नीतीश कुमार के साथ सरयू राय की मुलाकात से इस धारणा को बल मिला है। 2005 के विधानसभा चुनाव में जदयू के छह विधायक चुने गए थे। जदयू झारखंड में कुड़मी वोटरों पर नजर टिकाए हुए है। राज्यसभा सांसद खीरू महतो भी इस पर जोर लगा रहे हैं। टाइगर जयराम महतो ने रांची में प्रेस को संबोधित तो किया पर अपने पत्ते नहीं खोले । हवा उड़ रही है कि वह अपने बड़े समर्थक देवेंद्र महतो के इलाज के लिए दिल्ली नहीं गए थे बल्कि भाजपा ने उन्हें ऑफर दिया है और अध्यक्ष बाबूलाल मराण्डी के सीधे संपर्क में हैं । यदि जयराम से भाजपा गठबंधन करती है तो आजसू इससे बाहर हो जाएगी जिस कारण भाजपा असमंजस में भी है और आजसू पर दबाव भी बना रही है जो चौदह सीटों की मांग कर रहा है जबकि सूत्रों के अनुसार भाजपा चार या पांच सीट से अधिक देना नहीं चाहती । इस बार यदि जयराम महतो पर भाजपा दांव खेलती है तो इसके दूरगामी परिणाम हो सकते हैं और आजसू को ज्यादा नुकसान हो सकता है जो जयराम महतो जैसे नेताओं के निशाने पर है। इसमें सरयू राय भी एक बड़ी भूमिका निभा सकते हैं जिन्हें पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा का टिकट नहीं दिया गया था और तत्कालीन सीएम रघुवर दास को हराने सहित भाजपा को हराने का रणनीतिकार माना जाता है ।

### जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन का हार्ट अटैक से निधन

**शाम में अचानक बिगड़ी थी तबीयत**

एजेंसी

**पटना।** जदयू के राष्ट्रीय महासचिव सह प्रवक्ता राजीव रंजन का गुरुवार की देर शाम नई दिल्ली के मैक्स अस्पताल में आकस्मिक निधन हो गया। उनके पारिवारिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, देर शाम उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बता दें कि स्वर्गीय रंजन वर्ष 2010 में इस्लामपुर विधानसभा क्षेत्र से जदयू के टिकट पर विधायक निर्वाचित हुए थे। बाद में, 2015 में भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। भारतीय जनता पार्टी में उन्हें प्रदेश उपाध्यक्ष और प्रवक्ता बनाया



**2010 में इस्लामपुर विस क्षेत्र से जदयू के टिकट पर विधायक निर्वाचित हुए थे।**

गया था। काफी दिनों तक भारतीय जनता पार्टी में रहने के बाद वर्ष 2023 में वह फिर जदयू में शामिल हो गए। इसके बाद नीतीश कुमार ने उन्हें बड़ी जिम्मेदारी देते हुए पार्टी का राष्ट्रीय महासचिव सह प्रवक्ता बना दिया। स्वर्गीय रंजन ने साल 1995 में समता पार्टी के टिकट पर इस्लामपुर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा था, लेकिन भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के उम्मीदवार कृष्णबल्लभ प्रसाद यादव से पराजित हो गए।

# रांची सहित तीन जिलों में वायु गुणवत्ता सुधार के लिए मिले 150 करोड़ रुपये

**धनबाद को 100 में 100, रांची और जमशेदपुर को 100 में से 75 अंक मिले**

**वायु गुणवत्ता मानकों के आंकड़ों के अनुसार धन आवंटित करने का निर्णय लिया**



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के शहरी विकास और आवास सचिव अरवा राजकमल ने केन्द्र सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय में राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) की 7वीं संचालन समिति की बैठक में गुरुवार को भाग लिया। वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए राज्य के रांची, धनबाद और जमशेदपुर जिले को शामिल किया गया है।

इस बैठक में सचिव शहरी विकास ने इस मुद्दे को उठाया कि झारखंड के लिए 2023-24 में कोई फंड जारी नहीं किया गया है और 2024-25 में फंड के लिए केन्द्र सरकार से अनुरोध किया गया है। संचालन समिति ने केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के उपलब्ध कराए गए वायु गुणवत्ता मानकों के आंकड़ों के अनुसार ही 2025-25 में धन आवंटित करने का निर्णय लिया। सीपीसीबी के अनुसार, धनबाद शहर को 100 में से 100 अंक मिले, रांची और जमशेदपुर को 100 में से 75 अंक मिले और उन्हें 2024-25 में फंडिंग के लिए योग्य पाया गया। शहरों में वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए इन तीन शहरों को 2024-25 में लगभग 150 करोड़ की फंडिंग दी जाएगी। इन निधियों का उपयोग करके, तीन शहर संघनन मशीनरी, उभयचर उत्खननकर्ता खरीद सकते हैं। जल निकाय पुनर्जीवन, वृक्षारोपण भी कर सकते हैं। धूल भरी सड़कों पर यातायात को कम करने के लिए शहर पेवर-ब्लॉक सड़कें भी बना सकते हैं। झारखंड सरकार की नागरिक सुविधा और परिवहन निधि के समर्थन के साथ इस पहल का उपयोग करते हुए रांची, धनबाद और जमशेदपुर के वायु गुणवत्ता मानकों में 2024-25 में और सुधार किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता सचिव एमओईएफसीसी भारत सरकार के साथ सभी राज्य सरकारों के शहरी विकास सचिवों ने की। झारखंड से शहरी विकास एवं आवास सचिव अरावा राजकमल, जमशेदपुर जेएनएसी के कार्यपालक पदाधिकारी कृष्ण कुमार के साथ बैठक में शामिल हुए।



## व्यायाम करने वाला हमेशा दुरुस्त रहता है : एसके मिश्रा

**डीएवी हेहल में 'डीएवी स्पोर्ट्स-2024 'क्लस्टर लेवल-5 का तीसरा दिन**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल,राँची में डीएवी स्पोर्ट्स-2024 'क्लस्टर लेवल-5' की प्रतियोगिताओं का तीसरा दिन बालक-बालिका वर्ग हेतु 14,17 एवं 19 के अंतर्गत योगा, खो-खो एवं एरोबिक्स जैसी खेलों की प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। एसके मिश्रा असिस्टेंट रिजिनल ऑफिसर डीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखण्ड जोन-'जे' सह क्लस्टर इंचार्ज ने कहा आज खेल केवल प्रतियोगिता के लिए नहीं अपितु जीविकोपार्जन का अभिन्न अंग बन गया है। देखा गया है कि जो विद्यार्थी प्रतिदिन व्यायाम करता है और खेलों में रुचि लेता है,वह हमेशा चुस्त-दुरुस्त रहता है एवं परीक्षाओं में भी अच्छे अंक अर्जित कर सफलता का परचम लहराता है। क्लस्टर-5 के ऑब्जर्वर कमलेश कुमार, प्राचार्य, डीएवी, खलारी ने कहा कि सभी प्रतिभागियों ने अपना-अपना बेहतर प्रदर्शन किया है।किंतु असफल रहे प्रतिभागियों को निराश होने की आवश्यकता नहीं। नेशनल योगासन स्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं रिया सेन,योग इन्सटेक्टर (यूनिवर्सिटी एंड खेलो इंडिया मेडलिस्ट) व एरोबिक्स के निर्णायक मंडल में प्रेम प्रकाश तिवारी,झारखण्ड एरोबिक्स एसोसिएशन एवं कुनाल कुमार, शारीरिक शिक्षक,जवाहर विद्या मन्दिर,राँची आदि उपस्थित थे।

## न्यूज | बॉक्स

### असंगठित एवं प्रवासी श्रमिक संघ झारखंड की बैठक आज

**रांची।** झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सोनी ने प्रेस बयान जारी कर कहा है कि 26 जुलाई को दिन में 11:00 से 4:00 बजे तक सीपीआई ऑफिस अल्बर्ट एक्का चौक के समीप दुर्गा मंदिर के सामने झारखंड के असंगठित एवं प्रवासी श्रमिकों की बैठक रखी गई है। इस बैठक में तमिलनाडु, दिल्ली, बिहार, झारखंड रांची के सभी लीडर्स भी उपस्थित रहेंगे। बैठक में पूरे झारखंड प्रदेश के ऑटो चालक, ई रिक्शा चालक, पेडल, रिक्शा चालक, प्रवासी मजदूर, वेंडर मजदूर, वेल्डिंग मजदूर एवं मोटीया मजदूर आदि का हक एवं अधिकार केंद्र सरकार से कैसे दिलाया जाए, इस पर चर्चा की जाएगी। पूरे झारखंड की समस्या के निदान के लिए केंद्र सरकार को राष्ट्रीय अध्यक्ष महासचिव एवं राष्ट्रीय पदाधिकारी द्वारा मांग पत्र सौंपा जाएगा।

### योगदा आश्रम में महावतार बाबाजी स्मृति दिवस का स्मरणोत्सव

**रांची।** योगदा सत्संग परंपरा के परमगुरुओं में से एक महावतार बाबाजी के स्मृति दिवस का स्मरणोत्सव 25 जुलाई को योगदा आश्रम रांची में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।



योगानन्दजी के दुनिया-भर में क्रियायोग के प्राचीन विज्ञान का प्रसार करने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका की यात्रा पर निकलने से पहले सन 1920 में इसी दिन महावतार बाबाजी ने परमहंस योगानन्दजी को आशीर्वाद देने के लिए कोलकाता में उनके पैतृक घर पर दर्शन दिए। स्मरणोत्सव का प्रारंभ सुबह स्वामी धैयानंद गिरि द्वारा संचालित डेढ़ घंटे के विशेष ऑनलाइन सामूहिक ध्यान से हुई जहाँ उन्होंने विश्व की सर्वाधिक प्रशंसित आध्यात्मिक पुस्तकों में से एक ₹योगी कथामृत₹ के कुछ अंश पढ़े जिसमें बताया गया कि कैसे महावतार बाबाजी ने परमहंस योगानन्दजी को पश्चिम में क्रिया योग के प्राचीन विज्ञान के प्रसार के उनके विश्वव्यापी मिशन के लिए आशीर्वाद देने के लिए दर्शन दिए । इस विशेष ध्यान में भारत के विभिन्न हिस्सों से भक्तों ने भाग लिया। उस के बाद फिर सुबह 9:30 से 11:30 बजे तक स्वामी शंकरानंद ने अन्य संन्यासियों के साथ भक्ति संकीर्तन किया जिसमें गुरु पूजा के दौरान कार्यक्रम में भाग लेने वाले भक्त शामिल हुए।

### आदर्श विद्यालय परियोजना के तहत शिक्षकों का दस दिवसीय प्रशिक्षण की शुरुआत

**रांची।** गवर्नमेंट सेकेंडरी स्कूल पंडरा, रांची के सभागार में झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद् रांची एवं स्कूलनेट इंडिया लिमिटेड के संयुक्त तत्वाधान में प्रखंड स्तरीय आदर्श विद्यालय के 34 शिक्षकों को कंप्यूटर विषय पर दस दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ।



प्रशिक्षण में प्रशिक्षणाथिओं को संबोधन करते हुए कहा की आज इस तकनीकी दौर में हर व्यक्ति किसी न किसी रूप में तकनीकि उपकरणों का उपयोग कर रहा है और इसका सबसे अच्छा उदाहरण मोबाइल है। जिसके माध्यम से लोग मिनटों में एक दुसरे से जुड़ते है और जानकारियां साझा कर रहे हैं। समय के साथ हम सभी शिक्षकों को भी तकनीकी क्षेत्र में अपनी क्षमता बढ़ाने की जरुरत है ताकि बच्चो को उच्च तकनीक के मदद से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा शिक्षा दिया जा सके। उन्होंने कहा की भविष्य में तकनीकी क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा रोजगार का अवसर भी मिलेगी। स्कूलनेट इंडिया लिमिटेड के जोनल कोऑर्डिनेटर दिलीप दुबे ने बताया की राज्य भर में 5000 से अधिक विद्यालयों में डिजिटल स्मार्ट क्लास एवं आईसीटी लैब का अधिष्ठापन किया गया है। इसमें 15 लाख से ज्यादा बच्चे लाभान्वित हो रहे हैं।

### ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि में रक्षाबंधन महोत्सव का आयोजन

**रांची ।** रांची के पिठोरिया स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय केंद्र स्थित विश्व ज्योति धाम में गुरुवार को रक्षाबंधन महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था की संचालिका बीके राजमती बहन ने रक्षाबंधन के आध्यात्मिक महत्व को समझाते हुए लोगों को अद्भुत संदेश दिया। परमात्मा को याद करने की विधि भी बताई।



उन्होंने रक्षा बंधन के बारे में बताया कि यह रक्षा सूत्र मन, वचन, कर्म की पवित्रता तथा प्रतिज्ञा का सूचक है। सभी बहन अपने भाइयों की कलाई में रक्षा सूत्र बांधकर ईश्वर से उसके उज्ज्वल भविष्य और मंगल की कामना करते हैं। राजमती बहन ने रक्षा बंधन के बारे में बहुत सारी बाते बताईं।

### दफादार चौकीदार पंचायत का धरना-प्रदर्शन जारी

**रांची।** झारखंड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत द्वारा पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार राजभवन (जाकिर हुसैन पार्क के पास) रांची के सामने अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन गुरुवार को छठवें दिन भी जारी रही। इसकी अध्यक्षता झारखंड राज्य अध्यक्ष कृष्ण दयाल सिंह और संचालन समसूल अंसारी ने की। धरना-प्रदर्शन की अध्यक्षता करते हुए राज्य अध्यक्ष कृष्ण दयाल सिंह ने कहा कि सेवा विमुक्त चौकीदर एवं चौकीदार और अनुकंपा के आधार पर रिक्त पदों पर निकाला गया विज्ञापन झारखंड सरकार तत्काल रद्द करे। चौकीदारी व्यवस्था को बचाने के लिए झारखंड विधानसभा से प्रस्ताव पास किया जाए, ताकि चौकीदार-दफादरों को न्याय मिल सके। केडी सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा चौकीदारों के रिक्त पदों के लिए निकाले गए विज्ञापन की कॉपी राजभवन के सामने धरना स्थल पर शुक्रवार को जलाई जाएगी।

## अगर हेमंत आदिवासी हितैषी हैं, तो उनकी जमीन वापस करें : जयराम

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



मैं मुख्यमंत्री से कहना चाहता हूं कि एक कहावत है 'अपना-अपना करो सुधार, तभी मिटेगा भ्रष्टाचार।' जब मौका आता है, तो आप स्वयं को आदिवासी का बेटा कहते हैं। इस लिस्ट में आदिवासियों का नाम है। अगर आप आदिवासियों के हितैषी हैं, तो नेमरा गोला के अलावे जहां-जहां आपकी जमीन है, वह आदिवासियों को वापस कर दिजिए। तभी आप को आदिवासी के हितैषी कहेंगे। ये बातें जेबीकेएसएस के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो ने गुरुवार को रांची प्रेस क्लब में प्रेसवार्ता में कही। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री जी, आप घर बोकारो में रखेंगे, जमीन दुमका में रखेंगे, रांची में रखेंगे। आप अगर आदिवासी के हितैषी हैं, तो पेपर के पन्नों में नहीं, सच्चाई में बनें। अगर नेता नहीं बदलेगा, तो राज्य नहीं बदलेगा। बाकी, हमलोग विधानसभा चुनाव के लिए तैयारी कर चुके हैं। विधानसभा चुनाव में हमारी मजबूत स्थिति होगी। इस विधानसभा का चुनाव उस उद्देश्य के साथ लड़ा जाएगा, जिस उद्देश्य के साथ झारखंड अलग हुआ था। इसके लिए राज्य से हमे समर्थन मिल रहा है। हमारे साथ लोग जुड़ रहे हैं। हमारे साथ बौद्धिक लोग भी जुड रहे हैं। हम इस राज्य के लिए एक बेहतर काम करेंगे।

जयराम महतो ने कहा कि हमलोगों ने बहुत आशा और उम्मीद के साथ इस सरकार चुना था। उन्होंने कहा, मीडिया के माध्यम से सरकार को यह संदेश देना चाहता हूं कि कृपया कर के आप जिन मुद्दो के साथ सरकार में आए थे, उन मुद्दों पर ध्यान दें।

### रुपये से भरा बैग पुलिस को सौंपा

**रांची।** धुर्वा निवासी मिथलेश यादव को डेढ़ लाख रुपए से भरा एक बैग मिला। लेकिन उन्होंने पैसों से भरे बैग को अपने पास नहीं रखा। धुर्वा थाना की पुलिस को उसे सौंप दिया और कहा कि जिस व्यक्ति का यह पैसा है, उसे लौटा दें, ताकि वह परेशानी में ना पड़े। घटना के संबंध में पुलिस को जानकारी मिली कि रुपए होटवासी निवासी ओम शंकर मिश्रा के हैं।

### रेलवे के ई-टिकट का अवैध कारोबारी धराया

**रांची।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ )ने रेलवे ई टिकट के एक अवैध कारोबारी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार कारोबारी का नाम अभिनव नाथ मिश्रा है ।वह रातू थाना के बिजुलिया का रहनेवाला है। इसके पास से कुल पांच रेलवे ई-टिकट पाया गया। आरपीएफ रांची के निरीक्षक डी शर्मा ने गुरुवार को बताया कि रांची रेल मंडल में रेल टिकट के अवैध कारोबारियों के खिलाफ आरपीएफ कमांडेंट पवन कुमार के निर्देश पर लगातार अभियान जारी है ।

## ज्यादा से ज्यादा योग्य नागरिकों का नाम मतदाता सूची में जोड़ें : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के तहत गुरुवार को मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन किया गया। रांची जिला के विभिन्न बूथों पर बीएलओ मतदाता सूची के प्रारुप के साथ उपस्थित थे, जहां मतदाताओं ने वोटर लिस्ट में अपना नाम जांचा। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, राहुल कुमार सिन्हा ने रातू रोड स्थित श्रद्धानंद सेवाश्रम मध्य विद्यालय अवस्थित बूथ नंबर 31-39 एवं 43-45 का निरीक्षण किया।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा ने निरीक्षण के दौरान बारी-बारी से सभी 12 बूथों के बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर से प्री-रिवीजन के दौरान हाउस टू हाउस सर्वे की जानकारी ली। उन्होंने मतदाता सूची का अवलोकन करते हुए सभी बीएलओ से उनके संबंधित क्षेत्र में नये मतदाताओं की संख्या में बढ़ोतरी के बारे में पूछा।

मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी, रांची श्री राहुल कुमार सिन्हा ने सभी बीएलओ को कहा कि अपने-अपने क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा योग्य नागरिकों का नाम मतदाता सूची में दर्ज करायें। श्री राहुल सिन्हा ने कहा कि किसी का नाम मतदाता सूची से हटाने के दौरान पूरी सावधानी बरतें, पूरी तरह सुनिश्चित होने पर ही किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची से डिलीट करें। बूथों पर एस्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी का भी निरीक्षण करते हुए उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

इस दौरान 63-रांची विधानसभा क्षेत्र के ईआरओ श्री उत्कर्ष कुमार, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री बिवेक कुमार सुमन एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी/कर्मी उपस्थित थे।

## सावन में बढ़ जाता है प्रदोष व्रत का महत्व

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सनातन धर्म में प्रदोष व्रत का विशेष महत्व है। हालांकि हर महीने दो बार प्रदोष का व्रत रखा जाता है, लेकिन सावन के महीने में प्रदोष व्रत का महत्व और बढ़ जाता है। इस दिन भगवान शिव और मां पार्वती की विशेष पूजा की जाती है। मनोवांछित फल की प्राप्ति के लिए प्रदोष व्रत के दिन उपवास भी रखा जाता है। शिव आराधना का मास सावन चल रहा है। सावन में ही भगवान शिव की पूजा करते हैं और शिव भक्तों को अक्षय फल मिलता है। आमतौर पर प्रदोष व्रत हर माह कृष्ण पक्ष और शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी को पड़ता है। पंचांग के अनुसार सावन का पहला प्रदोष व्रत 1 अगस्त को रखा जाएगा। सावन माह के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी 1 अगस्त को दोपहर 3.18 बजे शुरू होगी और अगले दिन 2 अगस्त को दोपहर 3.06 बजे समाप्त होगी। प्रदोष व्रत पर संध्या काल में भगवान शिव की पूजा की जाती है इसलिए गुरुवार 1 अगस्त को सावन का पहला प्रदोष व्रत रखा जाएगा। रांची पहाड़ी मंदिर के पुजारी पंडित मनोज कुमार मिश्रा के अनुसार प्रदोष व्रत का पुण्य फल दिन अनुसार मिलता है। गुरुवार के दिन पड़ने के कारण यह सावन गुरु प्रदोष व्रत कहलाएगा। गुरु प्रदोष व्रत करने से व्यक्ति को शत्रुओं पर विजय मिलती है और जीवन में सभी प्रकार के दुख और संकटों से छुटकारा मिलता है। इस व्रत को विवाहित महिलाएं पति की लंबी आयु और सुख सौभाग्य में वृद्धि के लिए करती हैं। सर्जना चौक के श्री राम मंदिर शिवालय के पुजारी विद्याभूषण मिश्रा का कहना है कि सावन में पड़ने वाले गुरु प्रदोष व्रत पर सूर्योदय से पहले उठना चाहिए और भगवान शिव के साथ मां पार्वती को नमस्कार करना चाहिए।

## स्व-मूल्यांकन की समय सीमा 31 तक बढ़ी

**रांची।** कोयला मंत्रालय ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए कोयला खदानों की स्टार रेटिंग के संबंध में स्व-मूल्यांकन प्रस्तुत करने की समय सीमा 31 जुलाई तक बढ़ा दी है। अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने और अधिक खदानों को पंजीकरण करने व स्व-मूल्यांकन प्रक्रिया को पूरा करने का अवसर प्रदान करने के लिए 15 जलाई से आगे बढ़ाया गया है। स्टार रेटिंग नीति का उद्देश्य सात प्रमुख मापदंडों, खनन संचालन, पर्यावरण संबंधी मानक, प्रौद्योगिकियों को अपनाना, खनन के सर्वोत्तम तौर तरीके, आर्थिक प्रदर्शन, पुनर्वास और पुनर्स्थापन, श्रमिक संबंधी अनुपालन तथा संरक्षा एवं सुरक्षा के आधार पर खदानों का मूल्यांकन करना है। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए स्टार रेटिंग मूल्यांकन के पंजीकरण के लिए अधिसूचना 29 मई को जारी की गई और पंजीकरण के लिए स्टार रेटिंग पोर्टल 1 जून से खोला गया था। इस वर्ष उद्योग ने बहुत अच्छी प्रतिक्रिया दिखाई है और 14 जलाई तक 388 खदानों ने भागीदारी के लिए आवेदन किया है, जो 2018-19 में शुरूआत के बाद से भाग लेने वाली खदानों की सबसे अधिक है।

### राज्य भर के मनरेगा कर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

**रांची।** राज्य के पांच हजार से अधिक मनरेगा कर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। कर्मचारी लंबे समय से सेवा स्थायीकरण और सामाजिक सुरक्षा की मांग को लेकर आंदोलन करते आ रहे हैं। हड़ताल से राज्य में मनरेगा के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं का संचालन प्रभावित होगा। झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ के अध्यक्ष जॉन बागे के अनुसार रोजगार सेवकों, कंप्यूटर ऑपरेटरों, इंजीनियरों, बीपीओ कर्मियों और अन्य लोगों की हड़ताल से बिरसा सिंचाई संवर्धन कुआं, बिरसा ग्रीन मैंगो गार्डन, अबुआ आवास और वीर पोटो हो खेल मैदान समेत कई योजनाओं के संचालन में व्यवधान पैदा हो चुका है। उन्होंने बताया कि पिछली रात उन्होंने ग्रामीण विकास मंत्री इरफान अंसारी के आवास पर पहुंचकर अपनी मांगों से संबधित ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने आश्वासन दिया है कि दिल्ली से लौटने के बाद उनकी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री से बातचीत करेंगे और संघ के पदाधिकारियों को भी बुलाएंगे।

## डीजीपी ने की बैठक, कोलकाता की तर्ज पर रांची में लागू होगी ट्रैफिक व्यवस्था



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए डीजीपी अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को बैठक हुई। इस बैठक के दौरान रांची शहर की ट्रैफिक व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए पुलिसकर्मियों की उपलब्धता और आवश्यकता पर जोर दिया गया। साथ ही कोलकाता महानगर की तर्ज पर रांची में ट्रैफिक जिला बनाने के प्रस्ताव पर लिये गये निर्णय की समीक्षा की गयी। इसके अलावा कुछ अन्य शहरों जहां की यातायात व्यवस्था अनुकरणीय है। वैसे शहर में कोलकता महानगर की तर्ज पर रांची ट्रैफिक व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया गया। यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए गृह रक्षा वाहिनी से सहयोग के लिए निर्देश दिया गया। इस संबंध में अन्य शहरों में ट्रैफिक व्यवस्था के अध्ययन के लिए अन्य राज्यों में भेजे गये गठित त्रिस्तरीय कमिटी के जरिये जानकारी दी गई। गठित त्रिस्तरीय कमिटी के के जरिये बताया गया कि सभी ट्रैफिक पोस्ट को सुविधायुक्त बनाने जिसमें दो शौचालयों (पुरुष और महिला का अलग-अलग) पानी की व्यवस्था सहित अन्य सुविधाएं देने का प्रस्ताव रखा गया। पोस्ट में लगभग 10 व्यक्तियों के बैठने की व्यवस्था करने और दरवाजा और खिड़की, फॉल्स सीलिंग, इलेक्ट्रिकल फिटिंग जैसे लाइट, पंखा और एग्जॉस्ट फैन पर्याप्त संख्या में प्रस्तावित हैं।

## सेल के 55 हजार कर्मचारियों-अधिकारियों को मिलेगा सस्ता लोन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सेल ने अपने कर्मचारियों को विभिन्न ऋणों की सुविधा प्रदान करने के लिए 5 बैंकों के साथ एमओयू किया साइन। समझौता ज्ञापन तीन साल की अवधि के लिए वैध होगा और सेल और बैंकों के बीच व्यवस्था के अनुसार विस्तार के अधीन होगा। अग्रणी इस्पात निमार्ता कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया सेल ने अपने कर्मचारियों को विभिन्न ऋणों की सुविधा प्रदान करने के लिए नई दिल्ली में पांच भारतीय बैंकों के साथ मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग साइन किया है। सेल ने जिन बैंकों के साथ एमओयू साइन किया है, उनमे बैंक ऑफ इंडिया, एचडीएफसी, आईसीआईसीआई, आईडीबीआई और पीएनबी शामिल है। स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया की ओर से महाप्रबंधक संजय उप्पल और महाप्रबंधक लविका जैन ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। समझौता ज्ञापन तीन साल की अवधि के लिए वैध होगा और सेल और बैंकों के बीच व्यवस्था के अनुसार विस्तार के अधीन होगा। सेल ने देश भर में अपने विभिन्न इस्पात संयंत्रों, इकाइयों, खदानों, कार्यालयों में कार्यरत 55,000 से अधिक कर्मचारियों को ऋण आवेदनों के प्रसंस्करण और मंजूरी के समय बैंकों की ऋण नीतियों और मानदंडों के अधीन लागू अधिमान्य,रियायती दरों पर, उपरोक्त बैंकों से ऋण सेवाएं प्राप्त करने की सुविधा प्रदान करने के लिए इन पांच भारतीय बैंकों के साथ एमओयू साइन किया है। साथ ही सेल और इन पांच बैंकों के बीच अलग-अलग सहमती शर्तों और नियमों पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

**हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन के अनुसार, एचडीएफसी और आईडीबीआई बैंक सेल कर्मचारियों को उनकी आवश्यकता के अनुसार गृह ऋण श्रेणी के तहत ऋण प्रदान करेंगे, बैंक ऑफ इंडिया सेल कर्मचारियों के बच्चों के लिए शिक्षा ऋण सेवाएं प्रदान करेगा, आईसीआईसीआई बैंक सेल कर्मचारियों को ऑटो ऋण सेवाएं प्रदान करेगा, जबकि पंजाब नेशनल बैंक कर्मचारियों के बच्चों के लिए शिक्षा ऋण के साथ-साथ अधिमान्य रियायती दरों पर गृह ऋण और ऑटो ऋण भी प्रदान करेगा सेल द्वारा एमओयू साइन करने से सेल और संबंधित बैंकों के बीच साझेदारी या प्रिंसिपल और एजेंट का संबंध स्थापित नहीं होता है। यह एमओयू किसी भी सेल कर्मचारी को अधिकार के रूप में ऋण स्वीकृत कराने का दावा या अधिकार प्रदान नहीं करता है।**

### मेडल विजेता को किया गया सम्मानित

**रांची।** थाईलैंड में आयोजित एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल जीतने वाले अंगद निवासी अनूप कुमार महतो को सम्मानित किया गया। 15 वर्ष आयु वर्ग में अनूप कुमार महतो ने झारखंड से पहली बार सिल्वर मेडल जीता है। उप प्रमुख संजय बैठा, प्राचार्य किशोर महतो, जिप सदस्य सुषमा देवी, सरपंच लीला देवी ने बुके शॉल और मोमेंटो देकर अनूप कुमार महतो का अभिनंदन किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य किशोर महत्व ने कहा कि अनूप कुमार मूल रूप से कांगड़ा प्रखंड के लूपुंग जारा गांव का रहने वाले है और गाड़ी में अपनी नानी के घर रहकर कक्षा छठी तक पढ़ाई की। बचपन से ही पढ़ाई के साथ उसे खेलकूद में भी रुचि थी। सुकुरहुट्टू निवासी कोच योगेंद्र महतो ने उसके अंदर छिपी प्रतिभा को पहचान कर कुश्ती के क्षेत्र में उतरने के लिए प्रेरित किया था।

### सीसीएल ने देवघर में चिकित्सा शिविर लगाया

## अब तक लगभग 8000 लोगों ने लिया निःशुल्क चिकित्सा का लाभ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सीसीएल द्वारा बिहार एवं झारखंड के सीमा के पास अवस्थित दुम्मा में श्रावणी मेला के अवसर पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। इस शिविर में ग्रामीणों, हितधारकों एवं कामगारों के लिए सीसीएल के चिकित्सकों की टीम के द्वारा निःशुल्क चिकित्सीय परामर्श, ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर आदि की जांच के साथ फिजियोथेरेपी और निःशुल्क दवाओं की सुविधा दी जा रही है । सीसीएल के दो वरिष्ठ चिकित्सकों और 7 अन्य चिकित्सा कर्मियों की एक समर्पित टीम शिविर में सेवाएं प्रदान कर रही है, जो विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं का



निदान और उपचार कर रही है। यह शिविर 22 जुलाई से आरंभ हुआ है जो 20 अगस्त तक चलेगा। इस एक माह के शिविर में अब तक 8000 से अधिक लोग स्वास्थ्य लाभ उठा चुके है। सीसीएल सीएमडी निलेन्दु कुमार सिंह के मार्गदर्शन में एवं उनके समाज कल्याण के पहल को आगे बढ़ाते हुए, कंपनी द्वारा नियमित रूप से स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाता है। सीसीएल देश की ऊर्जा सुरक्षा के साथ-साथ अपने हितधारकों के समावेशी विकास हेतु कृत-संकल्पित है। सीसीएल ने विगत कई वर्षों से श्रावणी मेला के दौरान स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन करके स्थानीय समुदाय की स्वास्थ्य से संबन्धित समस्याओं के निदान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस वर्ष भी, कंपनी अपने सामाजिक दायित्व के प्रति समर्पित होकर, इस निःशुल्क मेडिकल कैंप के माध्यम से क्षेत्र के लोगों एवं हितधारकों की सेवा कर रही है। कंपनी के इस प्रयास को लोगों द्वारा खूब सराहा जा रहा है।

**नामजद सहायक पुलिसकर्मियों का नाम एफआईआर से वापस लें**

**चंपाई की घोषित 40 हजार नौकरियों में 25 प्रतिशत कटौती कर दी**

# गलतफहमी में कितने दिन सीएम बंद रखेंगे आंखें : बाबूलाल मरांडी

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि गलतफहमी पालकर कितने दिन आंखें बंद रखेंगे। उठिए, जागिये महाराज, देखिये आपके पीछे अब कोई नहीं बचा है और हां, थोड़ी सी भी मयार्दा और इंसानियत बची हो तो नामजद सहायक पुलिसकर्मियों का नाम एफआईआर से वापस लें। चाहे आप अपनी हड्डियों का बचा पूरा दम भी क्यों न लगा लें। अधिकारों के मिलने तक, मांगों के पूरा होने तक यह संघर्ष अनवरत चलता रहेगा, यह बिगुल हरदम बजता रहेगा। बाबूलाल मरांडी गुरुवार को एक्स पर लिखा कि हेमंत सोरेनजी, आपने तो जमानत पर जेल से छूटने के बाद चंपाई सोरेन की घोषित 40 हजार नौकरियों में 25 प्रतिशत कटौती कर के 30 हजार नौकरियां देने की बात कही थी, लेकिन अब तो प्रतिदिन दनादन परीक्षाएं स्थगित की जा रही हैं। इस आपाधापी की वजह क्या है? क्या आयोग ने सरकार के दबाव में अधूरी तैयारी के साथ परीक्षा की तिथि घोषित कर दी थी? क्या आपको नौकरी बेचने का मनचाहा रेट नहीं मिल रहा। उन्होंने कहा कि वजह चाहे जो भी हो, एक बात तो स्पष्ट है कि आप में झारखंड के युवाओं को नौकरी देने की नियत नहीं है..आपकी मंशा सरकारी नौकरियों के पदों को बाहरी हाथों में बेचकर अवैध रूप से उगाही करने की है। झारखंड के युवाओं को आप जैसा घोषणावीर मुख्यमंत्री नहीं चाहिए। कुछ महीने और प्रतीक्षा करिए. युवा आपकी इस धूर्तबाजी को हमेशा के लिए बंद कर राजनीतिक रूप से बेरोजगार कर देंगे। बाबूलाल ने लिखा कि जहां पहले अपने अधिकारों के लिए सड़कों पर उतरना पड़ता है, फिर लाठी खानी पड़ती है और अंत में मुख्यमंत्री के आदेश पर झूठी एफआईआर भी लिखी जाती है। वैसे तो मुख्यमंत्री के लिए, उनकी आलोचना करना पूरे आदिवासी समाज की आलोचना करने के बराबर है, परंतु जब बात खुद सत्ता में बैठकर आदेश देने की आती है, लोगों पर एफआईआर कराने की आती है तो महोदय को आदिवासी समाज नहीं दिखता है। उन्होंने लिखा कि नामित नामों को देखें तो 18 में से लगभग 11 से 12 नाम आदिवासी भाई -बहनों के हैं और अभी 1500 अज्ञात लोगों में से न जाने और कितने आदिवासी भाई- बहनों के नाम सामने आने बाकी हैं। आदिवासी समाज का आवरण ओढ़कर झूठ फरेब की राजनीति करके मुख्यमंत्री सत्ता पर तो बैठ गये हैं, लेकिन आज भी उनकी आंखों में स्वार्थरूपी पट्टी बंधी है, वो आज भी आदिवासी समाज के लोगों को सिर्फ अपना वोटबैंक समझते हैं। उन्हें यह भ्रम है कि आदिवासी समाज पर वो चाहे कितने भी जुल्म करें, कितना भी अत्याचार करें, आदिवासी समाज उनके साथ खड़ा है।




**असम के सीएम के दौरों पर आपत्ति करने का स्पीकर को कोई हक नहीं**

## न्यायालय की अवमानना कर रहे हैं स्पीकर

**रांची।** भाजपा ने स्पीकर रविंद्र नाथ महतो को उनके डेमोग्राफी में बदलाव से इनकार करने वाले बयान पर घेरा। प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने कहा कि डेमोग्राफी बदलाव का मामला फिलहाल उच्च न्यायालय में विचाराधीन है। उच्च न्यायालय ने सीमावर्ती 6 जिलों के उपायुक्तो को इस मुद्दे पर शपथ पत्र दाखिल कर यह बताने को कहा है कि उनके जिलों में कितने घुसपैठिए रह रहे हैं और उनको कैसे निकाला जाए। उच्च न्यायालय के द्वारा कोई निर्णय सुनाने के पहले ही स्पीकर का इस मामले में हस्तक्षेप करना सीधे तौर पर उच्च न्यायालय की अवमानना है।



प्रतुल ने कहा एक तरफ स्पीकर डेमोग्राफी में बदलाव से इनकार कर रहे हैं जबकि देश के जनगणना के आधिकारिक आंकड़ों में 1951 से 2011 के बीच संताल के इलाके में आदिवासियों की आबादी 16% घटी है और मुसलमान की आबादी 13% बढ़ी है।यह सीधे तौर पर घुसपैठ का मामला है। 1951 से 2011 के 60 वर्षों के कार्यकाल में 85% समय केंद्र में कांग्रेस की सरकार सत्ता में थी। तो इस घुसपैठ के लिए सीधे तौर पर कांग्रेस की तत्कालीन सरकारें जिम्मेदार है। प्रतुल ने कहा 2 जून, 2023 को सभी जिला के उपायुक्त को पत्र लिखकर स्पेशल ब्रांच ने स्पष्ट रूप से कहा था कि घुसपैठियों को संताल के मदरसों में ठहराया जाता है और उनके सरकारी दस्तावेज तैयार किए जाते हैं।प्रतुल ने जानना चाहा कि क्या स्पीकर राज्य सरकार के स्पेशल ब्रांच से भी सहमत नहीं है? प्रतुल ने कहा कि स्पीकर का पद एक संवैधानिक पद होता है और राजनीति से ऊपर का माना जाता है।लेकिन यहां स्पीकर एक राजनीतिक दल के प्रवक्ता की तरह बयान दे रहे हैं और विचाराधीन मामलों पर भी टिप्पणी कर रहे हैं जो कि सर्वथा अनुचित है ।स्पीकर को अपने संवैधानिक कुर्सी की मयार्दा का ख्याल रखना चाहिए। स्पीकर का असम के मुख्यमंत्री हिमांता बिश्व सरमा के दौरों पर भी टिप्पणी करना समझ से परे है और आपत्तिजनक है। प्रतुल ने कहा असम के मुख्यमंत्री झारखंड के चुनाव सह प्रभारी की हैसियत से झारखंड का दौरा कर रहे है।

## न्यूज बॉक्स

### मुख्यमंत्री ने रिम्स में भर्ती झामुमो नेता महालाल सोरेन के स्वास्थ्य की जानकारी ली




**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन गुरुवार को राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) के ट्रामा सेंटर एंड सेंट्रल इमरजेंसी वार्ड पहुंचे और वहां भर्ती झामुमो गिरिडीह जिला सचिव महालाल सोरेन से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और कुशलक्षेम जाना। मुख्यमंत्री ने महालाल सोरेन के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। मुख्यमंत्री ने महालाल सोरेन को चिकित्सा सेवा दे रहे डॉक्टर्स से उनके बेहतर इलाज से संबंधित बातचीत की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने ट्रामा सेंटर एंड सेंट्रल इमरजेंसी वार्ड में इलाजरत अन्य मरीजों से भी मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम पूछा तथा इलाजरत सभी मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य चिकित्सा लाभ उपलब्ध कराए जाने का निर्देश चिकित्सकों को दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि रिम्स प्रबंधन प्रतिबद्धता के साथ मरीजों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवा प्रदान करे। झामुमो गिरिडीह जिला सचिव महालाल सोरेन पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे हैं तथा बेहतर इलाज के लिए रिम्स के ट्रामा सेंटर एंड सेंट्रल इमरजेंसी वार्ड में विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में इलाजरत हैं।

### देवेंद्रनाथ महतो का इलाज दिल्ली में जारी



**नई दिल्ली/ रांची।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्रनाथ महतो का तबीयत अब तक सुधार नहीं आ पाया है। रिम्स रांची से इलाज के बाद उन्हें दिल्ली शिफ्ट कर दिया गया है। गुरु गोविंद सिंह अस्पताल दिल्ली में फिलहाल अनुभवी चिकित्सकों के निगरानी में इलाज हो रही है। राज्य के सहायक पुलिसकर्मी के के आंदोलन को शसरीर समर्थन देने के दौरान पुलिस प्रशासन के द्वारा उन पर बर्बरता पूर्वक लाठी-चार्ज किया गया था। जिससे वह अभी स्वास्थ्य नहीं हो सके हैं। दिल्ली में इलाज करने वाले चिकित्सकों के अनुसार से देवेंद्र नाथ महतो को अंदरूनी चोट लगी है। जिसे मेडिकल जांच रिपोर्ट के अनुसार से बेहतर किया जा रहा है। अस्पताल प्रबंधन के द्वारा दिन में केवल दो बार ही उन्हें परिजनों से मिलने दिया जा रहा है।

### चर्चित रुपेश पांडेय मॉब लिंचिंग के आरोपित के डिस्चार्ज पिटीशन पर फैसला सुरक्षित

**रांची।** रांची के सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने गुरुवार को चर्चित रुपेश पांडेय मॉब लिंचिंग केस के आरोपित मोहम्मद असलम उर्फ पप्पू मियां की डिस्चार्ज पिटीशन पर सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने डिस्चार्ज पिटीशन पर फैसला सुरक्षित रख लिया। सीबीआई की ओर से विशेष लोक अभियोजक खुशबू जायसवाल ने बहस की। उल्लेखनीय है कि हजारीबाग जिले के बरही में छह फरवरी 2022 को सरस्वती पूजा के बाद प्रतिमा विसर्जन जुलूस देखने पहुंचे रूपेश पांडेय नामक युवक की भीड़ ने हत्या कर दी थी। इस मामले में बरही थाना में दो प्राथमिकी दर्ज हुई थी। दोनों प्राथमिकी को सीबीआई ने टेकओवर कर जांच की है। बरही थाना कांड संख्या 59/2022 में 27 नामजद और अज्ञात लोगों को आरोपित बनाया गया था। जबकि कांड 63/2022 में 87 नामजद और अन्य अज्ञात लोगों को आरोपित बनाया गया था।

### स्वास्थ्य और खाद्य आपूर्ति मंत्री ने कांग्रेस अध्यक्ष खरगे से की मुलाकात

**रांची।** राज्य के स्वास्थ्य एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री बन्ना गुप्ता ने गुरुवार को दिल्ली में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच झारखंड की वर्तमान राजनीतिक परिस्थिति और आगामी विधानसभा चुनाव के तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। कांग्रेस अध्यक्ष के समक्ष मंत्री बन्ना गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग के जरिये किए गए चार साल के कार्यों एवं खाद्य आपूर्ति विभाग में पद संभालने के बाद किए गए संक्षिप्त कार्यों की प्रगति रिपोर्ट भी प्रस्तुत किया। इसके अलावा भी अन्य कई विषयों पर चर्चा हुई।

### राजकुमार पाहन को नहीं मिला जमानतदार कोर्ट से वापस लिया आवेदन

**रांची।** बड़गाईं अंचल की 8.86 एकड़ जमीन घोटाला से जुड़े मामले में आरोपित राजकुमार पाहन गुरुवार को पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में सशरीर हाजिर हुए। इस दौरान कोर्ट ने उन्हें एक लाख रुपये का निजी मुचलका भरने का निर्देश दिया। तभी उनकी कोर्ट में उपस्थिति मानी जाएगी। लेकिन जमानतदार नहीं मिलने से राजकुमार पाहन ने कोर्ट से अपना आवेदन वापस ले लिया। इस मामले में ईडी प्रॉसिक्यूशन कंप्लेन पर कोर्ट ने संज्ञान लिया था। इस वजह से राजकुमार पाहन पर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही थी। इस मामले में बड़गाईं अंचल के निलंबित राजस्व उपनिरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, जमीन के मूल रैयत राजकुमार पाहन, आर्किटेक्ट बिनोद सिंह व हिलेरियस कच्छप (मृत), मो इरशाद, विपिन सिंह, प्रियरंलन सहाय, अंतू तिर्की सहित अन्य आरोपित है।

## आलमगीर आलम और वीरेंद्र राम का केस एक साथ हुआ टैग, जल्द होगा चार्ज फ्रेम

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पूर्व मंत्री आलमगीर आलम और ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम से जुड़े टेंडर घोटाला के दो मामलों को एक साथ टैग कर दिया गया है। पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में गुरुवार को इस केस की आरोपित राजकुमारी देवी और वीरेंद्र राम के पिता गेंदा राम सशरीर कोर्ट में उपस्थित हुए। सुनवाई के दौरान सभी आरोपितों को पुलिस पेपर सौंप दिया गया। अब न्यायालय चार्ज फ्रेम की प्रकिया शुरू करेगा। झारखंड में टेंडर कमीशन घोटाला के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग की जांच ईडी कर रही है। इस मामले में पूर्व मंत्री आलमगीर आलम, उनके पीएस संजीव लाल और जहांगीर आलम सहित ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित इंजीनियर इन चीफ वीरेंद्र राम सहित कई लोगों को ईडी गिरफ्तार कर चुकी है। इस मामले में अलग-अलग जगहों पर छापेमारी में ईडी लगभग 35.23 करोड़ रुपये और कई दस्तावेज जब्त कर चुकी है।

### पूर्व मंत्री आलमगीर आलम सहित 13 आरोपितों की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ी



**रांची।** टेंडर कमीशन घोटाला मामले मे पूर्व मंत्री आलमगीर आलम सहित 13 आरोपितों की न्यायिक हिरासत की अवधि सात अगस्त तक के लिए बढ़ा दी गई है। अब इनकी अगली पेशी 7 अगस्त को होगी। पूर्व मंत्री आलमगीर आलम, उनके ओएसडी संजीव लाल एवं सहायक जहांगीर आलम, निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम उनका भतीजा आलोक रंजन, हरीश यादव ,नीरज मित्तल ,राम प्रकाश भाटिया और ताराचंद सहित अन्य 13 आरोपितों की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) से पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में गुरुवार को हुई। टेंडर घोटाला मामले में ईडी ने पहली कार्रवाई 21 फरवरी 2023 को की थी। इस समय ग्रामीण विकास विभाग के पूर्व मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम के कई ठिकाने पर ईडी ने छापेमारी की थी। इसके बाद 23 फरवरी 2023 को ईडी ने वीरेंद्र राम को गिरफ्तार किया था।

## देश के 6000 आंगनवाड़ी केन्द्रों में खुलेंगे क्रैच : अन्नपूर्णा देवी

*आने वाले सालों में एक लाख आंगनवाड़ी को अपग्रेड करने का लक्ष्य*




महिला कल्याण और सशक्तिकरण के लिए बजट आवंटन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची/नई दिल्ली।** देशभर में लगभग 6000 आंगनवाड़ी केन्द्रों को अपग्रेड कर उसमें क्रैच सेंटर खोले जाएंगे। केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने इस योजना पर तेजी से काम करते हुए आने वाले सालों में करीब एक लाख से अधिक आंगनवाड़ी केन्द्रों को अपग्रेड करेगी। केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने बुधवार को अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र में आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में कामकाजी महिलाओं की सहुलियत के लिए 6000 आंगनवाड़ी केन्द्रों में क्रैच सेंटर खोलने की योजना बनाई गई है। इसके लिए जल्दी आवश्यक भर्ती की जाएंगी। आंगनवाड़ी केन्द्रों में सभी बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था की जा रही है। इसके साथ आने वाले समय में एक लाख से अधिक आंगनवाड़ी केन्द्रों को अपग्रेड किया जाएगा। अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि 2024-25 के लिए महिलाओं के कल्याण और सशक्तिकरण के उद्देश्य से योजनाओं के लिए जेंडर बजट आवंटन 3.3 लाख करोड़ रुपये है, जो वित्तीय वर्ष 2023-24 के जेंडर बजट विवरण की तुलना में 37.3 प्रतिशत अधिक हैए यह महिलाओं के कल्याण और सशक्तिकरण के प्रति सरकार के संकल्प को दशार्ता है। प्रधानमंत्री ने विकसित भारत के निर्माण का जो संकल्प लिया है, उसी दिशा में सरकार वीमेन डेवलपमेंट से वीमेन लेड डेवलपमेंट की ओर बढ़ रही है, जहां महिलाएं विकास और राष्ट्रीय प्रगति की कहानी में समान भागीदार हों और जहां वे नेतृत्व करें।

## केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी किशन रेड्डी पहुंचे धनबाद

**नवीन मेल संवाददाता**

केंद्रीय कोयला व खान मंत्री जी किशन रेड्डी गुरुवार को धनबाद पहुंचे। वे अपने विशेष यान से बरवाअड्डा स्थित हवाई अड्डा पर उतरे। इस दौरान वहां कोल इंडिया चेयरमैन पीएन प्रसाद, बीसीसीएल सीएमडी समीरण दत्ता, धनबाद सांसद ढुल्लू महतो समेत तमाम अधिकारी उनके स्वागत के लिए मौजूद थे। हवाई अड्डा पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद वो अधिकारियों के साथ आगे के कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए रवाना हो गए। कोयला मंत्री बीसीसीएल की परियोजनाओं का दौरा करेंगे। साथ ही अग्नि प्रभावित और भू धसान क्षेत्र में रह रहे लोगों से रूबरू होंगे। केंद्रीय कोयला व खान मंत्री जी किशन रेड्डी सबसे पहले मजदूरों के समाधि स्थल पर पहुंचे, जहां उन्होंने देश को ऊर्जा देने के लिए अपनी कुबार्नी देने वाले कोयला मजदूरों को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद उन्होंने बीसीसीएल की कोयला नगर स्थित पंचवटी इको पार्क में पौधारोपण किया गया। इसके साथ ही एक कार्यक्रम के तहत कोल इंडिया की सभी इकाईयों में पौधा रोपण का कार्य शुरू हो गया है। इसके बाद वो सीधे सीजुआ, कुसुंडा और झरिया की परियोजनाओं का दौरा पर निकल गए। बीसीसीएल के अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय कोयला व खान मंत्री आज झरिया अग्नि प्रभावित क्षेत्र से विस्थापित हुए लोगों से मिलेंगे। साथ ही इन क्षेत्रों का दौरा भी करेंगे। इस दौरान विस्थापितों की समस्याओं को भी वो सुनेंगे। ज्ञात हो देश में कोकिंग कोल की बढ़ती मांग के मद्देनजर सरकार की बीसीसीएल पर विशेष नजर है। इसके लिए केंद्रीय मंत्री बीसीसीएल अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी करेंगे। वहीं कैबिनेट के एजेंडे में झरिया पुनर्वास योजना शामिल है। एक बड़ी आबादी अग्नि प्रभावित और भू धसान क्षेत्र में रहती है।विस्थापन और पुनार्वास कोयलांचल के लिए एक प्रमुख मुद्दा भी है।



## पांच जिलों के आंदोलनकारियों को मिलेगी बकाया पेंशन

**रांची।** झारखंड अलग राज्य के गठन के लिए आंदोलन करने वाले आंदोलनकारियों को बकाया पेंशन का भुगतान किया जायेगा। यह बकाया पेंशन रांची, जामताड़ा, लातेहार, चतरा और गढ़वा जिले के आंदोलनकारियों या उनके आश्रितों को मिलेगा। इसको लेकर गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने गुरुवार को तीस लाख की राशि आवंटित की है। इसको लेकर गृह सचिव ने आदेश जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि संबंधित जिले के डीसी भुगतान से पूर्व सुनिश्चित करेंगे कि राज्य सरकार की ओर से चिह्नित आंदोलनकारियों को राशि का भुगतान किया जाए। जिन जिलों के लिए राशि आवंटित की गयी है, उसमें जामताड़ा के लिए 11.45 लाख, लातेहार के लिए 3.54 लाख, चतरा के लिए 9.97 लाख, गढ़वा के लिए 1.16 लाख और रांची के लिए 3.91 लाख शामिल है।

## हाईकोर्ट कैंपस में जलजमाव पर कोर्ट नाराज, सरकार से मांगी रिपोर्ट

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाईकोर्ट की पार्किंग और कैंपस के अन्य हिस्सों में जलजमाव पर कोर्ट ने गहरी नाराजगी जताई है। हाईकोर्ट की बिल्डिंग को लेकर दायर एक जनहित याचिका पर गुरुवार को सुनवाई करते हुए कोर्ट ने राज्य सरकार से कहा कि लंबे वक्त से बिल्डिंग के निर्माण की मांग हो रही थी। बड़ी रकम खर्च कर बिल्डिंग और कैंपस का निर्माण कराया गया है। इसके बाद भी बारिश के पानी का जिस तरह भारी जमाव देखने को मिला है, वह बेहद निराशाजनक है। कोर्ट ने राज्य सरकार को आदेश दिया कि बिल्डिंग और कैंपस में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम इंस्टॉल किया जाए। इस मामले में राज्य सरकार को अगली सुनवाई के पहले रिपोर्ट दाखिल करने को कहा गया है। अगली सुनवाई अगस्त के पहले हफ्ते में होगी। बता दें कि दो दिन पहले हुई बारिश के दौरान हाईकोर्ट की पार्किंग में जलजमाव हो गया था और कई अधिवक्ताओं की गाड़ियां बारिश में डूब गई थीं। लगभग 600 करोड़ की लागत से बनकर तैयार झारखंड हाईकोर्ट का भवन देश का सबसे बड़ा न्यायिक परिसर है। इसका क्षेत्रफल सुप्रीम कोर्ट के कैंपस से भी साढ़े तीन गुना ज्यादा है। इसके लिए झारखंड सरकार की ओर से 165 एकड़ जमीन उपलब्ध कराई गई है। इसका उद्घाटन पिछले वर्ष 24 मई को भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया था।




72 सदस्यों की सर्व सहमति से हुई कार्रवाई

## भारतीय युवक संघ बकरी बाजार के अध्यक्ष समेत 5 पदाधिकारी निष्कासित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारतीय युवक संघ बकरी बाजार के कार्यालय में गुरुवार को एक अति आवश्यक बैठक बुलाई गई। इसकी अध्यक्षता संस्था के संरक्षक शंभू अग्रवाल ने की। संस्था विरोधी कार्य करने के कारण संस्था के अध्यक्ष अशोक चौधरी, सहसचिव प्रकाश धेलिया, दीपक चौधरी, सह प्रवक्ता मनीष लोधा एवं कार्यकारिणी सदस्य राजकुमार पोद्दार को बैठक में उपस्थित 72 सदस्यों की सर्व सहमति से निष्कासित करने का निर्णय लिया गया। भारतीय युवक संघ बकरी बाजार के अध्यक्ष पद पर रहते हुए अशोक चौधरी ने अपनी जिद को पूरा करने को एक नए दुर्गा पूजा पंडाल के लिए रामलला आयोजन समिति का निर्माण किया। साथ ही, भारतीय युवक संघ बकरी बाजार से वर्षों से जुड़े दानदाताओं को दिग्भ्रमित करने का भी प्रयास किया। यह भ्रांति फैलाई गई कि बकरी बाजार की पूजा उठकर हरमू मैदान में आयोजित की जा रही है, जिसे संस्था पूर्ण रूप से संस्था विरोधी कार्य मानती है। भारतीय युवक संघ के मंदिर प्रांगण में आयोजित बैठक में उपाध्यक्ष विनोद छापड़िया, राहुल अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, सचिव निर्मल मोदी, कोषाध्यक्ष सत्येंद्र जलान एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।




*नए दुर्गा पूजा पंडाल के लिए नई समिति गठन करने का आरोप*

*भ्रांति फैलाकर लोगों को दिग्भ्रमित करने का भी प्रयास किया*

## विधानसभा के मानसून सत्र को लेकर सुरक्षा के रहेंगे पुख्ता इंतजाम

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। मानसून सत्र 26 जुलाई से शुरू हो रहा है। सत्र को लेकर रांची पुलिस ने सुरक्षा की तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस दौरान सड़क से लेकर विधानसभा तक सुरक्षा के लिए एक हजार से अधिक पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने गुरुवार को बताया कि विधानसभा सत्र के दौरान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए पूरे परिसर के चारों ओर चार लेयर का सुरक्षा घेरा बनाया गया है। लगभग 1000 जवानों के साथ 15 इंस्पेक्टर और 06 डीएसपी रैंक के अधिकारी भी सुरक्षा व्यवस्था में लगाए जाएंगे। विधानसभा की ओर जाने वाली सड़कों पर बैरिकेडिंग की जाएगी। साथ ही विधानसभा सत्र को लेकर मेकन चौक, सेटेलाइट चौक से विधानसभा तक बैरिकेडिंग की गई है। धुर्वा, नगड़ी, जगन्नाथपुर, डोरंडा और अरगोड़ा थाने को विशेष रूप से सतर्क रहने का निर्देश दिया गया है। उन्हें सड़कों पर नियमित पेट्रोलिंग करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही सहायक पुलिसकर्मी और पारा शिक्षकों के आंदोलन को लेकर विशेष सतर्कता बरतने का भी निर्देश दिया गया है।



**पहल** दोपहर 12 से एक बजे के बीच सोशल मीडिया पर चला अभियान

## मतदाता सूची में सभी मतदाता अपना नाम अवश्य जांचें : रवि कुमार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत गुरुवार को मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन किया गया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन के अवसर पर मध्य विद्यालय डोरंडा, रांची स्थित अपने मतदान केंद्र जाकर अपना एवं अपने परिवार के लोगों का नाम जांचा। उनके अलावा राज्यभर के जिला निर्वाचन पदाधिकारियों, पुलिस अधीक्षकों सहित सभी खास और आम लोगों ने मतदाता सूची में अपना नाम जांचा। दरअसल मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की तरफ से पूर्व से ही व्यापक रूप से प्रचारित प्रसारित किया गया था कि गुरुवार को मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन किया जाना है। प्रकाशन के बाद दोपहर 12 से एक बजे के बीच सोशल मीडिया अभियान 'नाम जांचों' में भी बड़ी संख्या में लोगों ने नाम जांचते हुये संबंधित पोस्ट अपने-अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट किये। फलस्वरूप उक्त नाम जांचो हैशटैग अभियान पूरे दिन सोशल मीडिया में छाया रहा। राज्य के सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ द्वारा मतदाता सूची के प्रारूप को दिखाया गया। मतदाताओं ने सूची में अपना नाम मतदान केंद्र पर जाकर मिलान किया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने मतदाताओं से अपील की कि जो लोग गुरुवार को सूची में अपना नाम जांचने के लिए मतदान केंद्र तक नहीं आ सके हैं वे ऑनलाइन तरीके से भी अपना नाम जांच सकते हैं। यदि किसी प्रकार के सुधार की आवश्यकता है तो समय रहते सूचित करें क्योंकि प्रारूप को सुधारने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मतदान के समय किसी मतदाता को अपने मताधिकार से वंचित न रहना पड़े इसके लिए मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य जांच कर लें। मतदाता सूची में अपने नाम को जांचने के उपरांत मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने अपने मतदान केंद्र बीएमपी मध्य विद्यालय डोरंडा परिसर में वृक्षारोपण भी किया। प्रकाशन के दिन यानी गुरुवार को ही # नाम जानो नाम जांचो सोशल मीडिया हैशटैग अभियान चलाया जाना पूर्व निर्धारित था।



## एक नजर

### झुंड से बिछड़े एक हाथी ने गोरहर ग्राम में किया प्रवेश, ग्रामीणों में दहशत

**बरकट्ठा।** गोरहर थाना क्षेत्र अंतर्गत पंचायत गोरहर के अखरवा टोला में एक जंगली हाथी का प्रवेश करने से ग्रामीण दहशत में हैं। हाथी गुरुवार की सुबह गांव पंहुचा तो हाथी देख कर ग्रामीणों में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि हाथी सुबह कुंजलाल महतों के घर के समीप जीटी रोड पास कर गांव में प्रवेश किया। गांव में हाथी आने के बाद वन विभाग को जानकारी दे दी गई है। इस दौरान लोग अपने अपने घरों में दुबके रहें। साथ ही ग्रामीण छत से हाथी की हरकत को देख रहे हैं। लोगों ने बताया कि गांव के बाहर स्थित पहाड़ी में कई हाथी डेरा डाले हुए हैं।

### भाजपा में जल्द शामिल होंगे विधायक अमित यादव

**बरकट्ठा।** भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओ की एक समीक्षा सह रायशुमारी बैठक विधायक अमित यादव के आवासीय कार्यालय में मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक की अध्यक्षता में आयोजित की गई ।बैठक में पिछले पांच वर्ष के दौरान पार्टी के प्रति विधायक के योगदान की सराहना की गई तथा इनके द्वारा बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र में की गई विकास कार्यो की प्रसंशा हुई।वहीं सभी उपस्थित पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ ने अपनी आस्था विधायक पर व्यक्त की व उन्हें भाजपा में शामिल होने का आग्रह किया ।बैठक को सम्बोधित करते हुए विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि आप सब अभिभावकों व देवतुल्य कार्यकर्ताओ के आग्रह पर बहुत जल्द भाजपा में शामिल होंगे। आपकी उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा ।कहा कार्यकर्ता ही नेतृत्व को मजबूत बनाता है ।आप के कारण ही बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र में सांसद अन्नपूर्णा देवी को एक लाख 57 हजार मत प्राप्त हुआ।

### डीएवी पब्लिक स्कूल में एनसीसी का हुआ शुभारंभ

बरही। डीएवी पब्लिक स्कूल बरही के प्रांगण में एनसीसी का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर दिनेश कुमार फिजिकल इंस्ट्रक्टर 22 झारखंड बटालियन एनसीसी हजारीबाग झारखंड की महत्वपूर्ण उपस्थिति रही। विद्यालय के तरफ से डॉ. दीपक शरण विद्यालय में एनसीसी के ऑफिसर इंचार्ज नियुक्त किए गए। इस अवसर पर कक्षा अष्टम से दशम तक के छात्रों ने भाग लिया। जिसमें 50 बच्चों का चयन किया गया। जिसके अंतर्गत 30 जेडी जूनियर डिवीजन के बच्चे चुने गए और 20 जूनियर विंग के बच्चे का चुनाव किया गया। जीडी के अंतर्गत बालकों का चयन हुआ और जे डब्लू के अंतर्गत बालिकाओं का चयन किया गया। सप्ताह में तीन दिन चयनित बच्चों को शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक शिक्षाएं दी जाएंगी। जिससे उनमें चौमुखी विकास दिखाई पड़ेंगे। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार सिंह ने कहा कि एनसीसी का शुभारंभ डीएवी पब्लिक स्कूल बारी में होना बड़े गर्व की बात है।

# भारत में ओबीसी का 27% आरक्षण, पर राज्य के पहले सीएम ने घटाकर 14% किए : डॉ आरसी मेहता

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** संपूर्ण भारत में पिछड़ों का आरक्षण मंडल कमीशन के संयोजक पूर्व प्रधानमंत्री बीपी सिंह द्वारा 27% मिला हैं जिसकी जितनी आबादी उसका उतना भागीदारी का समर्थन विपक्ष के नेता राहुल गांधी करते हैं। झारखंड सरकार द्वारा 27% का बिल झारखंड कैबिनेट में पास किया गया परंतु झारखंड महामहीम राजपाल के द्वारा बिल को रोक कर अन्याय किया गया है। हमारे देश के प्रधानमंत्री पिछड़े के नाम पर प्रधानमंत्री बने। पिछड़े के नाम पर थोक में वोट मिला, तीसरे बार प्रधानमंत्री बने। यदि प्रधानमंत्री चाहते तो झारखंड के लोगों के साथ 27% आरक्षण देकर न्याय कर सकते थे जो नहीं किया। परंतु प्रधानमंत्री ने आर्थिक रूप से पिछडे नौ लाख से काम आए वाले स्वर्णो को



10% आरक्षण दिए जो प्रशंसा के पात्र है। जिसका मैं समर्थन करता हूं। ज्ञातव्य हो की संपूर्ण भारत में स्वर्ण अगडो की अवादी 10% से कम है ,परन्तु झारखंड के 65% पिछड़ों को 14% देना अन्यायपूर्ण है ।प्रधानमंत्री और बाबूलाल मरांडी ने पिछड़ों को प्रताड़ित करने का काम किया है। हम तमाम पिछड़ों से आह्वान करते हैं, की झारखंड विधानसभा चुनाव में इस मुद्दे को तब तक उठते रहे जब तक प्रथम मुख्यमंत्री अपने भूल का सुधार न करें। विधानसभा चुनाव में सभी इंडिया गठबंधन के लोग इस मुद्दे को जोर-जोर से उठावे और अपनी हक का मांग करें। झारखंड प्रभारी गुलाम अहम्मद के द्वारा प्रबुद्ध ओबीसी के व्यक्तियों का एक बैठक ओबीसी प्रदेश अध्यक्ष अभिलाष साहू के अध्यक्षता में प्रेस क्लब रांची में आहुत किया गया था। सभा में झारखंड कांग्रेस प्रभारी प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ,कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो, शहजाद अनवर, केसव महतो ,कमलेश एवं हजारों वरिष्ठ ओबिसी कांग्रेसी उपस्थित थे। उक्त सदन में यह बातें हजारीबाग विधानसभा के कांग्रेस उपविजेता डॉ आरसी प्रसाद मेहता ने कहा। डॉ मेहता ने पुनः कहा की 65% वाले आबादी को 14% आरक्षण देने से बेहतर है आरक्षण लेने से हम लोग इंकार करें और आंदोलन करें ।

नीट पेपर लीक मामला : सीबीआई टीम पहुंची हजारीबाग

## ओएसिस स्कूल व राज गेस्ट हाउस में कर रही जांच



*सीबीआई की टीम तीन अलग-अलग वाहनों से हजारीबाग पहुंची।*

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** नीट पेपर लीक मामले की जांच को लेकर सीबीआई टीम एक बार फिर से गुरुवार को हजारीबाग पहुंची है। सीबीआई की टीम ने ओएसिस स्कूल और राज गेस्ट हाउस में पहुंचकर जांच की। सीबीआई की टीम तीन अलग-अलग वाहनों से हजारीबाग पहुंची। इसमें से एक वाहन बिहार पुलिस का था। टीम सबसे पहले दो संदिग्धों को लेकर राज गेस्ट हाउस से निकली। तीसरा संदिग्ध अन्य सीबीआई अधिकारियों के साथ स्टेट गेस्ट हाउस के अंदर ही रहा। कुछ देर बाद उसे भी यहां से ले जाया गया। सीबीआई की टीम राज गेस्ट हाउस से कुछ दस्तावेज भी जब्त कर अपने साथ ले गई।

### सीबीआई ने हाउस को सील कर दिया

सीबीआई टीम कुछ दिन पहले जांच के लिए राज गेस्ट हाउस पहुंची थी, तो उसे सील कर दिया था। गुरुवार को सील खोलकर सीबीआई की टीम राज गेस्ट हाउस के अंदर दाखिल हुई। जांच के दौरान टीम के करीब 12 सदस्य मौजूद थे। सुरक्षा के दृष्टिकोण से पटना से भी टीम के साथ पुलिस आई थी।इस दौरान सीबीआई अपने साथ तीन संदिग्धों को लेकर आई थी। बताया जा रहा है कि इसमें एक मुख्य आरोपी पंकज है, दूसरा राज गेस्ट हाउस का मालिक राजू है। अनुमान लगाया जा रहा है कि तीसरा व्यक्ति प्रश्नपत्र का सॉल्वर है। करीब दो से तीन घंटे तक सीबीआई गेस्ट हाउस के अंदर जांच करती रही। जानकारी के अनुसार, इस दौरान फॉरेंसिक टीम भी उनके साथ थी।

## विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का डीसी ने निरीक्षण किया

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** मतदाता सूची द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत हो रहे कार्यों को लेकर गुरुवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने 22 बड़कागांव एवं 23 रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने छत्तरमांडू क्षेत्र में मतदान केंद्र संख्या 109, 110, 111, 112, छावनी कन्या मध्य विद्यालय सुभाष चौक रामगढ़ में मतदान केंद्र संख्या 1, 2, 3 एवं 22 बड़कागांव अंतर्गत मतदान केंद्र संख्या 443 का निरीक्षण कर द्वितीय मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत 25 जुलाई को हुए मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन का जायजा लिया। मौके पर उपायुक्त ने सभी बीएलओ सहित अन्य कर्मियों को उनके उनके क्षेत्र में प्रत्येक मतदाता का नाम मतदाता सूची में अंकित होना सुनिश्चित करने, लोगों को मतदाता सूची में अपना नाम जांच करने हेतु वोटर हेल्पलाइन एप सहित अन्य ऑनलाइन माध्यमों के प्रति जागरूक करने सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। साथ ही उन्होंने मतदाता सूची द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत निर्धारित विशेष शिविर दिवस 27 जुलाई शनिवार, 28 जुलाई रविवार, 3 अगस्त शनिवार एवं 4 अगस्त रविवार को मतदान केन्द्रों पर उपस्थित रहकर मतदाताओं को मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के सफल आयोजन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे।



### डीसी ने मतदाता सूची में अपने नाम की जांच की

**रामगढ़।** मतदाताओं को जागरूक करने तथा प्रत्येक मतदाता का नाम मतदाता सूची में अंकित करने को लेकर दिनांक 25 जुलाई 2024 को संचालित अभियान के तहत जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने उत्क्रमित उच्च विद्यालय छत्तरमांडू में मतदान केंद्र संख्या 107 पर जाकर मतदाता सूची में अपने नाम की जांच की। साथ ही उन्होंने सभी से प्रत्येक निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करने तथा मतदान केंद्र, वोटर हेल्पलाइन एप सहित अन्य माध्यमों से मतदाता सूची में अपने नाम की जांच करने की अपील की। गौरतलब है की मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत 25 जुलाई 2024 को सभी मतदान केन्द्रों पर मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन किया गया है।

## सरकार का लक्ष्य है कि हर किसान तक इस योजना का लाभ पहुंचे : सुधीर मंगलेश

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड के पंचायत सचिवालय में पशुपालन विभाग द्वारा मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के अन्तर्गत 25 जुलाई को सुकर व बकरा-बकरी का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी शशि सिन्हा,मुखिया वीणा कुमारी मौजूद थे । बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालन को बढ़ावा देना और गरीब एवं छोटे किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान करना है। कहा इस योजना के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाया जा रहा है और किसानों की आय में वृद्धि की जा रही है। पशुपालन से संबंधित सभी आवश्यक सहायता और संसाधन



उपलब्ध कराए जाएंगे ताकि किसान इस क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन सकें। इस अवसर पर 16 लाभुकों के बीच बकरा-बकरी व 4 लाभुकों के बीच सुकर का वितरण किया गया।बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि हर किसान तक इस योजना का लाभ पहुंचे और वह आर्थिक रूप से सशक्त हो सके ।इस योजना से जुड़े अन्य लाभों और सुविधाओं के बारे में जानकारी देते हुए पशुपालन विभाग के शशि सिन्हा ने कहा हम निरंतर इस दिशा में प्रयासरत हैं कि पशुपालन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन हो और किसानों को उनके उत्पाद का सही मूल्य मिल सके। मौके पर शंकर महतो,छोटन कुमार, कुलदीप महतो,तपेन्द्र महतो, रामकुमार आदि मौजूद थे।

## अबुआ आवास में बबुआ का राज नहीं चलने देंगे : महेंद्र पाठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** भाकपा अंचल कमिटी जयनगर के द्वारा जयनगर प्रखंड मुख्यालय में धरना प्रदर्शन किया गया। धरना के पूर्व पेठिया बागी चौक से जुलूस निकाला गया। जुलूस का नेतृत्व अंचल मंत्री अर्जुन यादव, पूर्व उप प्रमुख वीरेंद्र यादव कर रहे थे। धरना की अध्यक्षता जिला कार्यकारिणी सदस्य पुरुषोत्तम यादव ने किया। भाकपा राज्य मंत्री महेंद्र पाठक ने कहा कि अबुआ आवास में बबुआ का राज नहीं चलने देंगे। झारखंड सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन राज्य के अफसरो पर लगाम नहीं लगा पा रही है। इसके लिए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी को? मजबूत कर लड़ाई को तेज करना होगा तभी गरीब लोगों को इंसाफ मिल पाएगा। भाकपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य एवं जिप सदस्य महादेव राम ने कहा कि कोडरमा जिला में पर्याप्त वर्षा नहीं होने के कारण की सुखाड़ स्थिति हो गई है। कोडरमा जिला को हर क्षेत्र घोषित करने की आवश्यकता है। जयनगर अंचल में बीडीओ गौतम कुमार की मनमानी चल रही है। जिला प्रशासन और राज्य सरकार उदासीन है, गौतम कुमार की मनमानी के खिलाफ राज्य सरकार कार्रवाई नहीं करती है तो पार्टी आंदोलन चलाएगी। भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक ने कहा कि झारखंड सरकार राज्य के अफसरो पर लगाम नहीं लगा पा रही है, जिसके कारण सभी प्रखंडों एवं अंचलों में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है।

## उद्योग मंत्री से मिले अमित साहू

*रामगढ़ जिले में जल्द से जल्द नए औद्योगिक क्षेत्र बनाने की मांग की*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** रांची के प्रतिष्ठित होटल रेडिसन ब्लू के सभागार में फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित साहू ने फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के सम्मानित अध्यक्ष किशोर मंत्री के सानिध्य में राज्य के उद्योग मंत्री सत्यानंद भोक्ता से औपचारिक मुलाकात की और राज्य में उद्योग को बढ़ावा देने के लिए एवं अन्य मुद्दों पर गंभीरता पूर्वक चर्चा की ।इस दौरान प्रमुख रूप से रामगढ़ जिले में जल्द से जल्द नए औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने को लेकर सकारात्मक वार्ता हुई । उद्योग मंत्री ने आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द इस पर हम लोग कार्य करने का काम करेंगे। उद्योग मंत्री ने कहा कि फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के जुझारू अध्यक्ष किशोर मंत्री के नेतृत्व में फेडरेशन लगातार नई-नई ऊंचाइयों को छू रहा है।



# छोटे स्कूल कम खर्च पर बांट रहे शिक्षा बड़े स्कूल पढ़ाते कम, वसूली ज्यादा

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** झारखंड सरकार के हर काम में छोटे निजी स्कूल हाथ बंटा रहे हैं, सरकारी आदेशों का पालन करते हुए लगभग सात लाख बच्चों का भविष्य संवारने का काम कर रहे हैं, लेकिन जब सुविधाओं की बात आती है तो इनको कुछ नहीं मिलता है। वहीं बड़ी इमारत वाले स्कूलों में शिक्षा कम और वसूली ज्यादा होती है। इसके बावजूद तमाम सरकारी सुविधाएं भी इन्हें आसानी से मिल जाती हैं। बताते चलें कि जिले में स्कूल मिलाकर लगभग 2258 स्कूल हैं, जो यू डाइस कोड पर चल रहे हैं। बात करें एप्लीकेटेड स्कूल की तो जिले में लगभग 42 स्कूल हैं। इनमें कुल मिलाकर




लगभग सात लाख बच्चे पठन-पाठन कर रहे हैं, लेकिन सबसे बड़ी बात यह है कि छोटे स्कूलों में झारखंड शिक्षा अधिकार अधिनियम लागू किया है। ये स्कूल अभिभावक से सहयोग के रूप में मात्र 200 रुपये से लेकर 800 रुपये तक प्रत्येक महीना फीस लेते हैं। ये सरकार के आदेश अनुसार गरीब बच्चों का 25 प्रतिशत निशुल्क नामांकन भी लेते हैं।

### बड़े स्कूलों में ऐसे चलता है खेल

वहीं बड़े स्कूलों में गरीब और मिडिल क्लास के बच्चों को जगह न के बराबर दी जाती है। ये स्कूल शहर के बड़े बिजनेसमैनों, व्यापारियों और अधिकारियों के बच्चों के लिए हैं। इनमें भी कुछ स्कूल बच्चों को पढ़ाई कम करवाते हैं और वसूली ज्यादा करते हैं। इन स्कूलों की फीस आसमान छू रही है। 1500 रुपये से लेकर 7000 रुपये तक प्रति माह वसूलते हैं। यहां तक कि प्रति वर्ष री-एडमिशन के अलावा विभिन्न शुल्क लगते हैं। स्कूल डेवलपमेंट के नाम पर बच्चों से प्रत्येक वर्ष डोनेशन भी लिया जाता है। इस तरह इन स्कूलों की आमदनी सालाना में लाखों की नहीं, बल्कि करोड़ों की होती है। ये स्कूल शिक्षकों का भी हक खा जाते हैं। जिस शिक्षक का वेतन 40 हजार रुपये होता है, उसको इसका आधा दिया जाता है और रजिस्टर पर पूरी राशि लिखकर हस्ताक्षर करवा लिया जाता है। ताकि स्कूल संचालक को ऑडिट में कोई परेशानी न हो और नो प्रॉफिट नो लॉस दिखाकर निस्वार्थ भाव से सेवा देने की बात आसानी से साबित कर सके। कई ऐसे स्कूल हैं जो संस्था के नाम से चल रहे हैं और कई स्कूल ट्रस्ट के नाम से चल रहे हैं। ऐसे में सरकार भी खामोश हो जाती है। स्कूल संचालक मालामाल रहते हैं।

## न्यूज बॉक्स

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर की बहनें ताइक्वांडो खेल प्रतियोगिता के लिए सिवान रवाना



**हजारीबाग।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर,विजयहता सिवान में दो दिवसीय 35 वाँ क्षेत्रीय क्षेत्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता आयोजित किया गया है जिसमें सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कुम्हारटोली, हजारीबाग के 29 भैया- बहन इस प्रतियोगिता में भाग लेने विद्यालय परिसर से 26 जुलाई को रवाना हुए ' विद्यालय के प्राचार्य ब्रजभाषा बृजेश कुमार सिंह ने सभी भैया बहनों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए जीत का जीत का परचम लहरा कर आने की शुभकामना दी ' मालूम हो कि प्रतियोगिता में भैया- बहन संरक्षक आचार्य रंजित सिंह यादव संरक्षक दीदी में राजकुमारी दीदी के दिशा निर्देश में भाग लेंगे' इस प्रतियोगिता में विद्यालय के ताइक्वांडो प्रशिक्षक हेमंत कुमार निर्णायक में शामिल होंगे।

### प्रमुख व मुखिया ने मध्य विद्यालय बरकट्ठा में 155 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया

**बरकट्ठा।** मध्य विद्यालय बरकट्ठा में गुरुवार को 155 छात्र-छात्राओं के बीच झारखंड सरकार द्वारा प्रदत्त साइकिल का वितरण किया गया। वितरण प्रमुख रेणु देवी,मुखिया बरकट्ठा उत्तरी प्रमिला देवी, मुखिया प्रतिनिधि बसंत साव ने संयुक्त रूप से किया। वितरण के दौरान छात्र छात्राओं में काफी हर्ष था। इस अवसर पर मुखिया प्रतिनिधि बसंत साव ने कहा कि झारखंड सरकार की यह महत्वाकांक्षी योजना बच्चों को विद्यालय से जोड़ने तथा उनके पढ़ाई का मार्ग प्रशस्त करने में मददगार साबित होगी। उन्होंने सभी बच्चों को नियमित विद्यालय आने तथा साफ सफाई का ध्यान रखने के फायदों को बताया। मौके पर प्रधानाध्यापक रामकिसुन महतो, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बिनोद साव, उमेश कुमार, बंशी यादव, शिक्षक मनोज राम, सावित्री देवी, मनमोहन दास , धानेश्वर साव, राघवेन्द्र लाल,चयना चटर्जी, मनीषा कुमारी, सहदेव नायक समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### बजट से मध्यम वर्ग, महिलाओं व युवाओं को मिलेगी नई ताकत : टोनी जैन



**रांची । हजारीबाग।** भाजपा नेता टोनी जैन ने कटकमसांडी प्रखंड के ढोटवा ,मन्नार तथा डाटो कला पंचायत में जनसंपर्क अभियान चलाया। अभियान के तहत ग्रामीणों के बीच कल पेश किए गए बजट के बारे में विस्तार से समझाया और कहा कि इस बजट में 3 करोड़ प्रधानमंत्री आवास तथा 3 करोड़ महिलाओं की सशक्तिकरण के लिए स्वरोजगार के माध्यम से लोन देकर लखपति बनाना तथा एक करोड़ युवा भाइयों के लिए प्रत्येक माह 5000 की भता, मुद्रा लोन को 10 लाख से बढ़कर 20 लाख कर देना ,किसानों के लिए आमदनी बढ़ाने तथा उनकी फसल में लागत कम लगे यह सब जन कल्याणकारी योजना सरकार द्वारा लाई गई है । लेकिन झारखंड में केंद्र सरकार द्वारा दी गई योजना को झारखंड सरकार यहां के नागरिकों को नहीं लेने दे रही है । पिछले कई वर्षों से प्रधानमंत्री आवास ,वृद्धा पेंशन ,विधवा पेंशन, सभी तरह के जन कल्याणकारी योजना पर झारखंड सरकार द्वारा सही तरीके से नहीं चलाने के कारण उसका खामियाजा ग्रामीणों को तथा यहां की जनता को भुगतना पड़ रहा है । मन्नार में ग्रामीणों ने अपनी बात करती हुई कहीं कि अगर यहां पर सिंचाई का समुचित साधन हो जाए ,तो हम लोग कम से कम दो फसल उगा सकते हैं।

### बिजुलिया तालाब के सुंदरीकरण कार्य का विधायक सुनीता चौधरी ने किया शिलान्यास



**रामगढ़।** सीएसआर फंड के तहत 24 जुलाई को बिजुलिया तालाब रामगढ़ के सुंदरीकरण कार्य का शिलान्यास किया गया। मौके पर पुजारी धीरज परासर ने मुख्य अतिथि विधायक सुनीता चौधरी के हाथों विधि पूर्वक शिलान्यास कार्य संपन्न करवाया। इससे पूर्व विधायक के पहुंचने पर उनका स्वागत किया गया। मौके पर विधायक सुनीता चौधरी ने कहा की रामगढ़ के धरोहर बिजुलिया तालाब जहां पर बड़ी की संख्या में छठवर्ती छठ पूजा करने आते हैं। उसका सुंदरीकरण हो जाने से उन्हें सुविधा होगी। बच्चों को मनोरंजन का का माहौल मिलेगा और वे बोटिंग की आनंद भी ले सकेंगे। वहीं क्षेत्र के लोग मॉर्निंग वॉक, इवनिंग वॉक में यहां का आनंद ले सकेंगे । मौके पर जिला परिषद सदस्य धनेश्वर महतो, बिमल बुधिया, नगर अध्यक्ष अरूण अग्रवाल, सचिव नीरज मंडल, कार्यकारी अध्यक्ष कुलदीप वर्मा, जिला उपाध्यक्ष संजय बनारसी, धर्मेंद्र साव भोपाली, बिट्टू सिंह चंडोक, जनार्दन पासवान, पंकज दांगी, बीजेपी जिला महामंत्री छोटन सिंह, प्रो संजय सिंह, अनुपमा सिंह, मीरा देवी, रोहित सोनी, अनिल श्रीवास्तव, संजय कुशवाहा, नंदू महतो, जिला परिषद् म सुभाष कुमार, संवेदक संदीप चोपड़ा, मनीष चोपड़ा , अशोक कुमार, संदीप महतो सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### राज्य के स्वास्थ्य मंत्री आज करेंगे पद्मा सीएचसी का उद्घाटन



**बरही।** संयुक्त बिहार के पूर्व मंत्री एवं बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने होटल श्री परिवार में प्रेस वार्ता कर पदमा सीएचसी के उद्घाटन की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उद्घाटन राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के कर कमल से होना निश्चित है। इस अवसर पर उनके द्वारा मंत्री को ज्ञापन देकर बरही विधानसभा के वर्तमान हालात से अवगत कराया जायेगा। प्रेस वार्ता में ज्ञापन की जानकारी देते हुए पूर्व विधायक ने वर्तमान विधायक और उनके जिप सदस्य पर जमकर हमला किया। बरही अवैध कारोबार का अड्डा बताते हुए चौपारण को इसका मुख्यालय बताया। तंजपूर्वक वर्तमान विधायक व उनके पुत्र को इस कंपनी का मालिक बताते हुए बाप बेटे की कंपनी का संज्ञा दिया। अफीम उत्पादन पर तंज कसते हुए चौपारण के जंगलों में काले सोने की खेती करने की बात कही गई। उन्होंने विधायक व उनके पुत्र पर अवैध बालू की ढुलाई कर पैसे उगाही का भी बात कही। जिसके वजह से 1500 रुपए की बालू 5000 रुपए में बेचे जाने की बात कही। उन्होंने यह भी कहा कि उद्घाटन समारोह में फोटो खिंचवाने और जनता को भरमाने वाले भाषण देने की बात कही।

## एक नजर

### विधायक प्रतिनिधि ने डिग्री कॉलेज का किया निरीक्षण

**कोलेबिरा** । प्रखंड अंतर्गत मुख्य पथ स्थित बन रहे डिग्री कॉलेज का कोलेबिरा विधायक प्रतिनिधि सह प्रखंड अध्यक्ष सुलभ नेल्सन डुंगडुंग, श्यामलाल प्रसाद, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष राकेश कोंगाड़ी, 20 सूत्री उपाध्यक्ष सुनील खड़िया, युवा अध्यक्ष अमृत डुंगडुंग ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान भारी अनियमितता पाया गया। दीवार फटा हुआ मिला। इसमें निर्माण कंपनी द्वारा बनाए जा रहे बिल्डिंग में भारी अनियमित पाई गई। ऊपरी फ्लोर के कई क्लासरूम तथा प्रयोगशाला रूम में दीवार क्रैक तथा शीपेज पाया गया। प्लास्टर को भी जांच किया गया जो की बिल्कुल हाथ से भी उखाड़ने पर उखाड़ रहा है, जिससे पता चलता है। प्लास्टर का मेटेरियल भी घटिया किस्म का लगाया गया है।

### डीएवी खो-खो और शतरंज की टीम गढ़वा रवाना

**सिमडेगा।** डीएवी पब्लिक स्कूल सिमडेगा से खो-खो और शतरंज की 22 सदस्यीय टीमें गढ़वा के रवाना हुई। खो-खो की टीम में 12 लड़कियों तथा शतरंज की टीम में 10 लड़के प्रतियोगिता के लिए रवाना हुए हैं। एस्कॉर्ट शिक्षक के रुप में वरिष्ठ शिक्षिका मीनाक्षी दास एवं शिक्षक सीएनप्रधान बच्चों के साथ रवाना किए। विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुजय कुमार मिश्रा खिलाड़ियों के अभिभावकों एवं पूरा विद्यालय परिवार दोनों टीमों को शुभाशीर्वाद देकर रवाना किए।

### अधूरी सड़क का प्रखंड प्रशासन ने किया निरीक्षण

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड मुख्यालय से अलिंगुड - कुंदुरमुण्डा उड़ीसा बॉर्डर तक अधूरे सड़क मामले को लेकर ग्रामीण एकजुट हुए। निर्णय लिया गया कि रोड नही तो वोट नहीं। इस संबंध में ग्रामीणों ने एक हस्ताक्षरयुक्त आवेदन डीसी को सौंपा। इधर, उपायुक्त ने मामले को संज्ञान में लेते हुए प्रखंड प्रशासन को निर्देश दिया कि जाकर स्थलीय निरीक्षण किया जाए। इसी आलोक में गुरुवार को प्रखण्ड प्रशासन की एक टीम ने उक्त सड़क का स्थल निरीक्षण किया। साथ ही ग्रामीणों से कई महत्वपूर्ण जानकारियां भी ली गई। प्रशासन ने बोलबा प्रखंड मुख्यालय से अलिंगुड- कुंदुरमुण्डा- टकबहाल उड़ीसा बॉर्डर तक अधूरे सड़क का स्थल निरीक्षण किया। जिसमें अधूरे सड़क में रैयती प्लॉट, वन भूमि, कैसरे हिन्द एवं अन्य जमीन का विवरण लिया गया। इसके साथ सड़क की चौड़ाई की नापी की गई। राहगीरों से समस्याएं पूछा गया इसके बाद कुंदुरमुण्डा बाजार टांड़ के पास पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामीणों से सड़क से संबंधित कई जानकारियां ली गई। इस मौके पर कुंदुरमुण्डा बाजार में पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामीण भारी संख्या में उपस्थित हुए।

### माओवादियों का बंद रहा बेअसर

**कुरडेग।** भाकपा माओवादियों ने पोलित ब्युरो सदस्य विवेक की पत्नी जया की गिरफ्तारी के विरोध में बुलाए गए बन्द का कुरडेग मुख्यालय और ग्रामीण क्षेत्रों में कोई असर नहीं समान्य दिनों की तरह सभी प्रकार की दुकाने खुली है सिर्फ बसों का परिचालन बन्द रही। छोटी वाहनो एवं ऑटो का परिचालन समान्य दिनो की तरह है लोगों का आवागमन जारी है। वहीं कुरडेग पुलिस पुरी तरह अलर्ट है थाना प्रभारी नवीन कुमार लगातार क्षेत्र में गश्त किया।

### बानो से कांवरियों का जत्था देवघर रवाना

**बानो।** बांनो से कावरियों का एक दल देवघर रवाना।बानो प्रखण्ड मुख्यालय का एक जत्था गुरुवार को देवनगरी के लिए रवाना हुए।सभी महिला पुरुष कावरियों ने बानो चौक स्थित शिव मंदिर में परिक्रमा करने के बाद बोल बम के नारे के साथ रवाना हुए।सभी कावरियों ट्रेन के माध्यम से रांची तथा देवघर जा कर भगवान भोलेनाथ का दर्शन करेंगे।

# ट्रैफिकिंग के तीनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया जेल

### गिरफ्तार तीनों पति, पत्नी व साला हैं, वे बिहार के जमुई जिले के रहने वाले हैं

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह (तिसरी)**

तिसरी पुलिस ने ट्रैफिकिंग के मामले में हिरासत में लिए गए तीनों आरोपियों को बुधवार की शाम न्यायिक हिरासत में गिरिडीह जेल भेज दिया है।तीनों आरोपी बिहार के जमुई जिला अंतर्गत चिहरा थाना क्षेत्र के पोझा गांव के रहने वाले रामजन्म दास उसकी पत्नी पुष्पा देवी और पुष्पा देवी का भाई थॉमस टुडू है। बता दें कि बीते मंगलवार को चाइल्डलाईन ने तिसरी पुलिस के सहयोग से तिसरी चौक से दो नाबालिग बच्चियों को रेसक्यू किया था। साथ ही दो पुरुष व एक महिला समेत बच्चियों को ले जा रही कार को हिरासत में लिया था। गुप्त सुचना के आधार पर सवेरा फाउंडेशन पर्यवेक्षक सह बाल अधिकार कार्यकर्ता इंकज कुमार उक्त कार का 10 की.मी. तक पीछा किया था। साथ ही इसकी सुचना तिसरी पुलिस को भी दी थी। पुलिस ने चौक स्थित सिदो - कान्हो मोड़ से दोनों नाबालिग बच्चियों को बरामद किया साथ ही बच्चियों को ले जा रहे तीन लोगों को हिरासत में ले लिया था।दोनों नाबालिग बच्चियां लोकाय थाना क्षेत्र के एक गांव की बताई जा रही है।बताया जाता है कि उन्हें दिल्ली ले जाने की तैयारी थी।इस मामले में बच्चियों को सीडबल्यूएस गिरिडीह में प्रस्तुति के बाद उनके परिजनों को सौंप दिया गया। वहीं बाल अधिकार कार्यकर्ता इंकज कुमार के आवेदन पर तिसरी पुलिस ने कांड संख्या 49/24 के तहत मामला दर्ज कर तीनों को जेल भेज दिया।



### जिला भाजपा ने कारगिल विजय दिवस पर निकाला मशाल जुलूस

**सिमडेगा।** सिमडेगा शहर में भाजपा परिवार की ओर से कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ की पूर्व संध्या एक विशाल मशाल जुलूस निकाला गया। यह मशाल जुलूस झूलनसिंह चौक से कचहरी होते हुए महाबीर चौक पहुंचा।जहां पर कारगिल में शहीद जवानों की शहादत को नमन किया गया।इस मौके पर प्रदेश कार्यालय मंत्री संजय महतो ने कहा कि आज हम खुली हवा में सांस ले पा रहे हैं तो उसके पीछे हमारे अमर शहीद जवानों का बलिदान है। आगे कहा कि हम यदि चैन से सो पा रहे हैं तो उसके पीछे हमारे जवानों का परिश्रम है। आज देश का हर एक नागरिक अमर शहीद जवानों का कृतज्ञ है। जिला सह प्रभारी डॉ सुरेश शर्मा ने कहा कि आज हम उन सभी जवानों को याद कर रहे हैं जिन्होंने भारत माता के लिए अपनी जान निछावर की है। आज हम सुरक्षित इसलिए है कि हमारे जवान दुश्मनों की तरफ मुंह और हमारी तरफ पीठ खड़ी करके सीमा पर डटे हुए हैं।

# राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष ने की समीक्षा बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के वरीय उपाध्यक्ष शमशेर आलम की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन समाहरणालय सभागार, सिमडेगा में किया गया। बैठक में आयोग के उपाध्यक्ष ने क्रमिक रूप से सभी अलग-अलग विभागों के विकास की केंद्र व राज्य की योजनाओं की प्रगति और समग्र अल्पसंख्यक लाभुकों की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान कल्याण विभाग द्वारा कब्रिस्तान घेराबंदी, छात्रवृति, साइकिल वितरण,मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना आदि में अल्पसंख्यक समुदाय को लाभान्वित किया गया, जिसकी जानकारी ली गई और आवश्यक निर्देश दिये।



# पावर ग्रिड का एनओसी नहीं मिलने के खिलाफ निकाला गया चेतावनी मार्च




**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

भाकपा माले के द्वारा गुरुवार को गदर पावर ग्रिड का एनओसी वन विभाग द्वारा नही दिए जाने के खिलाफ चेतावनी मार्च निकाला गया। कार्यक्रम में मुख्यरुप से पूर्व विधायक राजकुमार यादव उपस्थित थे। माले कार्यकर्ता पटना चौक पर जमा हुए व वहां से लगभग छह किलोमीटर की दूरी तय कर पैदल यात्रा करते हुए गदर पावर ग्रिड के पास पहुंचे। जहां एक नुक्कड़ सभा का भी आयोजन किया गया। नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक राजकुमार यादव ने कहा कि पावर ग्रिड का निर्माण हुए लगभग पांच वर्ष हो चुके है। लेकिन वन विभाग के द्वारा एनओसी नही मिलने से चार पांच टावर खड़े नही हो पाए है। गावां व तीसरी प्रखंड में लचर बिजली व्यवस्था को देखते हुए अपने कार्यकाल में मैने स्वीकृति दिलवाकर पावर ग्रिड का निर्माण करवाया था। अब तक एनओसी नही मिलने के कारण क्षेत्रवासी बिजली संकट से जूझ रहे हैं। स्थानीय सांसद विधायक क्षेत्र की समस्याओं के प्रति गंभीर नही है। यहां के पावर ग्रिड एनओसी नही मिलने के खिलाफ बगोदर विधायक बिनोद सिंह ने विधानसभा में आवाज उठाई। जबकि स्थानीय विधायक मामले में चुप्पी साधे हुए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता चुनाव आने पर झूठ का सहारा लेते हैं। लोकसभा चुनाव से पूर्व कहा गया कि नवादा से गिरिडीह तक रेल लाइन बनेगा। लेकिन बजट सत्र में इसपर चर्चा भी नही हुई। दलित बहुल अमतरो गांव में स्कूल का भवन गिर चुका है। जिसपर कोई भी आवाज नही उठाया गया। सभी पंचायतों में स्वास्थ्य केंद्र बन्द पड़े है। कहा कि यदि सितंबर तक पावर ग्रिड को चालू नही किया गया तो भाकपा माले की ओर से अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा। आगामी चुनाव में भाजपा की सरकार को सबक सिखाना है। विधायक मद की राशि को मुठ्ठी भर कार्यकर्ता को व्यक्तिगत लाभ दिया गया है।

### बीडीओ सह एमओ ने की डीलरों के साथ बैठक

**गिरिडीह।** बीडीओ सह एमओ महेंद्र रविदास की अध्यक्षता में प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में डीलरों के साथ नियमित अनाज का उठाव व वितरण के उद्देश्य से बैठक की गयी। बीडीओ सह एमओ ने सभी डीलरों को निर्देश दिया कि हर माह नियमित रूप से अनाज का वितरण निर्धारित मात्रा के साथ कराएं। निर्धारित मात्रा से कम वजन अनाज वितरण की स्थिति में संबंधित जनवितरण दुकानदार पर कार्रवाई की जायेगी। बीडीओ सह एमओ ने एजीएम से हर माह निर्गत होने वाले एसआइओ की जानकारी ली. निर्देश दिया कि जब गोदाम में अनाज भरपूर मात्रा में उपलब्ध है, बावजूद एसइओ निर्गत में कोई देरी नहीं करें. उन्होंने निर्देश दिया है कि गोदाम से निकलकर जन वितरण दुकान तक पहुंचनेवाले अनाज को हर हाल में माप-तौल के बाद ही गाड़ी से उतरवायें. साथ ही एसएफसी के अधिकारी सुनिश्चित करवाये कि जन वितरण दुकानों में अनाज उतारने के दौरान पर्याप्त लेबर उपलब्ध रहे. राशनकार्ड धारी का आधार सीडिंग काफी महत्वपूर्ण है. जहां भी आधार सीडिंग कम है, संबंधित डीलर कैंप लगाकर आधार सीडिंग करायें। . राशन कार्ड धारी का इ- केवाईसी करवाया जा रहा है. मौके पर प्रदीप राम, धीरज सिंह, नवलेश कुमार, बिनोद पांडेय, बृजनन्दन साव, मनीष कुमार समेत कई लोग थे।

### सिमडेगा में खेलो इंडिया प्रतिभा पहचान कार्यक्रम संपन्न

**सिमडेगा।** एस्ट्रोटर्फ टर्फ हॉकी स्टेडियम और अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में 22 से 25 जुलाई चार दिवसीय हॉकी, एथलेटिक्स, फुटबॉल और खोखो खेल प्रतिभा खोज कार्यक्रम आयोजित की गयी थी। जबकि सिमडेगा जिला की जनसंख्या मात्र 06.00 लाख है। इससे पूर्व सबसे अधिक बिहार में 2262 एथलीट भाग लिए । दूसरा स्थान शिरडी महाराष्ट्र में 2191 एथलीट भाग लिए थे। उम्र सीमा 09 से 18 वर्ष के लिए चार खेलो के लिए आयोजित प्रतिभा पहचान कार्यक्रम में हॉकी से 1393,फुटबॉल से 726, खोखो से 247 और एथलेटिक्स से 175 प्रतिभागी सामिल हुए। भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा जिला प्रशासन, ,जिला खेल विभाग, शिक्षा विभाग और हॉकी सिमडेगा के सहयोग से संचालित इस प्रतिभा खोज कार्यक्रम में देश में सबसे अधिक एथलीटों का सामिल होना सिमडेगा जिला में खेल के जुनून को दशार्ता है।

# ‘नाम जांचो’ अभियान में डीसी और एसपी ने लिया हिस्सा



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम जांच करने तथा प्रत्येक छूटे मतदाता का नाम मतदाता सूची में अंकित करने, त्रुटि सुधारने को लेकर नाम जांचों अभियान चलाया जा रहा है । इसके तहत उपायुक्त, सिमडेगा अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार ने एसएस + 2 बालिका उच्च विद्यालय में मतदान केंद्र संख्या -163 पर जाकर मतदाता सूची में अपने नाम की जांच की। साथ ही उन्होंने सभी से प्रत्येक निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करने तथा मतदान केंद्र, वोटर हेल्पलाइन एप सहित अन्य माध्यमों से मतदाता सूची में अपने नाम की जांच करने की अपील की। गौरतलब हो कि मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत सभी मतदान केन्द्रों पर मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन किया गया।

### डोमटोली स्कूल में चारदीवारी निर्माण का विधायक ने किया उद्घाटन

**कोलेबिरा।** प्रखंड के डोमटोली जीईएल मध्य विद्यालय में विधायक मद से बने चहारदीवारी निर्माण कार्य का कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाडी ने उद्घाटन किया। विधायक ने कहा कि इस विद्यालय में चहारदीवारी की आवश्यकता थी, प्रबंधन समिति ने उनसे संपर्क कर चहारदीवारी की आवश्यकता के बारे में बताया था। जिसको संज्ञान में लेकर विधायक मद से निर्माण कराया गया। अल्पसंख्यक विद्यालय में समाज के सभी जाति, धर्म के गरीब, दबे, कुचले लोगों के बच्चे पठन पाठन का कार्य करते हैं। इन विद्यालय पढ़कर छात्र तरक्की कर रहे हैं। ये छात्र पढ़ाई कर डॉक्टर, इंजीनियर, अधिकारी बन कर अपने समाज क्षेत्र राज्य और देश का नाम ऊंचा कर रहे हैं।

### मुराइडीह में ओवरलोड हाइवा पलटा, चालक और खलासी बचे

**धनबाद।** बीसीसीएल एरिया नंबर एक के मुराइडीह फिडर ब्रेकर के समीप गुरुवार की दोपहर कोयले से ओवरलोड एक हाइवा अनियंत्रित होकर पलट गया। दुर्घटना में हाइवा के चालक व खलासी बाल-बाल बच गए। बाद में क्रेन मंगाकर काफी मशक्कत के बाद हाइवा को उठाया गया। बताया गया कि हाइवा चालकर फिडर ब्रेकर से कोयला लेकर ज्यादा ट्रिप लगाने के चक्कर में रहते हैं। यही वजह है कि अक्सर दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। चालक सुरक्षा व ट्रांसपोटिंग में कंपनी के नियमों की भी अवहेलना करते हैं। दुर्घटनाओं के बावजूद ट्रांसपोर्टर सचेत नहीं हैं। वहीं, बीसीसीएल प्रबंधन हमेशा अपना पल्ला झाड़ लेता है।

# पार्टी कार्यकर्ता विस चुनाव की तैयारी में जुट जाएं : आजसू



**नवीन मेल संवाददाता। चक्रधरपुर**

चक्रधरपुर शहर के वन विश्रामागार प्रांगण में गुरुवार को वन आजसू पार्टी की विधानसभा स्तरीय बैठक हुई. बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रामलाल मुंडा ने की। इस दौरान जिलाध्यक्ष राम लाल मुंडा ने कहा कि जल्द ही चूल्हा प्रमुखों का गठन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी के कार्यकर्ता तैयारी में जुट जाएं। साथ ही संगठन को मजबूत करने के लिए सदस्यता अभियान तेज करते हुए अधिक से अधिक युवाओं को संगठन में जोड़ने का काम किया जाए। इस दौरान जिलाध्यक्ष रामलाल मुंडा ने कहा कि आजसू पार्टी द्वारा 100 दिन का रोड मैप तैयार किया गया है। इसके तहत विधानसभा क्षेत्र के 350 गांव में चूल्हा प्रमुखों का गठन करना है। प्रत्येक गांव में 25 चूल्हा प्रमुखों का गठन किया जाएगा। एक चूल्हा प्रमुख गांव में 10 घरों को गोद लेंगे। बैठक में केंद्रीय सदस्य अजय महतो, प्रवक्ता मनोज सिंह, जिला सोशल मीडिया प्रभारी शुभम महतो, चंद्रदीप प्रधान, यशवंत महतो, सूरज महतो, सनातन प्रधान, अभिमन्यु महतो, भगवान गोप, परशुराम प्रधान, चंद्रदीप प्रधान, मंगल सिंह मुंडा, शैलेंद्र जामुदा, रामदेव तांती, मंगल सिंह तांती, शेखर बोदरा, कैलाश नायक समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### ई-श्रम कार्ड के लिए लगाया गया कैंप

**ठेठईटांगर।** प्रखंड के मेरोमडेगा पंचायत के टांगरटोली गांव में स्कीम लिंकेज का कैंप छोटा नागपुर कल्याण निकेतन संस्था द्वारा किया गया। जिसमें ई-श्रम कार्ड बनाया गया। जिसमें लगभग 200 लोगों की उपस्थिति हुई जिन व्यक्तियों का मोबाइल लिंक आधार से था उनका ई-श्रम कार्ड बनाया गया जो ग्रामीण जी भी योजना से वंचित है उन्हें लिंक करने के लिए प्रयास किया जा रहा है । इस तरह टापुडेगा खास के ग्रामीणों द्वारा इसका लाभ लिया। इस कैंप में आयुष्मान कार्ड बनवाया गया। इसके साथ ही कैंप में कई तरह के स्कीम का फॉर्म भी उपलब्ध कराया गया । जिसका उपयोग ग्रामीण द्वारा किया गया। मौके पर जिला समन्वय रोहित कुमार प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर हेमंत कुमार ,शांति देवी गौरव प्रधान ,नीरज बा उपस्थित थे।

# पुलिस पब्लिक फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। बानो**

एसएस हाई स्कूल मैदान बानो में 6वीं शहीद विद्यापति सिंह व तुराम बिरुली पुलिस पब्लिक फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया है।मैच का उद्घाटन एसपी सौरव कुमार ने खिलाड़ियों से हाथ मिला कर एवं परिचय प्राप्त कर किया। मौके पर उन्होंने कहा आज हम प्रखण्ड के दो वीर सपूत के याद में हम फुटबॉल मैच का आयोजन करते हैं।उन्होंने आपके रक्षा करते करते अपना जीवन न्योछावर कर दिया ।आज प्रखण्ड सहित पूरे जिला में शांति का माहौल है।आप भी अपने गाँव टोला, परिवार के लोगो को मुख्य धारा से जोड़े जोगलत रास्ते मे है उन्हें समझाए कि गलत रास्ता अपना कर गाँव समाज का विकास नहीं हो सकता है।

आज हमारे जिला का मुख्य समस्या सड़क दुर्घटना से लोगो की मौत ।आप सभी ध्यान दे वाहन सावधानी से चलाए ।बिना हेलमेट पहने गाड़ी न चलायें बड़े वाहन भी तेज गति से न चलायें सीट बेल्ट लगा कर ही चलें ।फुटबॉल मैच आदिबासी फुटबॉल क्लब बानो व जिला परिषद टीम बानो के बीच खेला गया जिसमें आदिबासी फुटबॉल क्लब बानो 1-0से बिजयी रहा इसके पूर्व शहीद वीर जवानों के चित्र पर सभी अतिथियों ने पुष्प अर्पित कर तथा अगरबत्ती जला कर श्रद्धांजलि दिया ।

मौके बानो इंस्पेक्टर दिनेश कुमार प्रजापति , जिला परिषद बिरजो कंडुलना ,प्रमुख सुधीर डांग ,प्रखण्ड विकास पदाधिकारी नैमुदिन अंसारी ,बांनो थाना प्रभारी विकास कुमार, महाबुवांग थाना प्रभारी अभिषेक कुमार एस आई सत्यानारायण प्रसाद ,एस आई निरंजन महतो बिरसा मुंडा खेल समिति के अध्यक्ष सन्तोष साहू ,चूड़ामणि यादव , आदि लोग उपस्थित थे।कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रदीप सिंह, विश्वनाथ बड़ाईक,अरबिंद साहू ,आमुस कंडुलना, आदि लोगों का सहयोग रहा।

### शहीद थॉमस सोरेंग अंतरराज्यीय फुटबॉल टूर्नामेंट की हुई शुरुआत

**सिमडेगा।** सिमडेगा अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में गुरुवार को 25 वां वीर शहीद थॉमस सोरेंग अंतरराज्यीय फुटबॉल टूर्नामेंट की शुरूआत हुई। खेल का उद्घाटन मुख्य अतिथि सिमडेगा उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, विशिष्ट अतिथि जिला विधायक प्रतिनिधि संतोष सिंह विधायक प्रतिनिधि शकील अहमद एवं जिप सदस्य शांति वाला केरकेट्टा, तथा एसडीओ सुमंत तिर्की के द्वारा सर्वप्रथम वीर शहीद की तस्वीर पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलित करते हुए कार्यक्रम की शुरूआत की। जहां परसन्त जॉन स्कूल रांची बनाम शिव शंकर फुटबॉल क्लब झारसुगुड़ा के बीच खेल की शुरूआत हुई। जहां पर दोनों ही टीम शानदार पारी खेलते हुए सभी पारी में बराबरी रही अंत में पेनल्टी शूटआउट का आयोजन किया गया जहां पर 8-7 से शंकर फुटबॉल क्लब झारसुगुड़ा की टीम जीत दर्ज करते हुए अगले चक्र में प्रवेश किया।

ऊर्जा विभाग
झारखण्ड सरकार
विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, इंजीनियरिंग हॉस्टल नं०-2,धुर्वा, रॉंची

अल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेंट सूचना

ई-निविदा प्रसंग सं0- Energy/EWD/Ranchi/31/2024-25 दिनांक- 25/07/2024

| 1. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रातु रोड रॉंची स्थित निर्वाचन आयोग भवन में विधुत अधिष्ठापन एवं विशेष मरम्मति का कार्य। | 44,56,007.00 | 5000.00 | 90,000.00 | 42 दिन |
| 2 | चतरा स्थित व्यवहार न्यायालय में विधुत आपूर्ति हेतु केबल एवं पैनल अधिष्ठापन एवं अन्य विधुत अधिष्ठापन का कार्य। | 28,14,298.00 | 5000.00 | 57,000.00 | 42 दिन |
| 3 | डोरण्डा ए0 जी0 मोड के निकट स्थित न्यायाधीश आवास जज क्वार्टर संख्या 19 में जनरेटर सेट स्थानान्तरण ऑटोमेटिक पैनल अधिष्ठापन एवं सर्विस केबल के बदलीकरण का कार्य। | 13,05,614.00 | 2500.00 | 27,000.00 | 28 दिन |
| 4 | प्रोजेक्ट भवन के कैम्पस धुर्वा स्थित प्रोजेक्ट भवन एवं एम0 डी0 आई0 भवन के कॉरीडोर में एल0 ई0 डी0 लाईट एवं ए0सी0बी0 डी0बी0 के बदलीकरण तथा नये फोकस लाईट के अधिष्ठापन के साथ प्रोजेक्ट बिल्डींग कॉरिडोर में 24 घंटे लाईट को चालु रखने के लिए अलग से विधुत परिपथ अधिष्ठापन का कार्य। | 22,00,715.00 | 5000.00 | 45,000.00 | 28 दिन |
| 5 | रिम्स स्थित सचिव, अनु ज0 ज0, अनु0 जा0 , अल्पसंख्यक एवं पिछडा वर्ग कल्याण विभाग झारखण्ड, रॉंची, के सरकारी आवास संख्या D2/18, PWD कॉलॉनी बरियातु रॉंची में विधुत अधिष्ठापन एवं विशेष मरम्मति का कार्य। | 12,62,044.00 | 2500.00 | 26,000.00 | 28 दिन |
| 6 | हजारीबाग स्थित Composite control Room में विधुत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति का कार्य। | 10,08,689.00 | 2500.00 | 22,000.00 | 28 दिन |
| 7 | हिनु स्थित स्टेट हैंगर के विभिन्न कार्यालय कक्ष, चेम्बर, ट्रेनींग कक्ष, स्टोर इत्यादि में विधुत अधिष्ठापन का विशेष मरम्मति कार्य एवं सर्विस केबल, मेन स्वीच बसबार, इत्यादि बदलीकरण का कार्य। | 14,09,580.00 | 2500.00 | 30,000.00 | 28 दिन |
| 8 | डी0भी0 सी0 चौक हजारीबाग के नजदीक स्थित प्रशासनिका पदाधिकारियों के छः अदद क्वाटरों (ब्लॉक ए0 एवं छः अदद क्वाटरों का ब्लॉक बी0 में विधुत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति का कार्य। | 18,58,071.00 | 5000.00 | 38,000.00 | 28 दिन |
| 9 | धुर्वा रॉंची स्थित FFP Building के कमरा संख्या 7, 8, 14, 24 एवं 25 तथा परिसर में स्थित बैंक के भूतल एवं प्रथम तल में विधुत वायरिंग एवं ऊर्जा विभाग का UPS रिपेयर करने का कार्य | 11,00,740.00 | 2500.00 | 23,000.00 | 28 दिन |
| 10 | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 05.08.2024 | | | |
| 11 | निविदा जमा करने की तिथि | 06.08.2024 के 10.30 बजे पूर्वाह्न से 12.08.2024 के 2.00 बजे अपराह्न तक | | | |
| 12 | निविदा खोलने की तिथि | 13.08.2024 को 3.00 बजे अपराह्न में | | | |
| 13 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची। | | | |
| 14 | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची। | | | |
| 15 | ई प्रोक्युरमेन्ट प्रकोष्ट का फोन नं0 | 0651-2490069 | | | |

Note :- Tender Fee and Earnest Money Deposit (EMD) are to be paid through online mode only as per instruction of IT Dept. Govt. of Jharkhand Letter no.-120 Dated- 03-10-2023.

निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in मे देखा जा सकता है।

विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल,रॉंची

PR 330752 Energy(24-25).D

Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd.
(CIN: U40108JH2013SGC001704)
Regd. Office: 2nd Floor, JUSNL (SLDC) Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi-02
(E-mail:cetjusnl@gmail.com)

NIT No. – 108/PR/ JUSNL/ 2024-25 e-TENDER NOTICE

E-tender in two parts i.e. Technical (Part-I) and Financial (Part – II) is invited from reputed, capable, experienced and financially sound firm for the following works : -

| | |
|---|---|
| Name of work | Design, Engineering, Supply, Erection, Testing & Commissioning of 02 nos. 220 kV AIS bay and corresponding bus extension at 400/220/132 kV GSS Latehar and 220 kV D/C Link Line for connecting 220 kV D/C Latehar - Daltonganj Transmission Line at 400/220/132 kV GSS, Latehar on turnkey basis. |
| Estimated cost (Rs.) | Rs. 12,50,19,468.00 (including GST & all other levies) |
| Earnest Money Deposit | Rs. 25,00,500.00 On line mode |
| Completion Period | 01 (One) Year |
| e-Tender fee | Rs. 20,000.00 + 18% GST On line mode. |
| Start Date & Time of Download the Tender Documents | 29.07.2024 at 11:00 AM |
| Start Date and time of upload of BID | 29.07.2024 at 11:00 AM |
| End date and time of upload of BID | 19.08.2024 upto 04:00 PM |
| BID Opening date for technical part | 20.08.2024 at 04:00 PM |
| BID Opening date for price part | Will be communicated |
| Procurement Officer and address for communication | General Manager, C&M (NWBP), 2nd Floor, JUSNL (SLDC) Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002 |

1. e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website https://jharkhandtenders.gov.in. Any details required in this regard can also be had from the office of the undersigned (8987421011) during office hours.
2. The bids will be received through electronic tendering mode only.
3. No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager, C&M (NWBP)
JUSNL,Ranchi

PR 330426 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(24-25)D

## रॉयल्टी का अधिकार राज्यों को भी

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को केंद्र सरकार के पक्ष को नकारते हुए कहा है कि राज्यों के पास संविधान के तहत खदानों और खनिज वाली भूमि पर रॉयल्टी वसूलने का विधायी (कानूनी) अधिकार है। नौ न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने 8:1 के बहुमत से फैसला सुनाया कि खनिजों के बदले दी जाने वाली रॉयल्टी कर नहीं है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने अपनी और पीठ के सात न्यायाधीशों की ओर से फैसला पढ़ते हुए कहा कि संसद के पास संविधान की सूची दो की प्रविष्टि 50 के तहत खनिज अधिकारों पर कर लगाने का अधिकार नहीं है। संविधान की सूची-II की प्रविष्टि 50 खनिज विकास से संबंधित नियमों और खनिज अधिकारों पर करों से संबंधित है। बहुमत के फैसले को पढ़ते हुए प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि शीर्ष अदालत की सात सदस्यीय संविधान पीठ का 1989 का फैसला गलत है जिसमें कहा गया था कि रॉयल्टी एक कर है। इससे पहले, सुनवाई शुरू होते ही प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि पीठ ने दो अलग-अलग फैसले दिये और न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना ने इससे असहमति व्यक्त की। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने अपना फैसला पढ़ते हुए कहा कि राज्यों के पास खदानों और खनिजों वाली भूमि पर कर लगाने की विधायी क्षमता नहीं है। पीठ ने इस बेहद विवादास्पद मुद्दे पर फैसला किया कि क्या खनिजों पर देय रॉयल्टी खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 के तहत कर है, और क्या केवल केंद्र को इस तरह की वसूली करने की शक्ति है या राज्यों के पास भी अपने क्षेत्र में खनिज वाली भूमि पर लेवी लगाने का अधिकार है? संविधान पीठ के अन्य सदस्यों में न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय, न्यायमूर्ति अभय एस ओका, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला, न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा, न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां, न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति जार्ज मसीह शामिल हैं। इस फैसले का झारखंड जैसे खनिज प्रधान राज्यों में गहरा प्रभाव पड़ेगा क्योंकि इनकी यह बहुत पुरानी मांग थी और स्वयं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इसकी मांग कई मंचों पर कर चुके हैं। इससे झारखंड को आर्थिक लाभ भी होगा और उसे एक तरह से निगरानी का भी अधिकार मिल जाएगा कि कितना खनिज कितने क्षेत्रफल से निकाला गया। पूर्व में इसका प्रत्यक्ष अधिकार नहीं था और खनन में लगी कोल इंडिया की अनुषंगी इकाइयों सहित अन्य निजी और अर्द्धसरकारी इकाइयों का ही वर्चस्व यहां के खान खदानों पर था वे अपने हिसाब से नीतियां बनाती थीं। अब देखना है कि भारत सरकार इसमें पुनर्विचार याचिका दायर करने की संभावना देखती है या नहीं। दूसरी ओर राज्यांश की बात आने पर कहीं इन खनिजों की कीमत न बढ़ जाए जिसका बोझ आम जनता पर ही पड़ेगा। हालांकि अभी फैसले का विवरण अपलब्ध नहीं है जिस कारण इसके गुण धर्म पर चर्चा नहीं हो सकती पर संभवतः राज्य की भी निगरानी मैकेनिज्म से वे कथित घोटालों पर रोक लगे जिनमें पूर्व में पड़ोसी राज्यों से लेकर पड़ोसी देशों तक बड़े पैमाने पर खनिज के अवैध व्यापार के आरोप लगे और कई केंद्रीय एजेंसियों तक ने जांच भी की जिसमें बड़े लोगों पर उंगली उठी।

> संविधान की सूची-II की प्रविष्टि 50 खनिज विकास से संबंधित नियमों और खनिज अधिकारों पर करों से संबंधित है

# बजट में रक्षा क्षेत्र के साथ हुआ न्याय

केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने देश का साल 2024-25 का बजट पेश करते हुए रक्षा क्षेत्र के लिए 4.54 लाख करोड़ का प्रस्ताव किया। यह संयोग ही है कि कारगिल विजय दिवस (26 जुलाई) से चंदेक दिन पहले ही संसद में पेश आम बजट में रक्षा क्षेत्र के लिए ठीक-ठाक राशि का ही प्रस्ताव किया गया। भारत अपने रक्षा बजट की किसी भी सूरत में अनदेखी नहीं कर सकता। कारण हम सबको पता है। हमारे दो गैर-जिम्मेदाराना हरकतों के लिये कुख्यात पड़ोसी- चीन और पाकिस्तान भारत के कट्टर शत्रु देश हैं। इनसे भारत के कई युद्ध भी हो चुके हैं। इसके अलावा, पाकिस्तान तो भारत में आतंकवाद को लगातार हवा-पानी देता रहता है। यह हमने हाल ही में जम्मू में भी देखा। जम्मू क्षेत्र में आतंकी हमलों में वृद्धि के मद्देनजर, थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने 20 जुलाई को जम्मू का दौरा भी किया। उन्होंने आला सैनिक अफसरों के साथ आतंकवाद को कुचलने की रणनीति पर बातचीत की। जम्मू में इस साल छह अलग-अलग आतंकी हमलों में 11 सशस्त्र बल कर्मियों की मौत हो चुकी है। इसके अलावा, पिछले महीने आतंकियों ने रियासी में एक बस पर फायरिंग की थी। इसके बाद बस के खाई में गिरने से 9 यात्रियों की मौत हो गई थी। इसके अलावा अक्टूबर 2021 से आतंकवादी डोडा, कठुआ और रियासी जैसे क्षेत्रों में और भी अंदर तक पहुंच गए हैं। पिछले महीने जनरल मनोज पांडे से सेना प्रमुख के रूप में पदभार संभालने के बाद से जनरल द्विवेदी का जम्मू क्षेत्र का यह दूसरा दौरा था।

तो बहुत साफ है कि भारत के रक्षा क्षेत्र के सामने बहुत चुनौतियां है। उसे पाकिस्तान और चीन की करतूतों से लगातार लड़ना पड़ता है। भारत की पाकिस्तान से 1947, 1965, 1971 और फिर करगिल में जंग हुई। चीन से भी हमारी भीषण जंग 1962 में हुई। कुछ साल पहले चीन से दोकलम में भी लड़ाई की ही नौबत आ चुकी थी। लेकिन, भारत की कुशल कूटनीति से युद्ध टल गया था। भारत के चीन और पाकिस्तान से कई विषयों पर विवाद हैं। इसीलिए वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने समझदारी पूर्वक रक्षा बजट के लिए एक बड़ी राशि देने का प्रस्ताव रखा।

चीन ने 1962 की जंग के बाद हमारे अक्साईचिन पर अपना जबरदस्ती कब्जा जमा लिया था। यह क्षेत्र 37,244 वर्ग किलोमीटर है जिसमें अनेक ग्लैशियर भरे पड़े हैं। यह पूरे कश्मीर घाटी जितना बड़ा इलाका है। भारत को उस चीन द्वारा जबरदस्ती ढंग से कब्जाए क्षेत्र को वापस तो लेना ही है। चीन हमारे अरुणाचल प्रदेश पर भी गिद्ध दृष्टि रखता है। तो भारत को अपने रक्षा बजट को निरंतर बढ़ाने के साथ सेना के सभी अंगों को और मजबूत तो करना ही होगा। इस बारे में कोई बहस संभव नहीं है। भारत लगातार अपने रक्षा क्षेत्र को बदलते वक्त के साथ तैयार भी कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 अगस्त, 2019 को चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीए) पद सर्जित करने की घोषणा की थी। यह कदम भारतीय सशस्त्र बलों में आपसी तालमेल को बढ़ावा देने के लिए किया गया था। हालांकि यह पहल कारगिल युद्ध के 18 साल बाद हुई। आप जानते हैं कि कारगिल युद्ध में भारत ने पाकिस्तान के गले में अंगूठा डाल दिया था। कारगिल युद्ध भारतीय सेना और राष्ट्रीय खुफिया एजेंसियों के लिए एक बड़ा झटका था। 84 दिनों तक चला यह युद्ध 15,000 फीट की ऊंचाई पर 200 किलोमीटर लम्बी सीमा पर लड़ा गया। यह युद्ध भारतीय सेना के लिए प्रमुख सुधारों और नवीनीकरण का उत्प्रेरक बना। देश की सरहदों की निगहबानी करने वालों के लिए कारगिल का सबसे बड़ा सबक था-अप्रत्याशित की उम्मीद करना। भारतीय सेना ने कभी नहीं सोचा था कि जनरल परवेज मुशर्रफ के नेतृत्व में पाकिस्तान की सेना कारगिल सेक्टर में घुसपैठ करेगी। कारगिल युद्ध का एक महत्वपूर्ण सबक यह भी था कि भारत को आधुनिक हथियारों और गोला-बारूद में आत्मनिर्भर होना होगा।

यह तो जाहिर है कि भारत सरकार रक्षा क्षेत्र के सामने कभी धन की कमी महसूस नहीं होने देती। जब देश के इर्द-गिर्द दो बड़े शत्रु राष्ट्रों की सरहदें मिलती हों तब भारत से यह अपेक्षा करना उचित ही नहीं होगा कि वह अपने रक्षा बजट में कटौती करने की सोचे भी। अगर बात आम बजट में रक्षा क्षेत्र के लिए धन की आवंटन से हटकर करें, तो भारत को अपने रक्षा क्षेत्र में लगातार सुधार करते ही रहना होगा। यह अच्छी बात है कि सरकार सेना, नौसेना और वायु सेना के एकीकरण पर ध्यान केंद्रित कर रही है, जो संकट के समय में उनके बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करेगा। पहले तीनों सेनाएं अपने-अपने स्तर पर काम करती थीं। मौजूदा सरकार ने उनके एकीकरण पर ध्यान केंद्रित किया, जो लीक से हटकर कर एक अलग कदम था और यह समय की मांग भी थी। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा भी था सेना के तीनों अंगों में समन्वय का काम थोड़ा कठिन था, लेकिन अब हमारी सेना बेहतर समन्वय के साथ हर चुनौती से निपटने के लिए मिलकर काम करने को तैयार रहती है। कुछ लोगों का विचार था, स्वदेशी हथियार विश्वस्तरीय नहीं होंगे। लेकिन, वर्तमान सरकार घरेलू उद्योग की क्षमताओं में विश्वास करती है। यह जान लीजिए कि कोई भी सेना बाहर से आयातित उपकरणों से अपने देश की रक्षा नहीं कर सकती है और आज के समय में भारत के लिए रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता आवश्यक है। आत्मनिर्भरता की दिशा में भारत सरकार के लगातार प्रयास अब लाभ देने लगे हैं, क्योंकि भारत का रक्षा उत्पादन एक लाख करोड़ रुपये से अधिक हो चुका है। उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु में रक्षा औद्योगिक गलियारे स्थापित करने जैसी पहल के माध्यम से सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि आधुनिक सैन्य साजो-सामान न केवल भारत में निर्मित हो, बल्कि उन्हें मित्र देशों को भी निर्यात किया जाए। पहले भारत को हथियार आयातक राष्ट्र के रूप में जाना जाता था। लेकिन, आज भारत अपने कम्फर्ट जोन से बाहर आ गया है और हमने हथियार निर्यातक शीर्ष-25 देशों की सूची में जगह बना ली है।



आज की बात



आर.के. सिन्हा
लेखक, वरिष्ठ संपादक स्तंभकार व पूर्व सांसद हैं

आपकी बात

## कराहती नैतिकता

हमारे धर्म शास्त्रों में नैतिकता को काफी महत्व दिया गया है। जितने भी धर्म प्रवर्तक या उपदेशक हुए हैं, वे नैतिकवान थे। इसलिए वे अमरता का प्रतीक बने और दुनिया उन्हें अपना आदर्श मानी। वे तब भी प्रासंगिक थे और अभी भी प्रासंगिक हैं। विश्व स्तर पर जितने भी श्रेष्ठ जन हुए हैं, उन्होंने नैतिकता को वरण किया और युग द्रष्टा साबित हुए।

नैतिक वान व्यक्ति सर्वगुण संपन्न होता है। वह सत्यवादी, सदाचारी, कर्तव्यनिष्ठ, वचनवध एवं प्रीत-प्रवाहक होता है। अतीत के कई कालखंड नैतिकता का धारक रहे हैं इसलिए उस काल के लोग वीर, साहसी एवं सदाचारी रहे। इस दृष्टिकोण से हमें अतीत के अच्छाइयों का वरण करना चाहिए। अगर हमें अतीत का बोध नहीं है तो वर्तमान का बोध करना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन हो जाएगा। स्वयं को निर्मित करने के लिए अतीत को प्रश्रय देना ही होगा। मेरे विचार में एक प्रश्न बार-बार उमड़ता घुमड़ता है की दुनिया के कई रेटिंग एजेंसियां जो मानवीय संस्कारों की गणना करती हैं वह भारत को भ्रष्टतम देश की श्रेणी में डाल रखी हैं। जबकि प्राचीनतम काल से भारत ऋषि- मुनियों का देश रहा है। यहां धर्म प्रवर्तक, उपासक, उपदेशक, साधु-महात्मा, साहित्यकार आदि ने हमारे सामाजिक संरचना पर अपनी छाप छोड़ी है। फिर भी हम भ्रष्ट हैं क्यों? क्या हमारे लिए राम, कृष्ण, बुद्ध, महावीर, पैगंबर, नानक, ईशा मसीह सभी असरहीन रहे? क्या ये हमारे आदर्श के लायक नहीं थे? यह विश्लेषण का विषय है और गंभीर भी है। आधुनिक काल पर दृष्टिपात करें तो विश्व स्तर पर कई ऐसे लोग हुए जिन्हें महापुरुष कहा गया। जैसे कि मार्टिन लूथर, महात्मा गांधी ,नेल्सन मंडेला, मदर टेरेसा आदि। उनका कोई भी कार्य हमें प्रभावित नहीं किया? इसका तात्पर्य है कि हमने केवल उन्हें किताबों में देखा, पढ़ा नहीं और उनके गुणोंको खुद तक पहुंचने ही नहीं दिया। कितना हस्यास्पद बात है यह! एक और प्रश्न मानस पटल पर हथौड़ा चलता है कि इसके लिए दोषी कौन है? आखिर किस वजह से हमारी सामाजिक संरचना निर्बल एवं भ्रष्ट हो गई? इसके कारण अनेकों हो सकते हैं मगर यहां कुछ मुख्य कारणों पर दृष्टिपात किया जा सकता है। सरकार के संचालकों ने आजादी के एक-आध दशक बाद ही स्वयं नैतिकता के चोले के उतार फेंका और लोलुप हो गए। विश्व स्वयं अपने कर्तव्यों के प्रति ईमानदार नहीं रहे। इसका परिणाम यह हुआ कि देश की जनता में उनके प्रति अविश्वास पैदा हुआ और और जनता ने भी जो कि प्रारंभ में काफी हद तक नैतिकवान थी, बेईमानी का दामन थाम ली। परिणामतःदेश अंध युग में प्रवेश कर गया। जहां धार्मिक उन्माद, जातीयता, ऊंच-नीच का भेदभाव और धन के प्रति आसक्ति आदि बुराइयों ने हमारी सामाजिक संरचना को क्षीण भिन्न करना प्रारंभ कर दी। सरकारी विभाग के मंत्री से लेकर पदाधिकारी और चपरासी तक भ्रष्टता को वरण कर लिए। शिक्षा का उद्देश्य बदल गया। शिक्षण संस्थाएं और शिक्षक राजनीति और हिंसा के पर्याय बन गए। शिक्षा महत्वहीन होती गई और शिक्षक नैतिकहीन।



पंकज कुमार सिंह
पीजीटी हिंदी

देश की बात

## प्राचीन धार्मिक साहित्य में चिकित्सकीय वर्णन

मनुष्य प्रकृति की अनुपम कृति है। मनुष्य मूलतः बुद्धि जीवी प्राणी है। स्वाभाविक है कि मनुष्य की प्रयोगवादी प्रवृति के चलते उसे स्वास्थ्य सहित विभिन्न क्षेत्रों में कई खतरों और बीमारियों का सामना करना पड़ता रहा है। यहीं चिकित्सा का प्रारंभ होता है। प्राकृतिक चिकित्सा सर्वप्रथम औषधीय प्रयास है। प्राकृतिक चिकित्सा का वर्णन पौराणिक ग्रन्थों एवं वेदों में सुलभ है प्राकृतिक चिकित्सा के साथ ही योग एवं आसानों का प्रयोग शारीरिक एवं आध्यात्मिक तथा मानसिक आरोग्य के लिये होता रहा है। पतंजलि का योगसूत्र इसका एक प्रामाणिक ग्रन्थ है। भारत में ही नहीं विदेशों में भी प्राकृतिक चिकित्सा विधियों के इतिहास होने के प्रमाण मिलते है। आधुनिक चिकित्सा विधियों के विकास के फलस्वरूप इस प्राचीन चिकित्सकीय पद्धति को हम भूलते गये। प्राकृतिक चिकित्सा संसार में प्रचलित सभी चिकित्सा प्रणाली में सर्वाधिक पुरानी है। प्राचीन ग्रंथों मे जल चिकित्सा व उपवास चिकित्सा का उल्लेख मिलता है। उपवास को अचूक चिकित्सा माना जाता है, और उसके स्पष्ट त्वरित परिणाम भी दिखते हैं। महाभारत और श्री रामचरित मानस विश्व महाकाव्य हैं। ये ग्रंथ धर्म, राजनीति, संस्कृति, जीवन मूल्य, लोकाचार, पौराणिक, ऐतिहासिक, दार्शनिक, आध्यात्मिक और वैचारिक ज्ञान की अनमोल थाथी है। इन ग्रंथों के अध्ययन और व्याख्या से इसमें सन्नहित न्याय, शिक्षा, चिकित्सा, ज्योतिष, युद्धनीति, योगशास्त्र, अर्थशास्त्र, वास्तुशास्त्र, शिल्पशास्त्र, कामशास्त्र, खगोलविद्या के गुह्यतम रहस्यों को विद्वान अनावरित करते रहते हैं। चिकित्सा और औषधीय ज्ञान की भी अनेकानेक जानकारियां मानस तथा महाभारत से मिलती हैं। यहाँ तक कि मानसिक रोगों की चिकित्सा का उपाय भी राम चरित मानस में मिलता है। ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद चार वेदों में से मुख्य रूप से ऋग्वेद और अथर्ववेद में वानस्पतिक औषधियों का वर्णन सुलभ है। अथर्ववेद को चिकित्सा शास्त्रीय ज्ञान का पहला स्त्रोत माना जाता है। अधिकांश वैदिक उपचारक छंद अथर्ववेद में पाए जाते है।



विवेक रंजन श्रीवास्तव



बोधि वृक्ष

> मान्यता है महर्षि परशुराम ने यहीं अपने परशु यानी फरसे को रख दिया था। स्थानीय लोग इसे त्रिशूल के रूप में भी पूजते हैं। आश्चर्य की बात ये है कि इसमें कभी जंग नहीं लगता।

## यहां है भगवान परशुराम का तप स्थल

झारखंड के गुमला जिले में भगवान परशुराम का तप स्थल है। यह जगह रांची से करीब 150 किमी दूर है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, भगवान परशुराम ने यहां शिव की घोर उपासना की थी। यहीं उन्होंने अपने परशु यानी फरसे को धरती पर रख दिया था। इस फरसे की ऊपरी आकृति कुछ त्रिशूल से मिलती-जुलती है। यही वजह है कि यहां श्रद्धालु इस फरसे की पूजा के लिए आते है। वहीं शिव शंकर के इस मंदिर को टांगीनाथ धाम के नाम से जाना जाता है। कहा जाता है कि टांगीनाथ धाम में साक्षात भगवान शिव निवास करते हैं। लोग शिवरात्रि के अवसर पर ही श्रद्धालु टांगीनाथ के दर्शन के लिए आते हैं। यहां स्थित एक मंदिर में भोलेनाथ शाश्वत रूप में हैं। स्थानीय आदिवासी ही यहां के पुजारी है और इनका कहना है कि यह मंदिर अत्यंत प्राचीन है। मान्यता है महर्षि परशुराम ने यहीं अपने परशु यानी फरसे को रख दिया था। स्थानीय लोग इसे त्रिशूल के रूप में भी पूजते हैं। आश्चर्य की बात ये है कि इसमें कभी जंग नहीं लगता। खुले आसमान के नीचे धूप, छांव, बरसात- का कोई असर इस त्रिशूल पर नहीं पड़ता है। त्रेता युग में जब भगवान श्रीराम ने जनकपुर में आयोजित सीता माता के स्वयंवर में शिव जी का धनुष तोड़ा तो वहां पहुंचे भगवान परशुराम काफी क्रोधित हो गए। इस दौरान लक्ष्मण से उनकी लंबी बहस हुई और इसी बीच जब परशुराम को पता चला कि भगवान श्रीराम स्वयं नारायण ही हैं तो उन्हें बड़ी आत्मग्लानि हुई। वह पश्चाताप करने के लिए घने जंगलों के बीच एक पर्वत श्रृंखला में आ गए। यहां वे भगवान शिव की स्थापना कर आराधना करने लगे।



फेसबुक वॉल से

Karan Minj
21h

नागपुरी भाषा साहित्य के संरक्षण, संवर्धन और विकास में खूंटी जिले के नागपुरी साहित्यकारों और कलाकारों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। धनीराम बक्शी, फादर पीटर शांति नौरंगी, ShivAwtaar Chowdhari Shivaji, Ramvritt singh, Padmashree Giridhari Ram Gaunjhu,, Meghnath Ohdaar, Bindeshwari Mishra, digamber singh, Yashoda Devi, Ramprawesh singh, Laxmi Narayan Baraik, kesho Devi सहित कई ऐसे नाम है जिन्होंने अपने को नागपुरी भाषा साहित्य और गीत संगीत के लिए समर्पित किया है। Podha गांव के काशीनाथ सिंह भी नागपुरी के अच्छे वादक और गायक थे। ढोल मांदर बजाने में उन्हें महारत हासिल थी। मुझे उनके घर जाने का सौभाग्य मिला। उनके बेटे उपेंद्र सिंह से भी मेरी मुलाकात हुई और कई बिंदुओं पर चर्चाएं हुई




Pramod Roy and 32 others · 10 comments
Like · Comment · Send

X से

Babulal Marandi @yourBabulal · 17h
हाथी के दांत दिखाने के कुछ और, खाने के कुछ और...

इस सूची को देखकर तो ऐसा ही लगता है कि हेमंत सोरेन जी के कथनी और करनी मे कोई तालमेल नहीं है। हेमंत के द्वारा स्थानीयता का नारा सिर्फ झारखंड के बेरोजगार युवाओं को भ्रमित कर वोट लूटने के इरादे से दिया गया है।

मुख्यमंत्री Show more


झारखंड सरकार
नगर विकास एवं आवास विभाग
अधिसूचना

28 · 179 · 368 · 7.6K

अलग बात

## सड़कें न हो जरूरतमंदों का घर...

हमारे शहरों के हर कोने में, जहाँ पर जीवन एक अलग लय में बहता है और जहाँ सपनों को उड़ने के लिए पंख मिलते हैं, इसके पीछे एक कड़वी हकीकत छिपी है, जिसे अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है। शहरी जरूरतमंद, जो शहर को जीवित रखने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं, उन्हें जीवन की बुनियादी जरूरतों के बिना, खुद को ही संभालना पड़ता है। गर्म भोजन, साफ कपड़े और सोने के लिए सुरक्षित जगह उनके लिए सिर्फ एक दूर का सपना होता है। सोचिए, यदि आपका घर सड़क के किनारे हो और पूरी तरह से अस्थायी हो, जो मौसम की मार झेलने के लिए सबसे आगे खड़ा हो और सड़क के किनारे होने की वजह से हर पल अपने ऊपर खतरा मोल लिए हो, तो यह कैसा लगेगा? यह कल्पना में भी अच्छा प्रतीत नहीं हो रहा है न......! लेकिन कई लोगों के लिए, यह सिर्फ एक काल्पनिक स्थिति नहीं है, बल्कि एक कठिन सच है, जिसका सामना वे हर दिन करने को मजबूर हैं। सड़कें, जो प्रगति का प्रतीक होनी चाहिए, एक जेल बन जाती हैं जिसमें कोई बचाव, कोई सुरक्षा नहीं है। इन सड़कों पर रहने वाले परिवार, जिसमें छोटे बच्चे और बुजुर्ग भी शामिल हैं, अपने ही जीवन से संघर्ष करते हैं, और साथ ही किस्मत की मार और समाज की उदासीनता बिना किसी शिकायत के सहते चले जाते हैं। आप अक्सर इन लोगों को सड़क के किनारे देख सकते हैं, जो फटे हुए कंबल के नीचे सिमटे हुए मिल जाएँगे। उनके सपने बड़े ही सरल होते हैं, सिर्फ एक ऐसी जगह मिल जाए, जहाँ वे सुरक्षित रह सकें, बिना डर के उठें और अपने परिवार के साथ सुकून से रह सकें। फिर भी, ये सपने कई लोगों को हासिल नहीं हो पाते, और ये लोग गरीबी के लगातार संघर्ष के साए में ही अपना सारा जीवन निकाल देते हैं। यह कितना हृदयविदारक है कि किसी की एक पल की जरा-सी लापरवाही कैसे किसी के जीवन को बर्बाद कर सकती है। एक तेजी से चलती कार, एक ध्यान भटका हुआ ड्राइवर, और एक पल में एक जीवन समाप्त हो जाता है। निर्दोष पीड़ित, जिसकी केवल इतनी गलती थी कि उसने एक रात बिताने के लिए सड़क के किनारे का सहारा लिया था, एक्सीडेंट की वजह से मरने वालों की संख्या में महज एक दुःखद आँकड़ा बन कर रह जाता है। हाल ही में वित्त वर्ष 2024 के लिए बजट पेश किया गया, जिसमें हाशिए पर खड़े लोगों के लिए एक उम्मीद की किरण उभरी है।



अतुल मलिकराम
लेखक व राजनीतिक रणनीतिकार

राज्य की बात

## सेना में झुंझुनू के जवान बेमिसाल

राजस्थान में शेखावाटी क्षेत्र के झुंझुनू जिले के अमर सपूतों की इस वीर भूमि के रणबांकुरों ने जहां स्वतंत्रता पूर्व के आन्दोलन में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया था, वहीं स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद सेना द्वारा लड़ी गई लड़ाइयों में भी इस धरती की माटी में जन्मे वीरों ने समय-समय पर अपना पराक्रम दिखाया है। वीरों की इस धरती ने सदियों से जन्म लेते रहे सपूतों के दिलों में देशभक्ति की भावना को प्रवाहित किया हैं। वास्तव में यहां की धरती को यह वरदान सा प्राप्त होना प्रतीत होता है कि इस पर राष्ट्रभक्ति के कीर्तिमान स्थापित करने वाले लाडेसर ही जन्म लेते हैं। चाहे 1948 का पाकिस्तान का कबायली हमला हो या 1962 में चीन से युद्ध हो या 1965 व 1971 का भारत-पाकिस्तान युद्ध। यहां के वीरों ने मातृभमि की रक्षा हेतु सदैव अपना जीवन बलिदान किया हैं। सेना के तीनों अंगो की आन की रक्षा के लिए यहां के नौजवान सैनिकों के उत्सर्ग को राष्ट्र कभी भुला नही सकता है। राजस्थान में झुंझुनू जिले के नवयुवकों में सेना में भर्ती होने की बहुत पुरानी परम्परा रही है। यहां के गांवों में घर-घर में सैनिक होता है। सेना के प्रति यहां के लगाव के कारण अंग्रेजों ने यहां एक सैनिक छावनी की स्थापना कर शेखावाटी ब्रिगेड का गठन किया था। देश रक्षा के लिए सेना में शहादत देना राजस्थान की परम्परा रही है। झुंझुनू जिले के वीर जवानों को उनके शौर्यपूर्ण कारनामों के लिये समय-समय पर भारत सरकार द्वारा विभिन्न अलंकरणों से नवाजा जाता रहा है। अब तक इस जिले के कुल 130 से अधिक सैनिकों को वीरता पुरस्कार से नवाजा जा चुका है। जो पूरे देश में किसी एक जिले के सर्वाधिक संख्या है। भारतीय सेना में योगदान के लिए झुंझुनू जिले का देश में अव्वल नम्बर हैं। वर्तमान में इस जिले के 55 हजार जवान सेना में कार्यरत हैं।



रमेश सर्राफ धमोरा

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)





# कारगिल युद्ध से मिली सीख को और मजबूत किया जाना चाहिए : सीडीएस

## सैनिकों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा, भावी पीढ़ियों को प्रोत्साहित करता रहेगा

## तीनों सेनाएं संगठनात्मक, संरचनात्मक, वैचारिक स्तर पर बड़े सुधार की दहलीज पर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने कारगिल युद्ध की 25वीं वर्षगांठ पर गुरुवार को सशस्त्र बलों के सभी रैंकों को अपनी बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में सीडीएस ने इस बात पर जोर दिया कि कारगिल युद्ध में बहादुरों का सर्वोच्च बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि यह न केवल सैनिकों बल्कि देश के युवाओं की भावी पीढ़ियों को भी प्रेरित और प्रोत्साहित करता रहेगा। कारगिल युद्ध पर प्रकाश डालते हुए सीडीएस ने कहा कि इस युद्ध में न केवल सेना के लिए बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े सभी लोगों के लिए सबक थे। उन्होंने जोर देकर कहा कि खून बहाकर सीखे गए सबक को नहीं भूलना चाहिए, गलतियों को नहीं दोहराना चाहिए और सही सबक को और मजबूत किया जाना चाहिए। सशस्त्र बलों में चल रहे सुधारों के बारे में जनरल अनिल चौहान ने रेखांकित किया कि तीनों सेनाएं संगठनात्मक, संरचनात्मक और वैचारिक से लेकर सांस्कृतिक तक बड़े सुधारों की दहलीज पर हैं। उन्होंने कहा कि इन सुधारों का उद्देश्य युद्ध क्षमता में सुधार करना और सशस्त्र बलों को हर समय युद्ध के लिए तैयार रखना है। हमें पुरानी प्रथाओं को त्यागने और नई प्रथाओं को अपनाने के लिए तैयार रहना चाहिए। सुधारों का स्वरूप और रूपरेखा भारतीय परिवेश और चुनौतियों की विशिष्टता को दशार्ना चाहिए। सीडीएस ने नागरिकों को आश्वस्त किया कि देश के अमृतकाल में सशस्त्र बल 'विकसित भारत' बनाने के लिए देश के बाकी हिस्सों के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं।



### हाथ में हथकड़ी लगाकर कैदी पहुंचा ताजमहल देखने

**आगरा।** सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें एक पुलिसकर्मी हाथ में हथकड़ी लगाकर एक कैदी को ताजमहल में ले जाते हुए दिख रहे है। ये वीडियो तेजी के साथ सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें साफ तौर पर दिख रहा है कि पुलिसकर्मी जो की हिमाचल प्रदेश पुलिस का अधिकारी है। उसके साथ एक कैदी है जिसके हाथ में हथकड़ी लगी हुई है। पुलिस अधिकारी कैदी के साथ ताजमहल में जाते हुए दिख रहा है। सोशल मीडिया पर जैसे ही ये घटना वायरल हुई है तभी से इसकी लगातार चर्चा हो रही है। जानकारी के मुताबिक हरियाणा पुलिस का एक सिपाही कैदी को हथकड़ी लगाए हुए साथ लेकर ताजमहल देखने के लिए पहुंचा है। जैसे ही ताजमहल देखने आए पर्यटकों ने ऐसा देखा इस घटना की उन्होंने वीडियो बनाई। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर भी जमकर वायरल हुआ है। बता दें कि सोशल मीडिया पर एक कथित वीडियो वायरल हुआ है जिसमें एक पुलिसकर्मी हथकड़ी लगे कैदी को ताजमहल ले जाता दिख रहा है। यह वीडियो सामने आने के बाद बुधवार को आगरा पुलिस ने बताया कि कैदी के साथ हिमाचल प्रदेश का एक अधिकारी था।

# कृषि विभाग में 3 लाख घूस लेते दो गिरफ्तार

## बिहार में निगरानी का बड़ा एक्शन

**एजेंसी। पटना**

बिहार में निगरानी विभाग की टीम ने बड़ा एक्शन लिया है।

निगरानी विभाग की टीम ने कृषि विभाग के संयुक्त सचिव और हेड क्लर्क को रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। दोनों एक शख्स से काम कराने के एवज में तीन लाख रुपए घूस के तौर पर ले रहे थे, तभी निगरानी की टीम ने दोनों को धर दबोचा। दोनों को गिरफ्तार करने के बाद टीम उन्हें अपने साथ ले गई है, जहां पूछताछ के बाद उन्हें निगरानी की कोर्ट में पेश किया जाएगा।

**राज्य में लगातार जारी है भ्रष्टाचार पर चोट**

पिछले दिनों बिहार के बेगूसराय में बांका जिले के शंभूगंज थाना के थाना अध्यक्ष ब्रजेश कुमार के आवास पर निगरानी की टीम ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में छापेमारी की थी। वहां से निगरानी की टीम ने 2 लाख 50000 कैश, 5 लाख के मूल्य के जेवरात और कुछ जमीन के कागजात को जब्त किए थे। निगरानी डीएसपी ने बताया कि 69 लाख आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज हुआ था। उसी को लेकर छापेमारी की गई। निगरानी लगातार भ्रष्टाचार के खिलाफ बिहार में कार्रवाई कर रही है।



### निगरानी को मिली थी शिकायत

जानकारी के अनुसार निगरानी विभाग को दोनों के बारे में शिकायत मिली थी। शिकायत मिलने के बाद निगरानी की टीम ने जांच में आरोप को सही पाया और दोनों को रंगेहाथ पकड़ने के लिए जाल बिछा दिया। संयुक्त निदेशक विभू विद्यार्थी और प्रधान लिपिक सत्यनारायण कुमार घूस के तीन लाख रुपए ले रहे थे। तभी निगरानी की टीम पहुंच गई और दोनों को तीन लाख रुपए कैश के साथ गिरफ्तार कर लिया। निगरानी विभाग की इस कार्रवाई से अन्य कर्मियों में हड़कंप मच गया है।

# बिहार बॉर्डर पर अवैध वसूली की शिकायत के बाद छापेमारी

**एजेंसी। बलिया**

बिहार-बलिया बॉर्डर के नरही थाना क्षेत्र में ट्रकों से अवैध वसूली का खेल चल रहा था। इसके बाद आला पुलिस अधिकारियों ने छापेमारी कर नरही थानाध्यक्ष समेत चौकी के सभी पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया। आजमगढ़ डीआईजी वैभव कृष्ण ने पूरे मामले को लेकर बताया, नरही क्षेत्र, यूपी-बिहार के बॉर्डर के अंतर्गत एक तिराहे पर काफी समय से ट्रक से अवैध वसूली की सूचना मिल रही थी। इसमें कुछ पुलिसकर्मी की संलिप्तता की खबरें भी बताई जा रही थी। बुधवार की रात एडीजी जोन वाराणसी और मेरे द्वारा सादे वस्त्र में इसकी रेकी की गई और फिर सुनियोजित तरीके से रेड की गई। इसमें काफी लोगों की गिरफ्तारी हुई है, जिसमें दो पुलिसकर्मी भी शामिल हैं जबकि तीन अन्य मौके से भाग गए। उन्होंने आगे बताया, भरौली तिराहे के आगे एक पुलिस चौकी पड़ती है, वहां से भी अवैध वसूली की जा रही थी। कुल मिलाकर 16 दलालों और 2 पुलिसकर्मियों की गिरफ्तारी हुई है, साथ ही थाना प्रभारी नरही समेत पूरे चौकी को सस्पेंड कर दिया गया है और उनके खिलाफ एफआईआर भी दर्ज की गई है।

**दो पुलिसकर्मी गिरफ्तार**

आजमगढ़ डीआईजी वैभव कृष्ण ने आगे बताया कि छापेमारी में 37,500 रुपए और 14 मोटरसाइकिल बरामद हुई है। ऐसे तथ्य सामने आए हैं कि ये लोग प्रतिवाहन 500 रुपए वसूलते थे और एक दिन में करीब 1000 वाहनों से वसूली करते थे। जिन ट्रकों से वसूली की जाती थी, उसमें बालू, मिट्टी और कोयला होते थे। ये सारे ट्रक बिहार से आते थे।

### उन्नाव में मासूम बेटे की हत्या कर मां ने भी की आत्महत्या

**उन्नाव।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के मलाव गांव में पारिवारिक कलह के चलते एक महिला ने अपने 5 साल के बेटे को फंदे पर लटकाकर मार डाला। उसके बाद खुद भी फंदे पर लटककर जान दे दी। पति ने कमरा खोला तो बेटे और पत्नी के शव देख विचलित हो शोर मचाया और बेहोश होकर गिर गया। इसके बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। वहीं मृतका के परिजनों ने ससुरालियों पर हत्या किए जाने का आरोप लगा हंगामा किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मलाव गांव निवासी देशराज मुंबई में रहकर मजदूरी करता था। पिछले कई महीनों से वह घर पर रहकर ही मजदूरी कर रहा है।

### विवाहिता को गायब करने का आरोप, सात पर मामला दर्ज

**पूर्वी चंपारण।** जिले के पीपराकोठी थाना क्षेत्र के बरकुरवा में एक विवाहिता को दहेज के लिए प्रताड़ित कर उसे गायब करने का मामला सामने आया है। इसको लेकर विवाहिता के मायके वालों ने सात लोगों पर मामला दर्ज कराया है।

# भीड़ प्रबंधन के लिए तैयार है एसओपी : डीजीपी

**बड़े आयोजनों में विधि व्यवस्था के लिए जारी किया गया दिशा-निर्देश**

**एजेंसी। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के डीजीपी प्रशांत कुमार ने बुधवार को राज्य में बड़े पैमाने पर होने वाले आयोजनों में भीड़ प्रबंधन और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की है। एसओपी इसलिए जारी किया गया है ताकि हाथरस में हुई भगदड़ जैसी घटना दोबारा न हो। एसओपी के अनुसार, खतरे का आकलन करने के बाद ही आयोजन की इजाजत दी जाएगी। वरिष्ठ अधिकारियों को खुद मौके पर पहुंचकर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करना होगा। श्रेणीबद्ध सुरक्षा प्राप्त तथा विशिष्ट अतिथियों (मेहमानों) के आने-जाने का मार्ग आम जनता के मार्ग से अलग रखा जाएगा। राजपत्रित अधिकारी व स्थानीय मजिस्ट्रेट को प्रभारी नियुक्त किया जाएगा। दरअसल, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच, मॉल, रेलवे स्टेशन, राजनीतिक और आध्यात्मिक आयोजनों में भी बड़ी



भीड़ उमड़ती है। इसलिए इन समारोहों में भगदड़ की भी आशंका रहती है। इसलिए भीड़ से संबंधित किसी भी आपात स्थिति और आपदा से निपटने के लिए पर्याप्त और एडवांस तैयारी की जरूरत होती है। डीजीपी ने कहा, "प्रभावी भीड़ प्रबंधन के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) की सिफारिशों के अनुरूप, हमने बड़े पैमाने के आयोजनों के दौरान आपदाओं और आपात स्थितियों को रोकने के लिए मुख्यालय स्तर पर एसओपी तैयार किया गया है।" एसओपी के मुताबिक, भीड़ जनित आपदा के दृष्टिगत कमिश्नरेट, जिला, रेंज, जोन स्तर पर इंटीग्रेटेड सिस्टम विकसित की जाएगी।

### राज्यपाल ने ममता बनर्जी को दी चेतावनी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी.वी। आनंद बोस ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से अपील की कि वह बांग्लादेश की मौजूदा स्थिति पर राजनीति से प्रेरित बयान न दें। गवर्नर ने कहा है कि गैर जिम्मेदाराना बयान देश के बाहरी मामलों को प्रभावित कर सकता है। राज्यपाल का यह बयान बांग्लादेश के विदेश मंत्री हसन महमूद द्वारा बनर्जी की हालिया टिप्पणी पर आपत्ति जताने के बाद आया है, जिसमें उन्होंने बांग्लादेश के लोगों को संकट के समय में पश्चिम बंगाल में शरण देने की पेशकश की थी। राजभवन ने एक बयान में कहा, राज्यपाल मुख्यमंत्री से अपील करते हैं कि वह राजनीति से प्रेरित बयान न दें, जो देश के बाहरी मामलों को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकता है। महमूद ने एक वीडियो में कहा, ममता बनर्जी का सम्मान करते हुए, जिनके साथ हमारे आपसी हितों का संबंध है।।। हालांकि, उनके बयान ने लोगों के बीच भ्रम की स्थिति पैदा कर दिया है। इसलिए, हमने उनके बयान पर भारतीय सरकार को एक नोट भेजा है। भारतीय सरकार से कूटनीतिक माध्यमों के जरिए संपर्क किया है।

# राबड़ी देवी पर ललन सिंह के बयान का राजद ने किया विरोध



**एजेंसी। पटना**

बिहार विधानसभा के मानसून सत्र में चौथे दिन भी सदन की कार्यवाही बाधित रही। विपक्ष ने कई मुद्दों को लेकर हंगामा किया। सदन के अंदर और बाहर भी विरोध प्रदर्शन किया गया। भ्रष्टाचार और बढ़ते अपराध को मुद्दा बनाकर विपक्ष ने सत्ता पक्ष को घेरा। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी पर जदयू सांसद सह केंद्रीय मंत्री ललन सिंह के दिए बयान को लेकर राजद के सदस्यों ने विधान परिषद के अंदर हंगामा किया। वहीं राबड़ी देवी के नेतृत्व में परिषद के बाहर भी प्रदर्शन किया गया।

## आपकी मां और पत्नी कितनी पढ़ी-लिखी हैं : राबड़ी देवी

**पटना।** बिहार की पूर्व सीएम राबड़ी देवी ने भी बजट की आलोचना की थी। वहीं, केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह ने मंगलवार को बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी पर निशाना साधा, जब उन्होंने राज्य को आवंटित 26,000 करोड़ रुपये की सहायता को झुनझुना कहा था। राबड़ी देबी के बयान पर ललन सिंह ने पलटवार करते हुए कहा कि था कि जो ठीक से हस्ताक्षर भी नहीं कर सकतीं, वह बजट कैसे समझेंगी? अब इसी को लेकर राबड़ी देवी भड़क गई हैं। उन्होंने कहा कि बीजेपी और जेडीयू तमाम बेशर्मी भरी बातें करते हैं। मैंने कभी कुछ गलत नहीं कहा। वे महिलाओं का अपमान कर रहे हैं।' इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मैं ललन सिंह से पूछना चाहती हूं कि उनकी मां और पत्नी कितनी पढ़ी-लिखी हैं कि वो दूसरी महिलाओं पर आरोप लगा रहे हैं।

**ललन सिंह के बयान पर राजद के तेवर गरम**

केंद्रीय बजट पर पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी की प्रतिक्रिया से जुड़े सवाल पर जदयू सांसद सह केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने हाल में एक टिप्पणी की थी जिसका विरोध राजद ने किया है। विधानपरिषद में भी राजद ने इसे मुद्दा बनाया और राबड़ी देवी पर जदयू सांसद ललन सिंह के बयान को लेकर प्रदर्शन किया। राजद के सदस्य गुरुवार को विधान परिषद की कार्रवाई के दौरान इस मुद्दे को लेकर हंगामा करते हुए वेल में आ गए। उन्होंने सीएम नीतीश कुमार के भी बयान पर आपत्ति जतायी। वहीं राबड़ी देवी ने पलटवार करते हुए मीडिया के सामने कहा कि ललन सिंह की मां और पत्नी कितनी पढ़ी हुई हैं कि वह दूसरी महिलाओं पर आरोप लगा रहे हैं।

**सीएम नीतीश कुमार के विरोध में भी नारेबाजी**

राजद ने गुरुवार को विधान परिषद की कार्यवाही के दौरान सीएम नीतीश कुमार को भी निशाने पर लिया। राजद विधायक रेखा देवी पर कथित तौर पर की गयी अभद्र टिप्पणी को मुद्दा बनाते हुए मुख्यमंत्री हाय-हाय के नारे राजद के सदस्यों ने लगाए।

## आज का राशिफल

**मेष:** बुद्धि व धन का दुरुपयोग न करें। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय न गंवाकर काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

**वृषभ:** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**मिथुन:** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**कर्क:** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे।

**सिंह:** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोषजनक सफलता मिलेगी।

**कन्या:** अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति ठीक रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। कार्य सफल होंगे।

**तुला:** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार -विमर्श होगा। सहयोग प्राप्त होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पाएंगे। परामर्श आदि सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक:** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। उतावलेपन से बचें। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। किसी को हानि पंहुचाने की चेष्टा न करें, अन्यथा हानि संभव है। स्वविवेक से कार्य करें।

**धनु:** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी।

**मकर:** प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**कुम्भ:** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कुछ तनाव हो सकता है। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें।

**मीन:** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। यात्रा सुखद रहेगी।

## व्यापार/लाफइ व साइंस

### छह महीने में व्यापक समीक्षा के साथ

# संशोधित प्रत्यक्ष कर संहिता लाएगी सरकार : राजस्व सचिव




**मल्होत्रा ने कहा-कराधान के प्रति दृष्टिकोण टकराव की बजाय सहयोग की शैली में होगा**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

वित्त मंत्रालय के राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा ने गुरुवार को कहा कि केंद्र सरकार प्रत्यक्ष कर संहिता की व्यापाक समीक्षा की दिशा में काम कर रही है। इसको आंतरिक समिति के द्वारा तैयार किया जाएगा, फिर अगले छह महीनों के भीतर हितधारकों के परामर्श के लिए साझा किया जाएगा।

संजय मल्होत्रा ने यहां केंद्रीय बजट 2024-25 पर भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की) के एक संवादात्मक सत्र को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि हमारे पास परामर्श प्रक्रिया होगी और यह कैसे होगा, यह हम तय करेंगे। राजस्व सचिव ने कहा कि हम कार्यान्वयन के लिए एक सहयोगात्मक दृष्टिकोण अपनाना चाहेंगे। मल्होत्रा ने कहा कि सरकार करों के कार्यान्वयन के लिए परेशानी मुक्त, सरल और सहयोगात्मक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रयास जारी रखेगी। उन्होंने कहा कि कराधान के प्रति हमारा दृष्टिकोण हमेशा सहयोग की शैली में रहा है, जो आगे भी रहेगा, टकराव की नहीं।

### अदाणी ग्रुप की एनर्जी कंपनी को हुआ 95 फीसदी का मुनाफा

**नई दिल्ली।** अदाणी ग्रुप की एनर्जी सेक्टर की कंपनी अदाणी ग्रीन एनर्जी ने वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही के लिए गुरुवार को अपने नतीजों का ऐलान किया। कंपनी का कंसोलिडेटेड नेट प्रॉफिट 95 फीसदी बढ़कर 629 करोड़ रुपये हो गया। एक साल पहले की समान अवधि यानी यह 323 करोड़ रुपये था। रेवेन्यू 22.5 फीसदी बढ़कर 3,122 करोड़ रुपये हुआ शेयर बाजार को दी सूचना में कंपनी ने बताया कि इसकी कुल आय में 22.5 फीसदी बढ़कर 3,122 करोड़ रुपये हो गई, जबकि एक साल पहले की अवधि में यह 2,550 करोड़ रुपये थी।

# केनरा बैंक को पहली तिमाही में 3,905 करोड़ रुपये का मुनाफा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सार्वजनिक क्षेत्र के केनरा बैंक ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) के नतीजे का ऐलान कर दिया है। अप्रैल-जून तिमाही में बैंक का मुनाफा 10 फीसदी बढ़कर 3,905 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की सामान तिमाही में बैंक को 3,535 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था।

**जून में बैंक का शुद्ध लाभ 10 फीसदी बढ़कर 3,905 करोड़ रुपये पर**

केनरा बैंक ने गुरुवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि फंसे कर्ज में कमी आने से बैंक का मुनाफा बढ़ा है। बैंक के मुताबिक अप्रैल-जून तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 34,020 करोड़ रुपये हो गई, जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 29,823 करोड़ रुपये थी। इस दौरान बैंक की ब्याज आय बढ़कर 28,701 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 25,004 करोड़ रुपये रही थी। बैंक के मुताबिक उसकी शुद्ध ब्याज आय छह फीसदी बढ़कर 9,166 करोड़ रुपये हो गई है, जबकि पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में यह 8,666 करोड़ रुपये थी। बैंक का शुद्ध ब्याज मार्जिन 3.05 फीसदी से घटकर 2.90 फीसदी हो गया है।

# बजट के बाद फीकी पड़ी सोने और चांदी की चमक

**एजेंसी। नई दिल्ली**

। मंगलवार को बजट पेश होने के बाद मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) में सोने और चांदी के भाव में लगातार गिरावट की स्थिति बनी हुई है। इस गिरावट के कारण एमसीएक्स में सोना 4 महीने के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया है। इसी तरह चांदी की कीमत भी 2 महीने के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई है। एमसीएक्स पर वायदा कारोबार में सोना 68,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के करीब पहुंच गया है। चांदी की कीमत भी 81,300 रुपये के स्तर पर पहुंच गई है।

आंकड़ों के मुताबिक पिछले एक हफ्ते के दौरान ही एमसीएक्स पर सोने के भाव में 7 प्रतिशत की गिरावट आई है। वहीं एक महीने के आंकड़े पर नजर डालें, तो ये गिरावट 5 प्रतिशत की है। ये स्थिति भी तब है, जब अमेरिका में सोने के वायदा कारोबार में पिछले एक हफ्ते में सिर्फ एक प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। एक महीने का आंकड़ा देखें तो वायदा कारोबार में अमेरिकी बाजार में सोने के भाव में 2 प्रतिशत की तेजी आई है। अगर साल 2024 की शुरूआत से लेकर अभी तक का आंकड़ा देखें तो अमेरिकी वायदा बाजार में सोना 15 प्रतिशत तक उछल चुका है।

# केंद्र सरकार ने मसौदा नियमों पर प्रतिक्रिया देने की समय-सीमा 15 दिन बढ़ाई

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने गुरुवार को हितधारकों के लिए कष्टप्रद कॉलों को रोकने और विनियमित करने के लिए प्रस्तावित नियमों पर टिप्पणियां प्रस्तुत करने की तारीख एक पखवाड़े के लिए बढ़ा दी है। इसको 21 जुलाई, 2024 से 15 दिनों यानी पांच अगस्त तक के लिए बढ़ाया गया है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने जारी एक बयान में बताया कि अवांछित और अनुचित व्यावसायिक संचार की रोकथाम और विनियमन, 2024 के लिए मसौदा दिशा-निर्देशों पर टिप्पणियां एवं प्रतिक्रिया प्रस्तुत करने की अंतिम समय-सीमा को 15 दिनों के लिए बढ़ाया गया है। मंत्रालय के मुताबिक अब इसको प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 21 जुलाई, 2024 से 15 दिन और बढ़ाकर 5 अगस्त, 2024 किया गया है। मंत्रालय के मुताबिक अवांछित और अनुचित व्यावसायिक संचार की रोकथाम और इसके विनियमन के लिए मसौदा दिशा-निर्देश, 2024 पर टिप्पणियां/प्रतिक्रिया प्रस्तुत करने की समय-सीमा को बढ़ाने के लिए विभिन्न संघों, संघों और अन्य हितधारकों से प्राप्त अनुरोधों के मद्देनजर बढ़ाने का निर्णय लिया गया है।

## पेरिस ग्रीष्मकालीन ओलंपिक में झारखंड से भाग लेने वाली एक मात्र खिलाड़ी हैं दीपिका

# रांची की राजकुमारी से है पदक की उम्मीदें...



**जीवट की खिलाड़ी हैं दीपिका :** महिला वर्ग में सभी की नजरें दीपिका पर टिकी रहेंगी। उनका साथ देने के लिए भजन कौर और अंकिता भकत हैं। जहां तक दीपिका का सवाल है, तो वे जीवट की खिलाड़ी हैं। उन्होंने मां बनने के 16 महीने के अंदर शंघाई विश्व कप के पहले चरण में रजत पदक जीता था।

**त्रिभुवन कुमार सिन्हा**

**रांची।** पेरिस ओलंपिक 2024 का आगाज शुक्रवार (26 जुलाई) को होगा। इस ओलंपिक में झारखंड को केवल रांची की राजकुमारी दीपिका से ही पदक की उम्मीदें हैं। क्योंकि, महिला हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई नहीं कर पाई और भारतीय पुरुष हॉकी टीम में इस बार झारखंड का कोई खिलाड़ी शामिल नहीं है। हॉकी तथा तीरंदाजी ही ऐसे दो खेल हैं, जिसमें झारखंड के खिलाड़ी राष्ट्रीय टीम में शामिल किए जाने पर ओलंपिक खेल पाते हैं। अन्य खेलों में झारखंड की धमक अभी वैसी नहीं है कि ओलंपिक का टिकट मिल सके। रांची की दीपिका कुमारी महतो झारखंड की एक ऐसी महिला तीरंदाज हैं, जो आज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष खिलाड़ियों में से एक हैं। उन्होंने संघर्षपूर्ण जिंदगी जीते हुए न केवल अपने लिए खास मुकाम बनाया, बल्कि परिवार, राज्य और देश का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया। दीपिका एक रिकर्व तीरंदाज हैं। वे चौथी बार ओलंपिक में तीरंदाजी खेल में देश का प्रतिनिर्धित्व कर रही हैं। दीपिका पेरिस ओलंपिक 2024 में महिला तीरंदाजी रिकर्व टीम का नेतृत्व कर रही हैं। इस टीम में दीपिका के अलावे भजन कौर और अंकिता भक्त शामिल है। ध्यान देने वाली बात यह है कि ओलंपिक में तीरंदाजी को 1988 में शामिल किया गया था। तीरंदाजी को ओलंपिक में शामिल हुए 36 साल हो गए हैं, लेकिन भारत आज तक इस खेल में एक पदक भी हासिल नहीं कर पाया है। भारतीय महिला टीम ने इसबार रैंकिंग के आधार पर ओलंपिक के लिए क्वालिफाई किया है, यानी भारतीय टीम सभी पांचों स्पर्धाओं में भाग लेगी। खिलाड़ियों की वरीयता क्वालिफिकेशन राउंड से तय की जाएगी। पेरिस ओलंपिक 2024 के उद्घाटन से एक दिन पहले 25 जुलाई को महिला तीरंदाजों का क्वालिफिकेशन राउंड हुआ। इसमें प्रत्येक तीरंदाजों ने 72 तीर चलाए और इसके आधार पर उनकी वरीयता तय हुई। मुख्य नॉकआउट प्रतियोगिता 28 जुलाई से होगी।

### संघर्ष से पाया ऊंचा मुकाम

दीपिका कुमारी महतो का जन्म 13 जून 1994 को रांची के रातू में ऑटोरिक्शा चालक शिव नारायण महतो और नर्स गीता महतो के घर हुआ था। गरीबी में पली-बढ़ीं दीपिका ने कभी अपना मनोबल गिरने नहीं दिया। 12 वर्ष की उम्र में उन्होंने तीरंदाजी खेल से जुड़ने का फैसला लिया। संघर्ष की आंच में तपकर उन्होंने भारतीय टीम में जगह बनाई और वर्ष 2006 में मैरिदा मेक्सिको में आयोजित वर्ल्ड चैंपियनशिप में कंपाउंड एकल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। यहां से शुरू हुआ सफर नहीं थमा और एक समय ऐसा भी आया कि उन्हें विश्व की नंबर-1 महिला तीरंदाज बनने का गौरव हासिल हुआ। रांची का नाम तीरंदाजी के विश्व पटल पर छा गया। वर्ष 2009 में उन्होंने अमेरिका में 11वीं यूथ आर्चरी चैंपियनशिप जीती। वर्ष 2010 में एशियन गेम्स में कांस्य पदक प्राप्त किया। वर्ष 2010 में ही राष्ट्रमंडल खेल में व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण जीता। साथ ही, महिला रिकर्व टीम को भी स्वर्ण दिलाया। वर्ष 2011 में इस्तांबुल और 2012 में टोक्यो में एकल खेलों में रजत पदक प्राप्त किया। इस पर उन्हें अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वर्ष 2016 में दीपिका को राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने पद्मश्री से सम्मानित किया। दीपिका ने 30 जून 2020 को तीरंदाज अतनु दास से शादी की।



**2009** में उन्होंने अमेरिका में 11वीं यूथ आर्चरी चैंपियनशिप जीती

**2010** में ही राष्ट्रमंडल खेल में व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण जीता। साथ ही, महिला रिकर्व टीम को भी स्वर्ण दिलाया।

*पेरिस ओलंपिक में महिला तीरंदाजी रैंकिंग राउंड में भारतीय टीम का शानदार प्रदर्शन*

# भारत तीरंदाजी टीम क्वार्टर फाइनल में



**एजेंसी**

**पेरिस।** भजन कौर, दीपिका कुमारी और अंकिता भक्त की भारतीय महिला तीरंदाजी टीम ने 1983 अंकों के साथ चौथा स्थान हासिल करके सीधे पेरिस ओलंपिक के क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। महिला तीरंदाजी रैंकिंग राउंड में, दक्षिण कोरिया 2046 अंकों के साथ सूची में शीर्ष पर रहा, उसके बाद चीन (1996) और मैक्सिको (1986) थे। भारत के लिए, अंकिता भक्त सीजन के सर्वश्रेष्ठ 666 अंकों के साथ 11वें स्थान पर रहीं और महिला तीरंदाजी प्रतियोगिता में 11वीं वरीयता प्राप्त की। दक्षिण कोरिया की लिम सिहयोन (694 अंक विश्व रिकॉर्ड), और नाम सुहयोन (688, व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ) महिला रैंकिंग में पहले और दूसरे स्थान पर रहीं। रैंकिंग राउंड के दौरान, प्रत्येक निशानेबाज को 36-36 के दो हिस्सों में 72 तीर मारने थे। एक सेट में एक साथ छह तीर चलाए जाते हैं, और प्रति आधे में छह सेट होते हैं। शीर्ष चार वरीय खिलाड़ियों ने क्वार्टर फाइनल में सीधे योग्यता अर्जित की। पहले सेट के समापन पर, भारतीय तीरंदाज अंकिता भक्त ने 54 अंक बनाए और 22वें स्थान (10, 10, 9, 9, 8, 8) पर रहीं, दीपिका कुमारी 51 अंक और 51वें स्थान (10, 9, 9, 9 8, 6) पर रहीं, भजन कौर के 51 अंक (9, 9, 9, 9, 8, 7) और 52वां स्थान था। अग्रणी खिलाड़ी 59 अंकों के साथ दक्षिण कोरिया की सिहयोन लिम थे।

अगले दो सेटों में, अंकिता और भजन ने अपनी स्थिति में सुधार करना शुरू कर दिया और क्रमशः सातवें और 41वें स्थान पर पहुंच गईं। दूसरी ओर, दीपिका दूसरे सेट में 54 अंकों के साथ 36वें स्थान पर पहुंच गईं, लेकिन तीसरे सेट में 54 अंकों के साथ 39वें स्थान पर खिसक गईं। पहले सेट के आधे समय में दक्षिण कोरिया की सिहयोन लिम (176) और सुहयोन नाम (172) शीर्ष दो स्थान पर रहीं। अंकिता (170 अंकों के साथ 7वें), दीपिका (161 अंकों के साथ 39वें) और भजन (161 अंकों के साथ 41वें) भी ऊपर चढ़ रही थीं। तीसरा सेट समाप्त होने तक एक टीम के रूप में भारत 12 में से चौथी वरीयता प्राप्त कर चुका था।

चौथे सेट में अंकिता को थोड़े समय के लिए 8वें स्थान पर खिसकना पड़ा, जबकि दीपिका और भजन क्रमशः 31वें और 38वें स्थान पर पहुंच गये। पांचवें सेट में, अंकिता 10वें स्थान पर गिर गईं, जबकि भजन और दीपिका क्रमशः 23वें और 33वें स्थान पर पहुंच गईं। भारत ने एक टीम के रूप में रैंकिंग राउंड का पहला भाग छठे स्थान पर समाप्त किया।

भारत ने दूसरे हाफ की शुरुआत बहुत अच्छी की, जिसमें अंकिता 389 अंकों के साथ 15वें स्थान पर खिसक गईं, लेकिन दीपिका (384 अंकों के साथ 25वां स्थान) और भजन (383 अंकों के साथ 28वां स्थान) आगे बढ़ीं। दूसरे हाफ की शुरुआत में भारत चौथी वरीयता पर पहुंच गया। आठवें सेट के अंत में भारत ने अपनी चौथी वरीयता बरकरार रखी, जिसमें अंकिता 445 अंकों के साथ 11वें स्थान पर, दीपिका 439 अंकों के साथ 24वें स्थान पर और भजन 437 अंकों के साथ 30वें स्थान पर आ गए। नौवें सेट के अंत में भारत पांचवें स्थान पर खिसक गया, अंकिता 11वें स्थान पर बरकरार रही, दीपिका 30वें स्थान पर और भजन 25वें स्थान पर पहुंच गये। दसवें सेट के अंत में भारत एक बार फिर चौथे स्थान पर पहुंच गया, जिसमें अंकिता 12वें स्थान पर खिसक गईं, भजन 21वें स्थान पर और दीपिका भी 28वें स्थान पर पहुंच गईं। 11वें सेट में भक्त ने 58 अंक जुटाए, जबकि भजन और दीपिका ने 56 अंक हासिल किए। अंतिम सेट में दीपिका ने लगातार चार 10-पॉइंट अंक हासिल करके चमक बिखेरी। उन्होंने 57 अंक अर्जित किए और 658 के कुल योग के साथ 23वें स्थान पर रहीं। भजन ने 53 अंकों के साथ अंतिम सेट समाप्त किया। उन्होंने 659 अंकों के साथ 22वां स्थान हासिल किया। अंकिता 666 अंकों के साथ 11वें स्थान पर रहीं और अंतिम सेट में 54 अंक अर्जित किए।

**1983** अंकों के साथ भारत ने हासिल किया चौथा स्थान

**2046** अंकों के साथ द. कोरिया सूची में शीर्ष पर रहा

**रैंकिंग राउंड में भारतीय महिला तीरंदाजों की वरीयता**

| | |
|---|---|
| अंकिता भक्त | 11वीं वरीयता |
| भजन कौर | 22वीं वरीयता |
| दीपिका कुमारी | 23वीं वरीयता |

## पादुकोण ने भारतीय शटलरों से तीन पदक की भविष्यवाणी की

**एजेंसी**



**नई दिल्ली।** बैडमिंटन के दिग्गज और शीर्ष शटलर पीवी सिंधु के गुरु प्रकाश पादुकोण का मानना है कि भारत के पास पेरिस ओलंपिक में बैडमिंटन में तीन पदक जीतने की प्रबल संभावना है, जिसमें सिंधु के लिए पदकों की हैट्रिक भी शामिल है। भारत ने सात सदस्यीय बैडमिंटन टीम भेजी है, जिसमें सात्विक साईराज, रंकी रेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी और डबल ओलंपिक पदक विजेता सिंधु शामिल हैं। ज्ञात हो कि बेंगलुरु में प्रकाश पादुकोण बैडमिंटन अकादमी चलाते हैं। पादुकोण ने कहा कि सिंधु पेरिस में अपने ऐतिहासिक लगातार तीसरे ओलंपिक पदक के लिए अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं। उन्होंने जियोसिनेमा से कहा, हम यही कोशिश कर रहे हैं और उम्मीद कर रहे हैं। उसने इसके लिए अविश्वसनीय रूप से कड़ी मेहनत की है। हालांकि, इस स्तर पर, कोई निश्चित रूप से प्रतिबद्ध नहीं हो सकता है। उसकी तैयारी अच्छी हो गई है, और वह अभ्यास सत्र में अच्छा खेल रही है। तो, संदर्भ में तैयारी, सब कुछ बहुत अच्छा रहा है। अनुभवी शटलर, पूर्व ऑल-इंग्लैंड चैंपियन और अपने सुनहरे दिनों में विश्व के शीर्ष खिलाड़ी ने विस्तार से बताया कि वह कोर्ट पर सिंधु की रणनीति और रणनीति में सुधार करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं और उनके मार्गदर्शन में सिंधु ने भी काफी सुधार किया है।पादुकोण ने कहा, मैं कोर्ट पर रणनीति और रणनीति पर ध्यान केंद्रित कर रहा हूं, कब कौन से स्ट्रोक का उपयोग करना है, और दिमाग पर थोड़ा ध्यान देना है।

## अभिनव बिंद्रा को ओलंपिक ऑर्डर पुरस्कार, गृहमंत्री अमित शाह ने दी बधाई, कहा- अनुकरणीय खिलाड़ी

**नई दिल्ली ।** निशानेबाज अभिनव बिंद्रा को 'ओलंपिक आर्डर' पुरस्कार से सम्मानित करने की घोषणा आईओसी ने की है। उनकी इस उपलब्धि पर देश गौरवान्वित है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भी इसे हर्ष का विषय बताया है। गृह मंत्री ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा, "ओलंपिक आर्डर पुरस्कार से सम्मानित होने पर अभिनव बिंद्रा को बधाई। अनुकरणीय प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी, अभिनव बिंद्रा अपने ज्ञानवर्धक मार्गदर्शन से एथलीटों को प्रेरित करते रहते हैं। मेरी सारी शुभकामनाएं उनके साथ हैं"। इससे पहसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी निशानेबाज अभिनव बिंद्रा को अपने एक्स अकाउंट पर बधाई दे चुके है। मोदी ने अपने पोस्ट में कहा था कि अभिनव की इस उपलब्धि पर हर भारतीय को गर्व है। ओलंपिक ऑर्डर पुरस्कार किसी व्यक्ति को दिया



जाने वाला सर्वोच्च ओलंपिक सम्मान है। 10 अगस्त को पेरिस में आयोजित होने वाले 142वें आईओसी सत्र में भारतीय निशानेबाज को सम्मानित किया जाएगा। बता दें, ओलंपिक ऑर्डर सम्मान की स्थापना 1975 में हुई थी। शुरुआत में यह पुरस्कार गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज कैटेगरी में विशिष्ट योगदान देने वाले खिलाड़ियों को दिया जाता था। 1984 में रिव्यू के बाद आईओसी ने सिल्वर और ब्रॉन्ज की कैटेगरी को समाप्त कर दिया। इसके बाद यह तय किया कि अब यह पुरस्कार सिर्फ गोल्ड कैटेगरी में राष्ट्र प्रमुखों और ओलंपिक खेलों में विशिष्ट योगदान देने वाले खिलाड़ियों को ही दिया जाएगा। आईओसी ओलिंपिक की मेजबानी करने वाले राष्ट्र प्रमुखों को भी यह पुरस्कार देता रहा है। परंपरागत रूप से, आईओसी प्रत्येक ओलंपिक गेम्स के समापन समारोह में मुख्य राष्ट्रीय आयोजक को ओलंपिक ऑर्डर प्रदान करता है। दुनिया में अब तक 116 हस्तियों को गोल्ड ओलिंपिक ऑर्डर पुरस्कार मिल चुका है। अभी तक इसमें सिर्फ एक भारतीय शामिल है। अभिनव को यह सम्मान ओलिंपिक आंदोलन में अहम भूमिका निभाने के लिए दिया गया है। वह अभिनव बिंद्रा फाउंडेशन की मदद से भारतीय खेलों को आगे बढ़ा रहे हैं।

## एंडी मरे ने ओलंपिक पुरुष एकल टेनिस से अपना नाम लिया वापस

**पेरिस।** पूर्व विश्व नंबर 1 एंडी मरे ने पेरिस ओलंपिक में पुरुष एकल स्पर्धा से नाम वापस ले लिया है। दो बार के ओलंपिक पुरुष एकल चैंपियन एंडी मरे ने मंगलवार को पेरिस ओलंपिक से संन्यास लेने का ऐलान किया था। अब पुरुष एकल से अपना नाम वापस लेने के बाद पुरुष युगल टूर्नामेंट में डैन इवांस के साथ जोड़ी बनाएंगे और



अपने तीसरे ओलंपिक पदक के लिए शानदार शुरुआत करना चाहेंगे। एंडी मरे ने अपना नाम वापस लेने की पुष्टि की है।

## कर्णम मल्लेश्वरी हैं ओलंपिक में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला

**रांची।** भारोत्तोलक कर्णम मल्लेश्वरी ने वर्ष 2000 में ओलंपिक में इतिहास रच दिया। वे ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं। वर्ष 2000 के सिडनी ओलंपिक के समय, कर्णम मल्लेश्वरी ने स्नैच में 110 किलोग्राम और क्लीन एंड जर्क में 130 किलोग्राम के साथ कुल 240 किलोग्राम का भार उठाया और भारत



के लिए ऐतिहासिक कांस्य पदक जीता। वैसे, ओलंपिक खेलों में भाग लेने वाली प्रथम भारतीय महिला मेरी लीला राव थीं।

## सेमीफाइनल में भी जारी रहेगा प्रदर्शन: शेफाली

**एजेंसी**

**दांबुला।** 2024 महिला एशिया कप के पहले सेमीफाइनल में भारत का बांग्लादेश से सामना होने से पहले, सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने कहा कि गत चैंपियन को एहसास है कि नॉकआउट मुकाबला उनके लिए बहुत महत्वपूर्ण है। टूर्नामेंट में अब तक, हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाला भारत अजेय रहा है - पाकिस्तान को सात विकेट से हराया, यूएई के खिलाफ 78 रनों से जीत हासिल की और नेपाल को 82 रनों से हराकर ग्रुप ए में शीर्ष स्थान हासिल किया। शेफाली ने प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, "जिस तरह से हम सभी एक-दूसरे



के साथ तालमेल बिठा रहे हैं और मैच जीत रहे हैं, उससे वास्तव में खुश हैं। सेमीफाइनल हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण चीज है. आज, हम सभी अभ्यास के लिए आए हैं और उम्मीद है कि हम कल अच्छा प्रदर्शन करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेंगे।"

158 रनों के साथ, शेफाली टूर्नामेंट में अब तक भारतीय बल्लेबाजी क्रम में दूसरी सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी रही हैं, जिसमें हरमनप्रीत, स्मृति मंधाना और ऋचा घोष ने बल्ले से अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्हें लगता है कि दीप्ति शर्मा और पूजा वस्त्रकर जैसी निचले क्रम की बल्लेबाज जरूरत पड़ने पर बड़े हिट लगाने में सक्षम हैं। "हम सिर्फ खुद का समर्थन करते हैं और एक बल्लेबाजी इकाई के रूप में, हम अपनी ताकत का समर्थन कर रहे हैं। गेंदबाज शानदार काम कर रहे हैं, लेकिन हमें दिन-ब-दिन खुद में सुधार करते रहना होगा।' हर दिन, वे (निचले क्रम के बल्लेबाज) नेट्स पर बल्लेबाजी कर रहे हैं। जब भी उन्हें मौका मिलेगा, मुझे उम्मीद है कि वे छक्के मारेंगे।

शेफाली ने यह कहते हुए समापन किया कि भारत क्षेत्ररक्षण में बेहतर होने के लिए कड़ी मेहनत कर रहा है, एक पहलू जो एशिया कप में उनके लिए कमजोर रहा है। उन्होंने कहा, ''हम अपनी फील्डिंग पर कड़ी मेहनत कर रहे हैं। इसलिए, हम सभी चीजों - बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण - पर टिक लगाने की कोशिश करेंगे और सेमीफाइनल में सर्वश्रेष्ठ चीजों के लिए योगदान देंगे।

## बीसीसीआई व आईपीएल मालिकों की बैठक 31 को

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 को लेकर बीसीसीआई और आईपीएल टीमें अब एक्शन में आती नजर आ रही है। जानकारी के अनुसार, 31 जुलाई को बैठक होने वाली है जिसमें आईपीएल टीमें कितनी रिटेंशन कर सकती हैं और आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी से पहले राइट टू मैच (आरटीएम) के विकल्प क्या होंगे, इन तमाम मुद्दों पर चर्चा होगी। क्रिकबज की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि आईपीएल के सीईओ हेमांग अमीन ने 31 जुलाई को होने वाली बैठक के लिए गुरुवार सुबह फ्रेंचाइजी मालिकों को टेक्स्ट मैसेज भेजे, जिसमें उन्हें यह बताया गया



कि जल्द बैठक की जानकारी दी जाएगी। अमीन ने यह भी संकेत दिया है कि बैठक 31 जुलाई को दोपहर या शाम को होगी। ऐसा माना जाता है कि सभी मालिकों ने बैठक के लिए अपनी उपलब्धता की पुष्टि कर दी है।

हालांकि अभी वेन्यू की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन बैठक मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम परिसर में स्थित बीसीसीआई मुख्यालय क्रिकेट सेंटर में होने की उम्मीद है। आईपीएल 2018 मेगा नीलामी के लिए, नीलामी से तीन और अन्य राइट टू मैच कार्ड का उपयोग करक फ्रेंचाइजी को अधिकतम पांच खिलाड़ियों को बनाए रखने की अनुमति थी। लेकिन 2022 में दो नई टीमों गुजरात टाइटन्स और लखनऊ सुपर जायंट्स की शुरूआत के परिणामस्वरूप मौजूदा टीमों को चार खिलाड़ियों को बनाए रखने की अनुमति दी गई, जिसमें कोई आरटीम कार्ड शामिल नहीं था। रिपोर्ट में बताया गया है कि बीसीसीआई द्वारा रिटेंशन की संख्या पांच या छह रखी जा सकती है।रिटेंशन को सीमित करने के पीछे तर्क यह है कि अधिक संख्या नीलामी के उत्साह को कम कर सकती है। यदि प्रत्येक टीम आठ खिलाड़ियों को बनाए रखती है, तो दुनिया भर और भारत के शीर्ष 80 खिलाड़ी नीलामी से बाहर हो जाएंगे, जिससे पूरी नीलामी प्रक्रिया फीकी हो सकती है।

राइट टू मैच विकल्प एक विवादास्पद मुद्दा है जिस पर बैठक में बहस हो सकती है, हालांकि यह संभावना है कि बीसीसीआई ने इस मामले पर पहले ही निर्णय ले लिया है।

## एक नजर

### कस्तूरबा स्कूल की छात्राओं की हुई स्वास्थ्य जांच

**हुसैनाबाद।** गुरुवार को कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय हुसैनाबाद में बरसात के मौसम को देखते हुए पढ़ने वाली छात्राओं का स्वास्थ्य जांच किया गया। यहां अब तक 110 छात्राओं की जांच की गई थी। जिसमें सभी बालिकाओं का हीमोग्लोबिन जांच किया गया तथा आवश्यकता अनुसार आयरन की ब्लू टैबलेट, जो साप्ताहिक खानी होती है, उपलब्ध कराई गई। स्वास्थ्य जांच में शारीरिक साफ-सफाई के साथ-साथ स्वच्छ भोजन की महत्ता को लेकर भी बताया गया। वहीं सीएचओ के द्वारा हैंड वाशिंग के बारे में जानकारी दी गई। स्वास्थ्य जांच में मुख्य रूप से रोशनी कमल मुच्चू, प्रियंका कुमारी और प्रीती रानी मौजूद थीं। समाचार लिखे जाने तक अन्य बालिकाओं की जांच की जा रही थीं। इस मौके पर वार्डेन सह शिक्षिका किरण कुमारी सिंह, शारदा भारती, दीपमाला, आरजू खान, नीलम कुमारी, सुमन कुमारी, सोनी कुमारी, सुनील पासवान आदि मौजूद थे।

### बीडीओ ने किया आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण

**पाटन।** बीडीओ अमित कुमार झा ने हिसरा बरवाडीह पंचायत के गहरपथरा आंगनबाड़ी केंद्र 214 का किया निरीक्षण। निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र में एक भी बच्चा उपस्थित नहीं था। आंगनबाड़ी केंद्र के रसोई घर में काफी गंदगी पसरा था। पोषक आहार के जांच क्रम में दाल घुना व सड़ा पाया गया। यह देख बीडीओ अमित कुमार झा ने सेविका, सहायिका को फटकार लगाई।

# पिपरा : घर में मिला पत्नी का शव, अहरा में पति का

## पुलिस कर रही जांच, कहा- पोस्टमार्टम के बाद होगा मामले का खुलासा

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** पिपरा थाना क्षेत्र के बभंडी पंचायत के धवतर गांव में महिला-पुरुष की लाश मिलने से सनसनी फैल गयी। महिला की तेज धारदार हथियार से चेहरे पर वार कर हत्या की गई थी। घर में महिला के शव से कुछ दूर पूरब दिशा में अहरा के पास उसके पति का शव भी मिला। सूचना मिलने के बाद पिपरा थाना प्रभारी विमल कुमार घटना स्थल पर पहुंच कर दोनों शव को कब्जे में लिया। पोस्टमार्टम के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भेज दिया है। मृत महिला पुरुष पति-पत्नी थे। उनकी पहचान उपेंद्र राम (36 वर्ष) पिता गणेश राम और उसकी पत्नी सविता देवी (33 वर्ष) के रूप में हुई है। दोनों में अक्सर विवाद होते रहता था। बुधवार की रात भी दोनों में झगड़ा हुआ था। इसके बाद गुरुवार की सुबह दोनों का शव घर के बाहर अलग-अलग दिशा में मिला।

चर्चा है कि उपेंद्र ने अपनी पत्नी की तेज धारदार हथियार से चेहरे पर वार करके हत्या कर दी और उसके बाद जहरीला पदार्थ खाकर घर से कुछ दूर पूरब दिशा में अहरा के पास गंभीर अवस्था में मिला। गुरुवार की सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों ने कराहने की आवाज सुनी। नजदीक जाकर देखा तो उपेंद्र गंभीर अवस्था में पड़ा हुआ था। उसे उठाकर गांव के मंदिर के पास लाया गया, जहां उसकी मौत हो गयी। उपेंद्र के छोटे बेटे ऋतुराज (11 वर्ष) ने बताया कि मां और पिता के बीच बुधवार की रात विवाद हुआ था। रात में वह खाना खाकर सोने चला गया। इधर संभावना है कि देर रात सविता देवी घर से बाहर निकली होगी। इसी क्रम में उपेंद्र ने उसकी तेज धारदार हथियार से हत्या कर दी। उसका शव घर से दक्षिण दिशा में गढ़ानुमा खेत में फेंका मिला। पिपरा के थाना प्रभारी विमल कुमार ने बताया कि पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होने की जानकारी ग्रामीणों से मिली है। पत्नी की हत्या हुई है, जबकि पति ने जहरीला पदार्थ जैसा कुछ खा लिया, जिससे उसकी मौत हो गयी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से स्पष्ट होगा कि उपेंद्र की मौत कैसे हुई। पूरे मामले की छानबीन की जा रही है। महिला को जिस धारदार हथियार से हत्या की गई उसे बरामद नहीं किया जा सका है। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक के दो पुत्र हैं। बड़ा पुत्र हंसराज मां-बाप के झगड़े से तंग आकर मौसी के घर पिपरा में रहकर पढ़ाई करता है। इधर इस घटना से धवतर गांव में शोक के साथ-साथ सनसनी फैली है। शव उठने तक घटनास्थल और आस पास लोगों की भारी भीड़ जुटी रही।



### युवक की गला रेतकर हत्या भाई पर लगा आरोप

**पांकी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत मुख्यालय स्थित विद्युत ऑफिस के निकट अजय चंद्रवंशी (35) की बुधवार रात गला रेत कर हत्या कर दी गई। हत्या का आरोप उसके बड़े भाई सत्येंद्र चंद्रवंशी पर लगा है। सूचना मिलने के बाद पांकी पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लिया। जरूरी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच भेज दिया है। घटना के पीछे संपत्ति विवाद सामने आ रहा है। हालांकि पुलिस की ओर से इसकी पुष्टि नहीं की गई है।

### जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने कहा

# सरकार का एक मंत्री बे-सिर-पैर की बात करता है

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

कोई व्यक्ति नासमझ है अथवा भ्रष्ट और तिकड़मबाज है तो उससे उम्मीद की जा सकती है कि वह वस्तुस्थिति से अवगत होना चाहेगा और इसके लिए कोशिश करेगा। परंतु कोई व्यक्ति नासमझ भी है, भ्रष्ट एवं तिकडमबाज भी है तो उसकी बदमाशी लाइलाज है। उसे वस्तुस्थिति से अवगत कराने की कोशिश समय की बर्बादी है। झारखंड के खाद्य, आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले के मंत्री बन्ना गुप्ता बाद वाली श्रेणी में आते हैं। जिनके सामने तथ्य की बात रखना भैंस के आगे बीन बजाने जैसा है।

गुरुवार को खाद्यान्न को जमीन में गाड़ने के संबंध में उन्होंने जो बयान जारी किया है और उसके साथ मेरा नाम जोड़ा है वह उनकी तिकड़मबाजीयुक्त बदमाशी का द्योतक है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ही इसका इलाज कर सकते हैं। क्योंकि इससे उनकी सरकार के चेहरे पर कालिख पुत रही है। यदि उनकी सरकार का एक मंत्री बेसिर-पैर की बात करता है, बयान जारी करने में अपनी अज्ञानता प्रदर्शित करता है तो मंत्रिपरिषद की सामूहिक ज़िम्मेदारी के नाते इसमें उनका भी उत्तरदायित्व बनता है।



वैसे तो मंत्री के रूप में शपथ लेते हुए बन्ना गुप्ता ने उल्टा शपथ पढ़ा था। पहला पन्ना बाद में और बाद का पन्ना पहले पढ़ा था। शपथ ग्रहण के समय का वीडियो इसका प्रमाण है पर इसका मतलब यह नहीं कि ये काम भी ऊटपटाँग करेंगे जो कि वह कर रहे हैं।

कोई मंत्री जब निरीक्षण करता है तो एक निरीक्षण प्रतिवेदन तैयार कर संचिका में रखता है। संचिका विभागीय सचिव के पास टिप्पणी के लिए जाती है।

### एक लाख 30 हजार रुपये के जाली नोट के साथ एक गिरफ्तार

**पांकी।** पुलिस अधीक्षक पलामू के गुप्त सूचना के आधार पर पांकी पुलिस ने जाली नोटों के साथ एक व्यक्ति नंदेव साहू उम्र 60 वर्ष पिता जगदीश साहू ग्राम सेमर टांड चैनपुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पांकी थाना प्रभारी उत्तम तिवारी ने बताया कि सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति रांची से बस द्वारा आ रहा है, जो पांकी से पहले ही सोरठ ग्राम में उतरकर पैदल ही पांकी के ओर आ रहा था। पुलिस ने उसे रास्ते मे ही धर दबोचा। उसके पास से 500 के जाली नोट करीब 1 लाख 30 हजार रुपये बरामद हुआ है। जाली नोट के इस कारोबार में और कितने लोग शामिल है। उसकी पड़ताल अभी चल रही है।


**कार्यालय**

**जिला स्वास्थ्य समिति, अंधापन नियंत्रण कार्यक्रम, सिमडेगा।**

E-mail ID- cs.simdega@gmail.com, cs.simdega1@gmail.com

पत्रांक............................/सिमडेगा, दिनांक................................................/

**सूचना**

सिमडेगा जिला मे मोतियाबिन्द मरीजों के ऑपरेशन हेतु दर्पण पोर्टल मे निबंधित इच्छुक स्वंय सेवी संस्थाओं को M.O.U. हेतु दिनांक 12.08.2024 तक आमंत्रित किया जाता है।

इच्छुक स्वंय सेवी संस्थान विस्तृत जानकारी हेतु कार्यालय अवधि मे अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,सिमडेगा के कार्यालय मे संपर्क कर सकते हैं।

अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी–सह–
सदस्य सचिव,जिला स्वास्थ्य समिति,
अंधापन नियंत्रण कार्यक्रम, सिमडेगा।

PR.NO.330718 Simdega(24-25):D


### वज्रपात से 50 वर्षीय व्यक्ति की मौत



**खरौंधी (गढ़वा)।** थाना क्षेत्र के कुपा पंचायत के बैतरा गांव में गुरुवार को वज्रपात की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई।इधर वज्रपात की सूचना पर पूर्व उपप्रमुख खरौंधी सह जिला प्रवक्ता आजसू पार्टी गढ़वा गोरखनाथ चौधरी ने घटनास्थल पर पहुंचे और स्वजनों को ढांढस बंधाया। तथा परिजनों को सरकारी लाभ दिलाने तत्काल प्रखंड विकास पदाधिकारी रविंद्र कुमार से दूरभाषा पर बात कर सरकारी लाभ देने की मांग की।उन्होंने कहा की मृतक के परिजनों को आपदा प्रबंधन से चार लाख पचास हजार रुपए का लाभ दिलवाने का प्रयास करूंगा। वही वज्रपात की खबर सुनते ही गांव के लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी और स्वजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## विद्यालय परिसर में अभिभावक गोष्ठी का हुआ आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। विशुनपुरा/गढ़वा**

बैक टू स्कूल कार्यक्रम के तहत प्रखंड के पिपरीकला 10 प्लस टू उच्च विद्यालय परिसर में अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी संदीप कुमार मधेशिया उपस्थिति थे। बैठक में क्षितिज बच्चों का विद्यालय में नामांकन और उपस्थिति सुनिश्चित कराने को लेकर अभिभावको के साथ चर्चा की गई। वही नामांकन के बावजूद विद्यालय में बच्चों का शत-प्रतिशत उपस्थिति नहीं हो पाना, वैसे बच्चों को विद्यालय आने के लिए प्रेरित करना। साथ ही साथ भोजना अवकाश के बाद जो बच्चे विद्यालय से भाग जाते है उन्हें हर हाल में रोकना है। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक शशि प्रकाश रमन ने कहा की अभिभावक प्रतिदिन प्राथना सभा में भाग ले और विद्यालय के प्रति चर्चा करें। वही बीडीओ सह अंचलाधिकारी संदीप कुमार मधेशिया ने कहा 25 जुलाई से 20 अगस्त तक नाम जांचो अभियान चलाया जा रहा है

जिसमे मुख्य रूप से 27- 28 जुलाई और 3 झ 4 अगस्त को अपने अपने मतदान केंद्रों पर जाकर अपने मतदाता सूची में नाम, पता स्थान में अगर किसी प्रकार की आपत्ति है, तो उसे तुरंत बिएलओ के माध्यम से सुधारवाएँ.

उन्होंने कहा की आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सभी योग्य मतदाताओं का सत-प्रतिशत नाम जोड़ा जाना साथ हीं मृत मतदाताओं का नाम हटाया जाना है। वही उन्होंने कहा की अगर किसी व्यक्ति के पास कोई स्थानीय प्रमाण नहीं है, तो वैसे लोगों का भी मतदाता सूची में नाम जोड़ा जाएगा। ईस कार्यक्रम में ग्राम शिक्षा समिति के अध्यक्ष ज्ञासुद्दीन अंसारी, शिक्षक संतोष दास, रामजी प्रसाद यादव, चंद्र देव सिंह, अमित कुमार, जितेन्द्र कुमार सिंह, ऋषिकेश चौधरी सहित काफी संख्या में अभिभावक व ग्रामीण उपस्थिति थे।


सिविल सर्जन का कार्यालय, रामगढ़
Phone/Fax: 06553-231472, Email : csramgarh@yahoo.co.in

**-: कार्यालय आदेश :-**

**Walk -in- Interview**

विज्ञापन संख्या 119 (NUHM) रामगढ़/दिनांक 25/07/2024

अपर अभियान निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 9/RCH- 694/2022–328 (AMD) दिनांक 06.12.2022 एवं IDSP/BPHU-04/2022 / HFWD-74 (MD) दिनांक 07.02.2023 के आलोक में रामगढ जिले के नगर परिषद क्षेत्रों में 15 वित्त आयोग (स्वास्थ्य) के तहत संचालित किये जाने वाले आयुष्मान आरोग्य मंदिर हेतु चिकित्सकों की सेवा प्राप्त किया जाना है। चिकित्सकों के चयन हेतु दिनांक 07.08.2024 को पूर्वाह 11:30 AM बजे Walk in interview निर्धारित किया गया है। इच्छुक निजी चिकित्सकों से निम्नांकित शर्तों के अधीन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

**नियम एवं शर्तें**

| क्र०सं० | विवरणी | आवश्यक शर्ते |
|---|---|---|
| 1 | पदनाम | General Duty Medical Officer |
| 2 | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | मेडिकल कॉउन्सिल ऑफ इण्डिया से मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से MBBS की डिग्री |
| 3 | उम्र सीमा | अधिकतम 67 वर्ष (सिविल सर्जन के माध्यम से निर्गत मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र के आधार पर 70 वर्ष तक के चिकित्सकों की सेवा प्राप्त की जा सकती है। मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र की लिए मान्य होगा |
| 4 | मानदेय | रू0 63000 /– (तिरसठ हजार रुपए मात्र ) |
| 5 | यनित चिकित्सकों द्वारा भविष्य के लिए नियमितिकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। | |
| 6 | Walk in Interview में उपस्थित होने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। | |
| 7 | मानदेय भुगतान में नियमानुसार TDS कटौती की जाएगी। | |
| 8 | कार्य दिवस सरकार के निर्देशानुसार एवं कार्य अवधि सरकार के निर्देशानुसार | |
| 9 | कुल रिक्तिया :– 03 | |
| 10 | चयन के पश्चात् सभी चिकित्सा पदाधिकारी नगर परिषद रामगढ़ में अपना योगदान देना सुनिश्चित करेंगे। | |

नोट :– (03 (तीन पद) तथा प्रतीक्षा सूची में 02 जो परीक्षा परिणाम के तिथि से 1 वर्ष तक के लिए मान्य होगा।) दिनांक 07.08.2024 को असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, रामगढ के कार्यालय के सभागार को पूर्वाहन 11:30 AM बजे Walk in Interview के लिए अपना बायोडाटा, सभी मूल प्रमाण पत्र एवं दो सेट छायाप्रति के साथ कार्यालय में उपस्थित होना होगा।

विश्वासभाजन
ह०/–
असैनिक शल्य चिकित्सक
सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, रामगढ़।

PR 330740 (Health Med Edu and Family Welfare) 24-25 (D)


## पेज एक का शेष

**हेमंत का तंज : रस्सी–उस्सी**

स्पीकर के साथ सभी दलों की बैठक में सत्र की व्यवस्था और सदन संचालन पर चर्चा हुई है और हम अपनी तरफ से तैयार हैं। स्पीकर की ओर से आहूत बैठक में भाजपा की ओर से किसी विधायक के शामिल नहीं होने पर जब पत्रकारों ने सीएम से उनकी प्रतिक्रिया जाननी चाही तो उन्होंने कहा, हमें नहीं पता कि बैठक में उनकी ओर से कोई आया था या नहीं। कुछ लोग दिखे जरूर थे, लेकिन नहीं पता कि वे पक्ष में हैं या विपक्ष में।

**विकास के मुद्दों पर...**

चाहे कानून-व्यवस्था का विषय हो फिर सरकार का तानाशाही भरा रवैया, सभी मुद्दों पर सरकार पूर्व में किए अपने वादों के विपरीत काम कर रही है। भाजपा नेता ने यहां पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि चाहे सहायक पुलिस कर्मियों का मुद्दा हो या फिर पारा शिक्षकों पर लाठियां बरसाने का काम, सरकार ने पूरे राज्य में लूट मचा दी है। सरकार ने झारखंड को पीछे किया है। उन्होंने झारखंड को सबसे बड़ा भ्रष्टाचारी राज्य बताते हुए कहा, इस सरकार ने राज्य को देश का सबसे भ्रष्टाचारी राज्य बना दिया है। भ्रष्टाचार के सभी मुद्दों पर इस विधानसभा सत्र में हम सरकार से जवाब मांगेगे। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कथित जमीन घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में उच्च न्यायालय से जमानत मिलने के बाद को पिछले महीने 28 जून को जेल से रिहा हुए थे। राज्य में इस साल नवंबर-दिसंबर में विधानसभा चुनाव होने हैं।

**दलबदल मामले में...**

ऐसे में साक्ष्य मांगा जाना और उसके बाद जवाब दाखिल करने के लिए समय की मांग करना न्यायाधिकरण का समय जानबूझकर बर्बाद करने जैसा है। यह मामला पूरी तरह से विधानसभा की 10वीं अनुसूची के तहत दलबदल के दायरे में आता है। इसी तरह लोबिन हेम्ब्रम के मामले में अधिवक्ता अनुज कुमार ने पक्ष रखते हुए कहा था कि यह दल-बदल का नहीं बल्कि पार्टी का अंदरूनी मामला है। जेएमएम की ओर से पक्ष रखते हुए अधिवक्ता अंकितेश कुमार झा ने कहा कि लोबिन हेम्ब्रम ने पार्टी लाइन से हटकर लोकसभा चुनाव लड़ा था। ऐसे में उनकी सदस्यता खत्म की जाए।

**संताल में कहां...**

उन्होंने आगे कहा कि झारखंड सरकार भी इस पर कोई एक्शन नहीं ले रही है। बांग्लादेश से घुसपैठ हमारे यहां लगातार बढ़ रही है, जो आदिवासी महिलाएं हैं उनके साथ बांग्लादेशी घुसपैठिये शादी कर रहे हैं। हमारे यहां से चुनाव लड़ने वाली आदिवासी महिलाओं के पति मुसलमान हैं, जिला परिषद की जो अध्यक्ष हैं उनके पति मुसलमान हैं। हमारे यहां सैकड़ों आदिवासी मुखिया हैं, जिनके पति मुसलमान हैं। उन्होंने कहा कि हर जगह प्रत्येक पांच साल में 15-17 प्रतिशत वोटर बढ़ता है। लेकिन हमारे यहां, 123 प्रतिशत आबादी बढ़ी है। मेरे लोकसभा क्षेत्र में आने वाले विधानसभा क्षेत्र मधुपुर में लगभग 267 बूथों पर मुसलमानों की आबादी 117 प्रतिशत बढ़ गई है। झारखंड में 25 ऐसी विधानसभा सीटें हैं जहां की आबादी 123 प्रतिशत, 110 प्रतिशत आबादी बढ़ी है, यह चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि पाकुड़ जिला में तारानगर इलामी, डांगापाड़ा में दंगा हो गया। दंगा इसलिए हुआ क्योंकि बंगाल से ममता बनर्जी की पुलिस और मालदा, मुर्शिदाबाद से लोग आकर हमारे लोगों को भगा रहे हैं। हिंदू का गांव का गांव खाली हो रहा है। उन्होंने आगे कहा कि यह मैं ऑन रिकार्ड कह रहा हूं और सीरियस विषय है। अगर मेरी बात गलत होगी तो मैं इस्तीफा दे दूंगा। बंगाल के मालदा और मुर्शिदाबाद से लोगों ने आकर हिंदुओं पर जुल्म किया। झारखंड पुलिस कोई काम नहीं कर पा रही है। उन्होंने आगे कहा कि पूरा मालदा, मुर्शिदाबाद, अररिया, कटिहार, किशनगंज से आकर लोगों ने हिंदुओं पर जुल्म किया। भारत सरकार से मैं इस मामले में हस्तक्षेप करने और इन इलाकों को यूनियन टेरिटरी बनाने की मांग करता हूं।

### राज्यपाल से करेंगे जांच की मांग : भाजपा

**गढ़वा।** गढ़वा भाजपा के जिला अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने भाजपा जिला कार्यालय में प्रेस वार्ता का आयोजन किया। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विधायक भानु प्रताप शाही पर रमना थाने में झूठा एससी एसटी का मामला दर्ज कराया गया है। इसमें झामुमो नेता सह पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव व ताहीर अंसारी के मिलीभगत है। मामले में राज्यपाल से जांच की मांग करेंगे। नेताओं ने कहा कि 20 जुलाई को विधायक सह पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष भानु प्रताप शाही रांची में आयोजित विस्तृत कार्यकारिणी की बैठक में संचालन कर रहे थे।

## 24 सदस्यीय गढ़वा जिला टेबल टेनिस टीम रांची रवाना



**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

रांची में शुक्रवार से आयोजित सेकेंड झारखंड स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए गढ़वा जिला के 24 सदस्यीय टीम को संघ के अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी, सचिव आनंद सिन्हा और संघ के पदाधिकारियों ने जीत की शुभकामनाएं देते होए खिलाड़ियों को रवाना किया। इस मौके पर अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी ने कहा कि आप अपने लक्ष्य को पाने के लिए जो मेहनत कर रहे है उस लक्ष्य को हासिल करने के लिए आप जा रहे है। प्रतियोगिता में जिला को चैम्पियन बनाने के साथ साथ चैम्पियन बनकर आए।आप अपने खेल का शत प्रतिशत लगा दे तो आपको जीत से कोई रोक नहीं सकता है। आप सभी लोग जिले का प्रतिनिधित्व करने जा रहे हैं। सचिव आनंद सिन्हा ने कहा की टीम के खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता को लेकर बेहतर तैयारी की है पहले की अपेक्षा टीम इस बार बेहतर करेगी 24 सदस्यीय टीम में अमल कुमार ठाकुर, अनूप कुमार, अमन कुमार पाल, अनिमेष कुमार पांडेय, कार्तिक पाल, नितीश कुमार मेहता,हर्षित कुमार पाण्डेय, सचिन कुमार , रोहन पाल, मयंक राज, पलक भारती, अंजली कुमारी,आयुषी कुमारी,अनिल कुमार मेहता ,मानवी चौबे,वर्षा रानी और अंशु किरण को शामिल किया गया है।

# भाजयुमो ने कारगिल विजय दिवस पर निकाली मशाल रैली



**आज ही के दिन लगभग 60 दिनों तक लगातार युद्ध के बाद मिली थी जीत, यह हर भारतीय के लिए गर्व का विषय है, यह ऐतिहासिक दिन है**

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**

भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष गंगेश्वर यादव के नेतृत्व में बालूमाथ में कारगिल विजय दिवस पर मसाल रैली निकाली गई मसाल रैली बालूमाथ थाना चौक से चलकर मुख्य मार्ग होते हुए सहित चौक ब्लॉक स्थित नीलांबर पीतांबर स्मारक तक जा पहुंची। इस दौरान भारत पाकिस्तान के बीच 1999 ई में हुई युद्ध का नेतृत्व कर रहे महापुरुष विक्रम पात्रा वीरता को याद किया गया। आज ही के दिन लगभग 60 दिनों तक लगातार युद्ध के बाद मिली जीत से हर एक भारतीयों के लिए गर्व और ऐतिहासिक दिन है। इस दौरान भाजपाइयों ने हाथों में तिरंगा झंडा लिए तथा मार्शल लिए भारत माता की जय वीर शहीद अमर रहे जैसे कई नारा लगाए इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज सिंह के अलावे युवा मोर्चा प्रदेश मंत्री पवन पासवान, युवा मंडल अध्यक्ष गंगेश्वर यादव, अरविंद भगत ,रवि सिंह, भाजपा एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार,राकेश दुबे जिला उपाध्यक्ष लातेहार, प्रवेश सोनी, सूरज साह, विजय यादव ,रामकुमार गुप्ता पिंटू गुप्ता, राजेंद्र साव, गुडू तिवारी पपु यादव सहित सैकड़ो भाजपाई उपस्थित रहे।


**कार्यालय, दक्षिणी छोटानागपुर प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार, रांची**

|| आम सूचना ||

पत्रांक............................ राँची/दिनांक–....................................

एतद् द्वारा सभी व्यवसायिक वाहन स्वामियों को सूचित करना है कि अंकेक्षण दल द्वारा आपके राष्ट्रीय प्राधिकरण परमिट के समाप्ति के उपरान्त अभी तक नवीकरण नहीं कराए जाने पर आपत्ति की गई है, जिसकी सूची निम्नवत है–

नेशनल परमिट की सूची:–

| S. No. | VEHICLE NO. | DUE AMOUNT | S. No. | VEHICLE NO. | DUE AMOUNT |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | JH05K5928 | 31000 | 57 | JH05Q 2126 | 15500 |
| 2 | JH05K5662 | 46500 | 58 | JH05Q 4703 | 31000 |
| 3 | CG04ZC0258 | 31000 | 59 | JH05Q 4311 | 31000 |
| 4 | BR14G8948 | 31000 | 60 | JH05Q 6359 | 25500 |
| 5 | JH01H2921 | 15500 | 61 | JH06B 0147 | 15500 |
| 6 | JH06B2412 | 15500 | 62 | JH05Q 8157 | 31000 |
| 7 | JH06B1869 | 46500 | 63 | JH05Q 8252 | 20500 |
| 8 | BR16G7851 | 46500 | 64 | JH01Q 6511 | 15500 |
| 9 | JH05B8370 | 31000 | 65 | JH01Q 6411 | 15500 |
| 10 | BR14G1143 | 31000 | 66 | JH01P 821 1 | 15500 |
| 11 | JH05K7041 | 46500 | 67 | JH05R 7331 | 15500 |
| 12 | JH05K6709 | 20500 | 68 | JH05S 2505 | 15500 |
| 13 | JH05K7308 | 46500 | 69 | JH05K 5662 | 15500 |
| 14 | JH07B0105 | 15500 | 70 | JH05K 4715 | 15500 |
| 15 | BR14G9321 | 31000 | 71 | JH05S 9778 | 15500 |
| 16 | JH01K5045 | 61500 | 72 | JH05S 9743 | 15500 |
| 17 | WB712255 | 41000 | 73 | JH05L6603 | 41000 |
| 18 | BR14G3555 | 31000 | 74 | JH05D2144 | 46500 |
| 19 | BR14G1891 | 31000 | 75 | JH05G8211 | 76500 |
| 20 | JH05K7505 | 15500 | 76 | JH05L0382 | 76500 |
| 21 | JH01K3355 | 15500 | 77 | JH05H0723 | 61500 |
| 22 | JH06B1709 | 61500 | 78 | BR14G1981 | 51000 |
| 23 | JH11A7300 | 20500 | 79 | BR16G7072 | 61500 |
| 24 | JH05K0149 | 31000 | 80 | JH06B0743 | 46500 |
| 25 | CG04G2737 | 15500 | 81 | JH05L2026 | 41000 |
| 26 | JH05K2501 | 15500 | 82 | JH05L2909 | 61500 |
| 27 | JH05K2600 | 15500 | 83 | JH01L6428 | 31000 |
| 28 | JH05K1486 | 31000 | 84 | JH05K8852 | 41000 |
| 29 | JH05K0129 | 15500 | 85 | JH01L6643 | 41000 |
| 30 | JH06A9629 | 31000 | 86 | BR14G2061 | 46500 |
| 31 | BR14G5105 | 31000 | 87 | JH05L1093 | 31000 |
| 32 | BR14G7105 | 31000 | 88 | JH01L0522 | 46500 |
| 33 | BR16G3439 | 31000 | 89 | JH05L6306 | 76500 |
| 34 | JH06B1999 | 31000 | 90 | JH05L6915 | 31000 |
| 35 | JH01K8172 | 61500 | 91 | JH05L6407 | 46500 |
| 36 | BR16G1309 | 31000 | 92 | JH05L5305 | 76500 |
| 37 | JH01J9601 | 31000 | 93 | BR16G5131 | 61500 |
| 38 | JH05H2379 | 31000 | 94 | JH01L9051 | 46500 |
| 39 | BR14G5282 | 31000 | 95 | JH05L8506 | 46500 |
| 40 | BR16G 2900 | 31000 | 96 | NL01A8555 | 31000 |
| 41 | JH01L 7014 | 46500 | 97 | JH05C7714 | 61500 |
| 42 | JH05M 6472 | 15500 | 98 | JH05K3306 | 91500 |
| 43 | JH05M 5848 | 15500 | 99 | JH01L8827 | 46500 |
| 44 | JH06B 1860 | 31000 | 100 | JH05L9904 | 51000 |
| 45 | OR02M 0269 | 51000 | 101 | JH01L8826 | 46500 |
| 46 | JH01M 9001 | 41000 | 102 | JH01M1880 | 61500 |
| 47 | RJ141G 7642 | 31000 | 103 | BR16G0982 | 61500 |
| 48 | BR16G 1212 | 31000 | 104 | JH01M2098 | 46500 |
| 49 | JH05P 0366 | 41000 | 105 | JH01M2102 | 31000 |
| 50 | JH05P 4333 | 20500 | 106 | MH19J3978 | 46500 |
| 51 | JH05P 6008 | 31000 | 107 | BR14G8801 | 46500 |
| 52 | JH05P 9983 | 15500 | 108 | JH01M2752 | 46500 |
| 53 | JH05P 9306 | 31000 | 109 | JH05M3787 | 76500 |
| 54 | JH06B 1005 | 31000 | 110 | JH05E1681 | 31000 |
| 55 | JH06B9148 | 31000 | 111 | JH06B4153 | 31000 |
| 56 | BR16G0934 | 91500 | | | |

अतः उपरोक्त सभी वाहन स्वामियों को अपने वाहनों का परमिट अवधि समाप्ति के उपरांत परिचालित कर रहे है, वो अपना राष्ट्रीय प्राधिकरण परमिट का नवीकरण सूचना प्रकाशन की तिथि से सात दिनों के अंदर करा लेंगे। अन्यथा बिना परमिट वाहन परिचालित होते हुए पाए जाने पर उनके विरूद्ध मोटरवाहन अधिनियम के सुसंगत धाराओं के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी।

उप परिवहन आयुक्त–सह–सचिव,
द0छो0प्रा0परि0 प्राधिकार, रांची।

PR.NO.330687 Transport(24-25):D

# KASHYAP'S DENTAL CLINIC

**Dr. Vaibhav Kashyap**

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट







**Facilities**

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिबल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


ब्रीफ न्यूज

## शेखर कपूर होंगे अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के निदेशक

**नई दिल्ली।** मिस्टर इंडिया' और 'बैंडिट क्वीन' जैसी फिल्मों का निर्देशन करने वाले मशहूर फिल्म अभिनेता और निर्देशक शेखर कपूर को भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) के लिए महोत्सव निदेशक नियुक्त किया गया है। गुरुवार को सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा कि शेखर कपूर गोवा में हर साल आयोजित होने वाले इस महोत्सव के 55वें और 56वें संस्करण की अध्यक्षता करेंगे। कपूर ने 54वें आईएफएफआई में अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता जूरी के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। उन्होंने 2020-2023 तक पुणे स्थित फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के अध्यक्ष के रूप में भी काम किया।

## कठुआ में आतंकवादियों की मदद करने वाले दो संदिग्ध गिरफ्तार

**कठुआ।** जम्मू कश्मीर पुलिस आतंकवादी गतिविधियों पर पैनी नजर बनाए हुए हैं। इसी प्रयासों में पुलिस ने आतंकवादी गतिविधियों का समर्थन करने के लिए दो ओवर ग्राउंड वर्कर्स (ओजीडब्ल्यू) को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि इन ओवर ग्राउंड वर्कर्स की वजह से आतंकवादी कार्रवाइयों को रोकने के प्रयासों में बाधा उत्पन्न हुई। इस संबंध में 100 से अधिक व्यक्तियों से पूछताछ की गई है।

## मोदी की रूस यात्रा पर अमेरिकी राजनयिक टिप्पणी निराधार

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने अमेरिका के एक अधिकारी के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रूस यात्रा पर की गई टिप्पणी को खारिज करते हुए कहा कि भारत के रूस के साथ पुराने संबंध हैं। यह आपसी हितों पर आधारित हैं। उभरते हुए बहुध्रुवीय विश्व में सभी देशों को अपना सहयोगी चुनने की स्वतंत्रता है। सभी देशों के लिए यह जरूरी है कि वे इस वास्तविकता का ध्यान रखें। उल्लेखनीय है कि अमेरिकी विदेश मंत्रालय के राजनयिक डोनाल्ड लू ने प्रधानमंत्री मोदी की रूस यात्रा के समय और पुतिन के साथ उनकी गर्मजोशी भरी मुलाकात पर प्रतिकूल टिप्पणी व्यक्त की थी।

कार्यकाल के दो वर्ष हुये पूरे

# राष्ट्रपति मुर्मू ने केवि के बच्चों को पढ़ाया पर्यावरण संरक्षण का पाठ

» राष्ट्रपति ने ग्लोबल वार्मिंग को रोकने के उपायों के बारे में विद्यार्थियों के सुझाव लिये

एजेंसी



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने कार्यकाल के दो वर्ष पूरे होने के अवसर पर गुरुवार को राष्ट्रपति संपदा में स्थित डॉ. राजेंद्र प्रसाद केन्द्रीय विद्यालय की कक्षा नौ के विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण का पाठ पढ़ाया। राष्ट्रपति ने एक शिक्षिका की भूमिका निभाते हुए विद्यार्थियों से वैश्विक समस्या ग्लोबल वार्मिंग और पर्यावरण प्रदूषण को लेकर चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि हमें छह ऋतुओं के बारे में पढ़ाया जाता है, लेकिन हम ग्लोबल वार्मिंग के कारण केवल तीन गर्मी, ठंड और वर्षा का ही अनुभव करते हैं। उसमें भी खासकर गर्मी रहती है, उसका कारण ग्लोबल वार्मिंग है। राष्ट्रपति ने ग्लोबल वार्मिंग को रोकने के उपायों के बारे में विद्यार्थियों के सुझाव लिये। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक किया। उन्होंने जल संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया तथा जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करने के लिए उन्हें अधिकाधिक पेड़ लगाने के लिए प्रोत्साहित किया। मुर्मू ने कहा कि हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए। हमें पानी की बबार्दी को कम करने और वर्षा जल संचयन के माध्यम से इसे संरक्षित करने के लिए भी कदम उठाने चाहिए। उन्होंने पानी के जल संरक्षण पर भी जोर दिया। पानी को बहने से बचाने, जरूरत से ज्यादा पानी की बबार्दी रोकने और पीने के पानी का इस्तेमाल केवल पीने में करने तथा वर्षा जल संरक्षण के लिए पिट बनाने की बात कही। राष्ट्रपति ने ग्लोबल वार्मिंग के कारणों पर भी चर्चा की और उद्योग लगाने के लिए पेड़ों के अधिक काटे जाने पर चिंता जताई। उन्होंने घरों में एसी के इस्तेमाल को कम करने और जंगल को सुरक्षित रखने की जरूरत पर बल दिया। साथ ही वायु प्रदूषण पर भी चर्चा की और इसे कम करने के उपायों के बारे में बताया। अपने संवाद की शुरूआत में राष्ट्रपति ने विद्यार्थियों से उनका नाम जाना और भविष्य में वे क्या बनना चाहते हैं, इसको लेकर प्रश्न किये।

## शिक्षा व्यवस्था को नष्ट करना चाहती है भाजपा-आरएसएस

एजेंसी



- उच्च शिक्षा के बजट में 9,600 करोड़ की भारी कटौती की गई
- यूजीसी के बजट में 61 प्रतिशत की भारी कटौती की गई है

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने गुरुवार को भाजपा-आरएसएस पर भारत की शिक्षा प्रणाली को नष्ट करने का आरोप लगाया लगाया। खरगे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि उच्च शिक्षा के बजट में 9,600 करोड़ की भारी कटौती की गई है। अंतरिम बजट में भी इसमें 16.38 प्रतिशत की कटौती की गई है। आईआईटी और आईआईएम के बजट में लगातार दूसरे साल कटौती की गई है। यूजीसी के बजट में 61 प्रतिशत की भारी कटौती की गई है। उन्होंने आगे लिखा, यूजीसी एक वैधानिक निकाय है, और इसे देश में एकमात्र अनुदान देने वाली एजेंसी माना जाता था, लेकिन मोदी सरकार ने इसकी शक्ति छीन ली है, जिससे इसकी स्वायत्तता खत्म हो गई है। यूजीसी की 'अनुदान' निधि की कार्यप्रणाली को उच्च शिक्षा वित्तपोषण एजेंसी (एचईएफए) ने हड़प लिया है, जो केनरा बैंक और शिक्षा मंत्रालय के बीच एक उद्यम है। यह न केवल कॉलेजों और विश्वविद्यालयों को अधिक स्व-वित्तपोषण पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए मजबूर करेगा, बल्कि एससी, एसटी, ओबीसी और ईडब्ल्यूएस छात्रों की वित्तीय समस्याओं को भी बढ़ाएगा।

उन्होंने आगे लिखा, भारत की शिक्षा प्रणाली पर मोदी सरकार का पांच तरफा हमला जारी है। विश्वविद्यालयों को नियंत्रित करना, स्वायत्त संस्थानों के धन को गला घोंटना, उनकी स्वायत्तता को कम करना, सार्वजनिक शिक्षा को नष्ट करना और युवाओं को धोखा देने के रूप में हमला लगातार जारी है!

## कर्नाटक सरकार ने नीट और 'वन नेशन, वन इलेक्शन' के खिलाफ किया प्रस्ताव पारित

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में कांग्रेस सरकार ने गुरुवार को भाजपा और जद (एस) विधायकों के कड़े विरोध के बीच राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) और 'वन नेशन, वन इलेक्शन' के खिलाफ प्रस्ताव पारित कर दिया। विधि मंत्री एचके पाटिल ने सदन में प्रस्ताव पेश किया, जिसके बाद स्पीकर यूटी खादर ने शोरगुल के बीच सदन में ध्वनिमत से प्रस्ताव पारित कर दिया। स्पीकर खादर ने बाद में घोषणा करते हुए कहा कि प्रस्ताव बहुमत से पारित हो गए हैं। 'वन नेशन, वन इलेक्शन' के खिलाफ प्रस्ताव पेश करते हुए पाटिल ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और केंद्र द्वारा इस संबंध में प्रस्ताव संविधान के सिद्धांतों के खिलाफ है।

## फु ट्रोंग के अंतिम संस्कार में शामिल हुए डोभाल

एजेंसी

**हनोई।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल वियतनाम की राजधानी हनोई में कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव गुयेन फु ट्रोंग के अंतिम संस्कार में शामिल हुए। गुयेन फू ट्रोंग का 19 जुलाई को हनोई में निधन हो गया था।



एजुकेशन/करियर

**रजनीश।** एक पुरातत्त्ववेत्ता, मानव प्रागैतिहासिक काल की स्टडी और मूल्यांकन करता है ताकि यह समझा जा सके कि मानव सभ्यता कैसे विकसित हुई है। वे खंडहर, मिट्टी के बर्तन, गुफा चित्र और निर्माण उपकरण आदि की खुदाई और रिकवरी करते हैं। वे अपने रिसर्च के माध्यम से जीवित प्रजाति के विकास की व्याख्या करते हैं। पुरातत्त्ववेत्ता मानव इतिहास की कुछ सबसे महत्वपूर्ण खोजों को उजागर करने के लिए जिम्मेदार हैं।

# पुरातत्व की पढ़ाई कर बना सकते हैं अपना करियर...





## पुरातत्त्ववेत्ता के प्रकार

- **जैव पुरातत्वविद् :** जैव पुरातत्वविद ऐसे पेशेवर हैं जो पुरातात्विक) स्थलों पर कंकाल के अवशेषों का अध्ययन करते हैं। इसमें विभिन्न स्पेसिफिकेशन जैसे मानव अवशेषों , प्राचीन रोग और आनुवंशिक से जुड़े अध्ययन शामिल हो सकते हैं।
- **पर्यावरण पुरातत्वविद् :** पर्यावरण पुरातत्वविद् लोगों के एक प्राचीन समूह और उनके प्रकृतिक वातावरण के बीच अंतर्संबंध का अध्ययन करते हैं। वे एक निश्चित समय में मौजूद पौधों, जानवरों और फसलों की जांच करते हैं और इसकी भी जांच करते हैं कि लोगों ने अपने दैनिक जीवन में उनका उपयोग कैसे किया। इनके कार्यों में प्रयोगशाला प्रयोग के साथ-साथ फील्ड स्टडी शामिल हैं।
- **लैंडस्केप पुरातत्वविद् :** लैंडस्केप पुरातत्वविद् विभिन्न लैंडस्केप में होने वाले नेचुरल और आर्टिफीसियल चेंज का अध्ययन करते हैं। वे मानव व्यवहार के साथ निवास और लैंडस्केप के बीच संबंध को समझने का प्रयास करते हैं। वे यह भी व्याख्या करते हैं कि कैसे एक लैंडस्केप चेंज, कल्चरल चेंज ला सकता है।
- **एथनो पुरातत्वविद् :** एथनो पुरातत्वविद् अतीत के बारे में ज्ञान प्राप्त करने के लिए लिविंग कम्युनिटीज की एथनोग्राफी जांच करते हैं। वे क्लू को उजागर करते हैं और एक निश्चित समय में रहने वाले लोगों की आदतें, संस्कृति और रीति-रिवाज में बहुमूल्य अंतर्दृष्टि प्रदान करते हैं।
- **समुद्री पुरातत्वविद् :** समुद्री पुरातत्वविद् मुख्य रूप से अंडर वाटर खंडहर का अध्ययन करते हैं और समुद्री पानी के नीचे शहर, जहाज और पुरातात्विक स्थल की खोज करते हैं। डूबे हुए सबूत खोजने के लिए, इन्हें अपने काम के अंतर्गत गहरे पानी में गोता लगाना होता है। रिसर्च के लिए परिष्कृत पुरातात्विक जैसे टूल्स का उपयोग करते हैं।
- **हवाई पुरातत्वविद् :** हवाई सर्वेक्षण और फोटोग्राफी का उपयोग करके, ये पुरातत्त्ववेत्ता नए खुदाई स्थल को खोजते हैं।
  विमानन पुरातत्वविद् : विमानन पुरातत्वविद् एयरक्राफ्ट, परित्यक्त एयरबस, रनवे या विमानन इतिहास से संबंधित ऐतिहासिक अवशेष की खोज और अध्ययन करते हैं। अपने द्वारा एकत्रित की गई जानकारियों द्वारा विमानन पुरातत्वविद् उन पुरानी घटनाओं को समझाने की कोशिश करते हैं जिनके कारण एयरप्लेन क्रैश हुए हैं।
- **वाणिज्यिक पुरातत्वविद् :** वाणिज्यिक पुरातत्वविद् उन वस्तुओं का अध्ययन करते हैं जिनका प्राचीन समूह के लोगों द्वारा व्यापार किया गया था। वे व्यावसायिक गतिविधियों में उपयोग किए जाने वाले ट्रांसपोर्टेशन के विभिन्न रूपों का भी अध्ययन करते हैं। वाणिज्यिक पुरातत्वविद् को प्राचीन व्यापार मार्ग, बंदरगाह, प्राचीन बाजार आदि की खोज भी करते हैं।
- **औद्योगिक पुरातत्वविद् :** औद्योगिक पुरातत्वविद्, इंडस्ट्री से संबंधित आर्टिफैक्ट्स और बाय-प्रोडक्ट के भौतिक अवशेष की खोज करते हैं। वे विभिन्न वस्तुओं के निर्माण के लिए उपयोग किए जाने वाले टूल्स और रॉ मेटेरियल के प्रकार को भी डिकोड करते हैं।

## पुरातत्त्ववेत्ता के कार्य

1. उत्खनन से प्राप्त कलाकृतियों की पहचान, विश्लेषण और डेटिंग करना।
2. उत्खनन स्थल पर मिली वस्तुएँ और अन्य संपत्ति का डेटा रिकॉर्ड रखना।
3. पिछली संस्कृति और मानव सभ्यता के अन्य पहलुओं के बारे में तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचने के लिए डेटा विश्लेषण करना।
4. भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) और कंप्यूटर डिजाइन (सीएडी) जैसे कंप्यूटर एप्लीकेशन का उपयोग करके साइट या आर्टिफैक्ट्स पास्ट में कैसी दिखती थीं, इसका पुरातात्विक अनुकरण विकसित करना।
5. खुदाई स्थलों का पता लगाने के लिए हवाई फोटोग्राफी और भूभौतिकीय सर्वेक्षण का उपयोग करना।
6. शोध और खोजों का दस्तावेज़ीकरण और रिपोर्ट लिखना।
7. उत्खनन कार्य के कर्मचारी प्रबंधन करना।
8. पुरातत्व सूची का रखरखाव करना।
9. कलाकृतियों की सफाई, बहाली और सुरक्षा का ध्यान रखना।
10. अंतर या समानता को समझने के लिए पुरातात्विक डेटा के माध्यम से एक उत्खनन स्थल के निष्कर्ष की तुलना किसी उत्खनन स्थलों से करना।

## भारतीय विश्वविद्यालय

- राष्ट्रसंत तुकड़ोजी महाराज नागपुर विश्वविद्यालय
- मैसूर विश्वविद्यालय
- कुवेम्पु विश्वविद्यालय
- पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय
- अनुमान कॉलेज
- सेंट जेवियर्स कॉलेज, मुंबई
- पंजाब विश्वविद्यालय
- आचार्य नागार्जुन विश्वविद्यालय
- इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय
- अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय
- केरल विश्वविद्यालय
- डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय
- दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय
- बनारस हिंदू विश्वविद्यालय
- मद्रास विश्वविद्यालय

## विदेशी संस्थान

- कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय
- ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय
- यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन (यूसीएल)
- डरहम विश्वविद्यालय
- हार्वर्ड विश्वविद्यालय
- कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, बर्कले (यूसीबी)
- स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय
- लीडेन विश्वविद्यालय
- कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, लॉस एंजिल्स (यूसीएलए)
- रोम के सैपिएन्ज़ा विश्वविद्यालय
- मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी)
- शिकागो विश्वविद्यालय
- एडिनबर्ग विश्वविद्यालय
- कोलम्बिया विश्वविद्यालय

## भारत के विश्वविद्यालयों में आवेदन प्रक्रिया, इस प्रकार है–

1. सबसे पहले अपनी चुनी हुई यूनिवर्सिटी की ऑफिशियल वेबसाइट में जाकर रजिस्ट्रेशन करें।
2. यूनिवर्सिटी की वेबसाइट में रजिस्ट्रेशन के बाद आपको एक यूजर नेम और पासवर्ड प्राप्त होगा।
3. फिर वेबसाइट में साइन इन के बाद अपने चुने हुए कोर्स का चयन करें जिसे आप करना चाहते हैं।
4. अब शैक्षिक योग्यता, वर्ग आदि के साथ आवेदन फॉर्म भरें।
5. इसके बाद आवेदन फॉर्म जमा करें और आवश्यक आवेदन शुल्क का भुगतान करें।
6. यदि एडमिशन, प्रवेश परीक्षा पर आधारित है तो पहले प्रवेश परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन करें और फिर रिजल्ट के बाद काउंसलिंग की प्रतीक्षा करें। प्रवेश परीक्षा के अंको के आधार पर आपका चयन किया जाएगा और लिस्ट जारी की जाएगी।

### पुरातात्विक कोर्सेज

- सर्टिफिकेट कोर्स इन एपिग्राफी
- सर्टिफिकेट कोर्स इन आर्कलोजी
- एडवांस डिप्लोमा इन एपीग्राफि
- डिप्लोमा इन आर्कलोजी
- बीए इन कल्चर एंड आर्कलॉजी